Page 11



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10





खेल

टी20 विश्वकप का खिताब जीतने के पीछे देश की दुआएं और अपनो का प्यार : मोहम्मद शमी

देश

अजित की एनसीपी के पिंपरी इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने शरद पवार के साथ जा...



कृष्ण पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 02 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 202 • पृष्ठ

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹72, 280 | ₹90,200 |

## आज का इतिहास

- 1916 : भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना।
- 1940 : भारतीय स्वतंत्रता नेता सुभाष चंद्र बोस को कलकत्ता में गिरफ्तार कर लिया गया था। सुभाष चंद्र बोस को संपूर्ण भारत में एक भारतीय राष्ट्रवादी और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख व्यक्ति के रूप में जाना जाता था। बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दो बार निर्वाचित अध्यक्ष और अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक के संस्थापक और अध्यक्ष थे।

## न्यूज बाइट्स

### लेडी डॉक्टर ने काट दिया पार्षद का प्राइवेट पार्ट

**मढ़ौरा (सारण) (नि.सं.)।** सारण जिले में सनसनीखेज वारदात ने सोमवार को इलाके में सनसनी फैला दी। एक लेडी डॉक्टर ने अपने ही प्रेमी का प्राइवेट पार्ट (गुप्तांग) काटकर बाथरूम में फ्लश कर दिया। मामला सारण जिले में मढ़ौरा नगर पंचायत का है। जानकारी के अनुसार, इस दिल दहलाने वाली दर्दनाक वारदात को अंजाम देने वाली महिला चिकित्सक एक निजी अस्पताल में कार्यरत है।

### एक्सिस बैंक से 29 लाख की लूट

**शेखपुरा (नि.सं.)।** शेखपुरा जिले के बरबीघा नगर क्षेत्र के श्री कृष्ण चौक पर स्थित एक्सिस बैंक में लूट की घटना घटी। यह घटना सोमवार की सुबह 10:20 पर घाटी। इसमें अपराधियों ने 28 लाख रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया। सभी अपराधी बाइक पर आए थे। हथियारबंद अपराधियों ने बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। इस बीच, बैंक आने वाले ग्राहकों को भी लूट लिया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बैंक के प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि बैंक खुलने के बाद सुबह 10:20 में 4 की संख्या में पीछे बैग लिए बदमाशों ने प्रवेश किया।

### नौवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पंजीयन प्रक्रिया शुरू

**शेखपुरा (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा नौवीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मैट्रिक परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले नौवीं के विद्यार्थी 14 जुलाई तक पंजीयन अवश्य रूप से करा लें। पंजीयन से पहले विद्यालय को बीएसईबी द्वारा निर्धारित की गई शुल्क 11 जुलाई तक जमा करना होगा। जिन विद्यार्थियों का शुल्क जमा होगा, वही विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीयन 14 जुलाई तक करा सकेंगे।

### सर्वेक्षण कानूनगो, अमीन को नियुक्ति पत्र कल

**शेखपुरा (नि.सं.)।** पटना जिला प्रशासन के अलग-अलग शाखाओं में तैनाती के लिए बुधवार को कर्मियों को नियुक्ति पत्र बांटा जाएगा। इनमें विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीन, विशेष सर्वेक्षण लिपिक आदि का पद शामिल हैं। डीएम सह बंदोबस्त पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है।

देश में लागू हुआ तीन अपराधिक कानून, अनुसंधान का बदल जायेगा तरीका, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा

# दंड की जगह न्याय देने वाला है नया कानून

- नए कानूनों में सबसे पहली प्राथमिकता महिलाओं व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों को
- तीनों कानून देश की 8वीं अनुसूची की सभी भाषाओं में उपलब्ध होंगे और केस भी उन्हीं भाषाओं में चलेंगे
- नए कानूनों में आज के समय के हिसाब से धाराएं जोड़ी गयी हैं और कई ऐसी धाराएं हटाई भी गयी हैं, जिससे देशवासियों को परेशानी थी
- नए कानूनों में दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता मिलेगी, देरी की जगह स्पीडी ट्रायल और स्पीडी जस्टिस मिलेगा और पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी
- किसी भी मामले में FIR दर्ज होने से सुप्रीम कोर्ट तक 3 साल में न्याय मिल सकेगा



नए आपराधिक कानूनों के बारे में कई प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य जनता के मन में इन कानूनों के बारे में भ्रम पैदा करना है। नए कानूनों को हर पहलू पर 4 वर्षों तक विस्तार से अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा करके लाया गया है और आजादी के बाद से अब तक किसी भी कानून पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई है।

\- अमित शाह

एजेंसी | नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एव सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देशभर में एक जुलाई 2024 से लागू हुए 3 नए आपराधिक कानूनों को दंड की जगह न्याय देने वाला और पीड़ित-केन्द्रित बताया। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता मिलेगी, देरी की जगह स्पीडी ट्रायल और स्पीडी जस्टिस मिलेगा और पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के बारे में कई प्रकार की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य जनता के मन में इन कानूनों के बारे में भ्रम पैदा करना है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को हर पहलू पर 4 वर्षों तक विस्तार से अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा करके लाया गया है और आजादी के बाद से अब तक किसी भी कानून पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली आज पूर्णतया स्वदेशी हो रही है और यह तीन नए कानून आज से देश के हर पुलिस थाने में लागू हो जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि इन कानूनों के आधार में दंड की जगह न्याय, देरी की जगह त्वरित ट्रायल और त्वरित न्याय को रखा गया है। इसके साथ ही पहले के कानूनों में सिर्फ पुलिस के अधिकारों की रक्षा की गई थी लेकिन इन नए कानूनों में अब पीड़ितों और शिकायतकर्ता के अधिकारों की भी रक्षा करने का प्रावधान है। अमित शाह ने कहा कि कल मध्यरात्रि से देशभर में प्रभाव में आए इन तीन नए कानूनों के लागू होने से हमारे देश की पूरी आपराधिक न्याय प्रणाली में भारतीय आत्मा दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि

- मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए पहले के कानून में कोई प्रावधान नहीं था लेकिन इन कानूनों में पहली बार मॉब लिंचिंग के लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान
- राजद्रोह का कानून जड़ से समाप्त, नए कानून में देशविरोधी गतिविधियों के लिए नई धारा जोड़ी गई
- तारीख पर तारीख से निजात मिलेगी, 7 साल या उससे अधिक की सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य
- किसी भी थाने में जाकर दर्ज करा सकेंगे एफआईआर, ई मेल भी कर सकते हैं
- नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मृत्युदंड का प्रावधान
- महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में 10 वर्ष तक की सजा

इन कानूनों में कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं जिनसे देश के नागरिकों को कई प्रकार के फायदे होंगे। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में अंग्रेजों के समय विवाद में रहे कई प्रावधानों को हटाकर आज के समय के अनुकूल धाराएं जोड़ी गई हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इन कानूनों में भारतीय संविधान की स्पिरिट के अनुरूप धाराओं ओर अध्यायों की प्राथमिकता तय की गई है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में सबसे पहली प्राथमिकता महिलाओं व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों को दी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों व महिलाओं के प्रति अपराध पर नया अध्याय, जिसमें 35 धाराएं और 13 प्रावधान हैं, जोड़कर इसे और भी संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए पहले के कानून में कोई प्रावधान नहीं था लेकिन इन कानूनों में पहली बार बार मॉब लिंचिंग को परिभाषित और इसके लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान किया गया है। श्री शाह ने कहा कि नए कानूनों में अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह का कानून जड़ से समाप्त कर दिया गया है।

### अनुसंधान का बदल जायेगा तरीका

नया कानून लागू होने पर सबसे बड़ा बदलाव होगा कि पुलिस जांच पदाधिकारियों के अनुसंधान का तरीका बदलेगा। डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा मिलने से गंभीर अपराध के घटनास्थल पर उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन किये जायेंगे। घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर जोर रहेगा। अपराध में मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, इंटरनेट आदि के बढ़ते उपयोग के आलोक में पुलिस पदाधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संग्रह कर न्यायालय में पेश करना होगा। इससे खास कर साइबर अपराधों में मामलों में त्वरित कार्रवाई हो सकेगी।

### ई-मेल से करें थानों को शिकायत

डिजिटल पुलिसिंग का फायदा होगा कि आम लोग इ-मेल से भी थानों को अपनी शिकायत भेज सकेंगे। इसके लिए बिहार पुलिस के वेबसाइट पर राज्य के सभी थानों के नंबर एवं इ-मेल आइडी की जानकारी दी गयी है। थानों के इ-मेल आईडी के माध्यम से संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। नये कानून में वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन पर जोर से सिर्फ बयान के आधार पर गलत दोषारोपण पर रोक लगेगी। पूरे राज्य में गिरफ्तार होने वाले व्यक्ति का फिंगरप्रिंट एनएएफआईएस डाटबेस में दर्ज किया जायेगा। इससे आपराधिक घटनास्थल पर मिलने वाले फिंगरप्रिंट का त्वरित मिलान फिंगरप्रिंट ब्यूरो के द्वारा पूरे देश में गिरफ्तार व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट डाटाबेस से किया जा सकेगा।

## वज्रपात से सात लोगों की मौत पर सीएम ने जताया शोक

**पटना (नि.सं.)।** बीते 24 घंटे में राज्य के छह जिलों में वज्रपात से सात लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।



उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का भी निर्देश दिया है। रविवार की रात से सोमवार की शाम तक वज्रपात से औरंगाबाद में दो के अलावा बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भागलपुर और दरभंगा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में सतर्कता बरतें। वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें।

## कौन होगा भारत का अगला टी-20 कप्तान

**नई दिल्ली (ए.)।** 29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता। चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हैं। अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा।

# शिक्षा विभाग ने दो डीईओ, दो डीपीओ और चार स्टाफ को किया निलंबित

निज संवाददाता | पटना

बिहार के शिक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती गई गंभीर अनियमितताओं के मामले में किशनगंज जिले के वर्तमान और पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ), दो जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) और चार अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है। कार्रवाई के संबंध में सोमवार को विभाग की ओर से निदेशक प्रशासन सुबोध कुमार चौधरी द्वारा आवश्यक संकल्प जारी कर दिया गया है। विभाग ने यह कार्रवाई किशनगंज के जिला पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है।

इन अधिकारियों पर हुई कार्रवाई - सख्त कार्रवाई को लेकर जारी संकल्प के अनुसार किशनगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी मोतिउर रहमान और किशनगंज जिले में पदस्थापित तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी वर्तमान में गोपालगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी सुभाष कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। प्रारंभिक एवं समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सूरज कुमार झा और स्थापना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा को भी निलंबित किया गया है। किशनगंज के जिला शिक्षा परियोजना किशनगंज कार्यालय में पदस्थापित कार्यक्रम सहायक उत्तम कुमार और कार्यक्रम समन्वयक तुफैल को इस अनियमितता में दोषी माना गया है। इनमें से उत्तम कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है। तुफैल की सेवा समाप्ति के लिए राज्य परियोजना निदेशक को पत्र लिखा गया है। किशनगंज के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापित लिपिक तौकीर आलम और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापित एक अन्य लिपिक अरुण कुमार को भी इस मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। इसमें से तौकीर आलम को निलंबित कर दिया गया है और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

अरुण कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है। इन दोनों कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के लिए शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सुबोध कुमार चौधरी ने पूर्णिया प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को पत्र लिखा है।

## अब शिक्षा विभाग में 38 कर्मियों को किया गया इधर से उधर

**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा विभाग के कार्यालय में वर्षों से कार्यरत 38 कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। वहीं, 28 कर्मी पटना प्रमंडल के विभिन्न जिलों से यहां पदस्थापित किए गए हैं। स्थानांतरित कर्मियों को शीघ्र ही नए स्थान पर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। स्थानांतरण की कार्रवाई पटना प्रमंडल के क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक स्तर से की गई है। हालांकि, इस स्थानांतरित प्रक्रिया के बाद जिले का शिक्षा विभाग कार्यबल की कमी का दंश झेलेगा। कारण कि पूर्व से स्वीकृत 51 कार्यबल की संख्या में विभाग ने कटौती करते हुए 43 कर दिया है। जिन कर्मियों का यहां से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया गया है, उनमें संजय कुमार को पीटीईसी मसौढ़ी, अनिल कुमार प्रथम को डीईओ कार्यालय पटना, अनिल कुमार सिंह को कैमूर, उमाकांत ओझा को पीटीईसी बाढ़, डायट के शशिभूषण प्रसाद को डायट मोहनिया भेजा गया है। इसके अलावा अवनिंद्र चंद्र वर्मा को पटना, प्रमोद कुमार सिंह को कैमूर, अशोक कुमार को डायट विक्रम, नागेश्वर साह को बक्सर, राज नारायण राम को पटना, धर्मेंद्र कुमार को नालंदा, भालचंद शर्मा को बक्सर, बजरंग बली प्रसाद विद्यालय उपनिरीक्षक बक्सर भेजा गया है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा मृतक के आश्रितों को किया गया हित लाभ प्रदान



निज संवाददाता | पटना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार द्वारा कर्मचारी नेता सीपी सिंह की उपस्थिति में मेसर्स बिहार होटल लिमिटेड होटल मौर्या पटना में सादे समारोह में मेसर्स बिहार होटल लिमिटेड पटना में कार्यरत कैलाश मंडल की मृत्यु के उपरांत उनकी आश्रिता पत्नी मीना देवी एवं पुत्र अहित कुमार उमाशंकर कुमार मंडल व अभिषेक कुमार को आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। इस मौके पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के राज्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजय कुमार केशरी एवं होटल मौर्या के बीडी सिंह (निदेशक होटल मौर्या) राजीव कुमार सीएफओ एवं उपेश कुमार (एचआरएम) उपस्थित रहे। स्व. कैलाश मंडल की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया।

## प्रो. पीसी महालनोविस को देश के सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए योगदानों को लेकर किया गया याद

निज संवाददाता | पटना




सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) भारत सरकार, पटना द्वारा प्रो0 पी. सी. महालनोविस के देश के सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए योगदानों को स्मरण करते हुए 'राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस' मनाया गया। वर्ष 2024 का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर थीम है- 'यूज ऑफ डाटा इन डीसीजन मेकिंग' है। कार्यक्रम रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मौके पर उप महानिदेशक ने प्रो. महालनोविस के द्वारा दिए गए महालनोविस मॉडल पर विस्तृत चर्चा की और बताया कि इस मॉडल ने द्वितीय पंचवर्षीय योजना 1956-61 ने अर्थव्यवस्था को एक नया मोड़ दिया। औद्योगिकरण के क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना संभव हो सका। अतिथि वक्ता एएन सिन्हा सामाजिक संस्थान के प्रो. राकेश तिवारी एवं बीएस कॉलेज, दानापुर के प्रो. रीता कुमारी ने 'यूज ऑफ डाटा इन डीसीजन मेकिंग' के संदर्भ में बताया कि मार्केट ट्रेंड एवं आर्थिक नीति निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डाटा की बहुलता के कारण ही समूचित नीतियां बन रही है। आर्केड बिजनेस कॉलेज के प्रो. रश्मि गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया। स्वागत भाषण कार्यालय के उपनिदेशक, परिमल ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक, अभिषेक गौरव ने दिया।

मंच संचालन प्रियंका कुमारी, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने की। इस अवसर पर कॉलेज के आमंत्रित छात्रों/छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को उपमहानिदेशक रोशन लाल साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति से मिले भाजपा नेता आरके सिन्हा

**पटना(नि.सं.)।** भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद देवदास आप्टे (बापू आप्टे) भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद आरके सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपति से मिलेट के उत्पादन और प्रसार के साथ ही अवसर ट्रस्ट की ओर से मेधावी गरीब बच्चों को आईआईटी, एनआईटी के लिए सफलतापूर्वक तैयार किये जाने के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। राष्ट्रपति से बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में 19 अक्तूबर को आने का विनम्र आग्रह किया जिस पर उन्होंने सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया।



# सासाराम : ट्रैक्टर से कार की भिड़ंत पति-पत्नी समेत तीन की मौत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम से दुखद खबर है। एक सड़क दुर्घना में पति-पत्नी तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि बेटी जख्मी हो गई। एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के उनकी कार की भिड़ंत में यह हादसा सामने आया। घटना सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र में खंडा गांव के समीप अमरातलाब-अकोढ़ीगोला पथ पर हुई। सोमवार को ट्रैक्टर व कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार तीन की मौत हो गई। जबकि, एक घायल को चिंताजनक स्थिति में इलाज के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरा तालाब-अकोढ़ीगोला पथ पर कार की ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। वहीं, कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्ची घायल हो गई। उनकी पहचान राजपुर के पडरिया निवासी स्व. मनी पांडेय के 55 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र पांडेय व उनकी पत्नी मीना देवी व खुढ़नू गांव निवासी गुड्डू के रूप मे की गयी है। इस हादसे में मृत दंपती की बेटी संध्या कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को इलाज के लिए एनएमसीएच जमुहार में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया। दर्दनाक हादसे की सूचना पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक साथ तीनों शवों को वाहन से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर पुलिस ने भिजवाया गया।

प्राचार्य और डीईओ आपस में करेंगे समन्वय

# बिहार के सरकारी स्कूलों में बच्चों को ट्यूशन देंगे कॉलेज के टीचर

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में अब बच्चों को कॉलेजों के टीचर ट्यूशन देंगे। शिक्षा विभाग ने बच्चों में विज्ञान को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए इस योजना की शुरुआत की है। शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि अब सरकारी स्कूलों के बच्चों को इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक कॉलेजों के शिक्षक पढ़ाएंगे। इन कॉलेज शिक्षकों को रोस्टर बनाकर हर दिन एक घंटा पढ़ाना है। उन्हें 15 वें दिन अपनी रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य



सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ और विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं।

मुजफ्फरपुर समेत सभी जिलों के कॉलेजों के प्राचार्य और डीईओ को आपस में समन्वय कर इसे करवाने का जिम्मा मिला है। अपर मुख्य सचिव और विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव ने कहा है कि इंजीनियरिंग कॉलेजों में नियमित शिक्षकों के साथ बीपीएससी से भी हाल के दिनों में शिक्षक बहाल हुए हैं। यह आदेश खासकर ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के बच्चों को पढ़ाने के लिए दिया गया है। रोस्टर बनाकर हर दिन एक घंटा पढ़ाना है।

### 15 वें दिन जमा करनी है रिपोर्ट

हर 15 वें दिन अपने पढ़ाए हुए की रिपोर्ट जमा करनी है। सरकार के महत्वाकांक्षी सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय इंजीनियरिंग और पोलिटेक्निक कॉलेज स्थापित हैं। इन में शिक्षकों के रहने के भी इंतजाम हैं। इनके खुलने से गांव के बच्चों में भी उच्च शिक्षा को हासिल करने की लालसा पैदा होगी। बच्चों के साथ ही पूरे समाज के लिए जरूरी है कि इन संस्थानों में कुशल और योग्य टीचर हों, ताकि सुदूर गांव में रहकर पढ़ाई कर रहे बच्चों को भी प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी में मदद मिल सके।

## श्री अमरनाथ यात्रा का चौथा जत्था जम्मू बेस कैंप से रवाना

**जम्मू कश्मीर (ए.)।** श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6461 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था सोमवार को जम्मू से रवाना हुआ। यात्रा यहां भगवती नगर आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर में स्थित पवित्र गुफा के लिए बालटाल और पहलगाम के दो मार्गों के लिए रवाना हुई। 4140 श्रद्धालु पहलगाम के रास्ते से और 2321 तीर्थयात्री बालटाल के रास्ते से रवाना हुए। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 28 जून को भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

## 20 हजार घूस मांगने के आरोप में महिला दरोगा हुई सस्पेंड

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर के एक महिला दरोगा को फोन पर घूस मांगने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। सरैया थाने की महिला सब इंस्पेक्टर संवेदना स्नेही का रविवार को अपहरण के मामले में रिश्वत मांगने का ऑडियो सामने आया था। इसी को आधार बनाते हुए सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने एसआई पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। एसएसपी राकेश कुमार ने उन्हें सस्पेंड किया है।

दरअसल, ये पूरा मामला नाबालिग के अपहरण से जुड़ा है। सरैया थाना में प्रेम-प्रसंग में नाबालिग लड़की के अपहरण का केस दर्ज हुआ था, जिसकी छानबीन एसआई स्नेहा कर रही थीं। महिला दरोगा पर आरोप है कि इस केस में आरोपी का नाम का काटने के लिए उन्होंने 20 हजार रुपए घूस ली। हालांकि, वायरल ऑडियो सामने आने पर सब इंस्पेक्टर का कहना है कि 20 हजार उसे नहीं मिले। ऑडियो सामने आने के बाद एसएसपी ने महिला दरोगा को सस्पेंड कर दिया है। ऑडियो सामने आने के बाद एसएसपी ने महिला दरोगा को सस्पेंड कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत से काम करने के बाद घर लौटी महिला की मौत

**टिकारी।** टड़वां गांव के डीलर राजदेव पासवान की 50 वर्षीय पत्नी तेतरी देवी की खेत से काम कर घर लौटने के बाद अचानक मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि तेतरी देवी गांव के बधार में काम करने गई थी। घर लौटने पर वह मूर्छित होकर गिर गई। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला किसान तेतरी देवी के आकस्मिक मौत पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष व बरमा पंचायत के मुखिया चितरंजन कुमार, उप प्रमुख नागेंद्र पासवान, औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के राजद के वरिष्ठ नेता अजय कुमार दांगी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार, मगध दुग्ध उत्पादन संघ के चेयरमैन जितेंद्र कुमार यादव समेत कई लोगों ने दुःख व्यक्त किया है।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**टिकारी।** मउ थाना की पुलिस ने विवाहिता की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मउ एसएचओ राहुल कुमार ने बताया कि मउ थाना क्षेत्र के तेलहा ग्राम से हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी मधुसूदन मांझी को गिरफ्तार किया है। मधुसूदन मांझी पर बहू की हत्या करने का आरोप है। मउ थाना क्षेत्र के सुपटा अनुसूचित टोला के राजवल्लभ मांझी के फर्द बयान पर पुत्री उर्मिला देवी की हत्या का आरोप दामाद संजय मांझी व उसके पिता मधुसूदन मांझी लगाया गया था। घटना के बाद से मधुसूदन मांझी फरार चल रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

### रौशन हत्याकांड में दो संदिग्ध लोग हिरासत में लिए गए

**टिकारी।** रौशन हत्याकांड में पुलिस को कई अहम सुराग मिले है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में रखा है। पुलिस द्वारा घटना का सफल उद्भेदन जल्द ही कर लिये जाने का दावा किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने कई जगह पर सीसीटीवी कैमरे की जांच की है। वहीं मृतक रौशन के मोबाइल की निकली सीडीआर से भी पुलिस को सुराग मिले है। मिले सुराग के आधार पर पुलिस द्वारा दो संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा संदिग्धों को घटनास्थल पर ले जाया गया व जानकारी जुटाई गई। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटना का अनुसंधान सभी दृष्टिकोण से किया जा रहा है। शीघ्र ही घटना को अंजाम देने में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मालूम हो कि बीते शुक्रवार को पुलिस ने टिकारी राज इंटर स्कूल के छात्रावास से एक युवक का शव पेड़ से लटका बरामद किया था। परिजनों ने युवक की हत्या कर पेड़ से लटका दिये जाने का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार रविवार को रानीगंज पहुंचे मृतक रौशन के परिजनों से मिले। परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली गहरी शोक संवेदना प्रकट की। डॉ अनिल कुमार ने मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया कि प्रावधान के अनुसार सभी तरह की मदद पहुंचाई जाएगी। वहीं स्थानीय अधिकारियों से बात कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर मौजूद शिक्षक सह सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धार्थ कुमार व अधिवक्ता राम कुमार ने विधायक को घटना की पूरी जानकारी दी।

### तीन माह बाद जू-सफारी में दिखेगा दो और तेंदुआ

**राजगीर।** राजगीर पर्यटन स्थल राजगीर स्थित जू- सफारी पार्क में नौ माह पूर्व तेंदुआ ने दो बच्चे को जन्म दिया था। अब जू सफारी पार्क में तेंदुआ की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। तेंदुआ के दोनों बच्चे बिल्कुल स्वस्थ हैं और इन्हें चिकित्सकों की देखरेख में रखा जा रहा है। दोनों शावक तेंदुआ अपनी मां के साथ रह रहा है। जिसके कारण उसकी मां को भी जंगल में नहीं छोड़ा जा रहा है। 12 माह का होने के बाद ही बच्चों को मां के साथ जंगल में छोड़ा जा सकता है। जू सफारी पार्क के रेंजर राकेश कुमार ने बताया कि 12 महीने के होने के बाद ही बच्चों को जंगल में मां के साथ छोड़ा जा सकता है। इसके बाद जू सफारी पार्क में पर्यटकों को दो और तेंदुआ देखने को मिलेगा।

### बारिश होते ही बिचड़ा गिराने में जुटे किसान

**रहुई।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की रात हुई बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। पिछले एक महीने से उमस भरी गर्मी से लोग काफी परेशान थे। शनिवार की शाम प्रखंड क्षेत्र में दो घंटे तक हल्की बारिश हुई। बारिश होते ही किसान अपने-अपने खेतों में धान का बिचड़ा गिराने में जुट गये। प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया बारिश से किसानों में खरीफ फसल होने की उम्मीद जगी है। रात्रि में बारिश होने से रविवार की सुबह किसान अपने खेतों में धान का बिचड़ा गिराने में जुट गए। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 12.6 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश से किसानों को काफी फायदा हुआ है। प्रखंड क्षेत्र में ट्यूबवेल के सहारे अभी तक मात्र 60 प्रतिशत धान की नर्सरी की बुवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि किसानों को अनुदानित दर पर धान बीज का वितरण किया जा रहा है।

### संदिग्ध हालत में 12 वर्षीय बच्चे की मौत

**रहुई।** थाना क्षेत्र के उतरनावां गांव में रविवार को संदिग्ध हालत में बच्चे की मौत हो गई। मृतक बब्लू राम का 12 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार है। परिवार ने बताया कि बालक घर में अचेत था। उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ के एक निजी क्लिनिक ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस शव के पोस्टमार्टम कराने की प्रकिया में जुट गई।

### शैक्षिक फिल्म प्रदर्शन के लिए भेजी जाएगी 10% राशि



**गया।** जिले के विद्यालयों में शैक्षिक फिल्म प्रदर्शन के लिए दस फीसदी सरकारी अंशदान की राशि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार, पटना को भेजी जाएगी। इस बाबत जारी केंद्रीय शिक्षा उप निदेशक मगध प्रमंडल, गया के पत्र के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी राजकीय, राजकीयकृत, प्रोजेक्ट, उत्क्रमित, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं। विद्यालयों में प्रत्येक छात्र-छात्राओं से तीन रुपए प्रति माह शुल्क प्राप्त कर फीचर सह शैक्षिक फिल्मों के प्रदर्शन शुल्क 10 प्रतिशत सरकारी अंशदान की राशि को एससीईआरटी के ऑडियो-विजुअल कमेटी के बैंक अकाउंट में भेजते हुए उसका अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास व शिक्षा के गुणात्मक उद्देश्य की पूर्ति व पाठ्यक्रम को सुगम बनाने के लिए अधिकृत प्रदर्शक के माध्यम से विद्यालयों में शैक्षणिक, सामाजिक व देशभक्ति आदि फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता है। इसमें अधिकृत प्रदर्शक का पारिश्रमिक 75 प्रतिशत, विद्यालयों की व्यवस्था का अंश 15 प्रतिशत और सरकारी अंशदान 10 प्रतिशत का उपयोग निर्धारित है। एससीईआरटी की ट्रेनिंग को 571 शिक्षक चयनित राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना द्वारा संचालित छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए जिले के प्राथमिक विद्यालयों के 571 शिक्षकों का चयन किया गया है। एक जुलाई से इन शिक्षकों की विभिन्न जिलों के ट्रेनिंग सेंटर पर प्रशिक्षण शुरू होगा। चयनित शिक्षकों को भाषा और अंक गणितीय ज्ञान की बारीकियां सिखाई जाएगी। इसके साथ ही उनके पढ़ाने के तरीके को प्रभावी बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को डिजिटल उपकरण व कंप्यूटर चलाना भी सिखाया जाएगा, ताकि ये शिक्षक कक्षा-कक्ष में बेहतर ढंग से बच्चों को पढ़ा सकें। शिक्षा विभाग ने ट्रेनिंग की जिम्मेदारी एससीईआरटी को सौंपी है। एक जुलाई से छह जुलाई तक प्रशिक्षण का संचालन किया जाएगा। 13 शिक्षकों को सीटीई दाउदनगर, औरंगाबाद, 300 शिक्षकों को पीटीईसी मसौढ़ी, पटना, 250 शिक्षक बाढ़ और आठ शिक्षकों को जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान, दाउदनगर, औरंगाबाद भेजा गया है।

# ससुराल के कुएं में मिली मां-बेटे की लाशें, हत्या का आरोप

## कहा- बेटी काली थी, इसलिए पति सहित पूरा परिवार नहीं करता था पसंद

**निज संवाददाता। गया**

गया में मां और चार साल के बेटे की लाशें घर के कुएं में मिलीं। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर लाश फेंकने का आरोप लगाया है। मृतकों में सविता देवी उर्फ मुन्नी देवी और मुन्नी का बेटा गुड्डू है। परिजनों के अनुसार मुन्नी काली थी, इसलिए ससुराल वाले उसे पसंद नहीं करते थे। रुपयों के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता था। वे लोग कहते भी थें कि मारकर फेंक देंगे। वारदात के बाद ससुराल के सभी सदस्य फरार हैं। हालांकि मायके वालों को घटना की सूचना मृतका के पति ने ही दी थी। कहा था कि मां-बेटे ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना अति नक्सल प्रभावित सिन्धुगढ़ थाना क्षेत्र के जरलाही गांव की है।



**2018 में दहेज देकर की थी शादीः** मृतका के भाई सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि 2018 में बहन की शादी जरलाही के राहुल कुमार से की थी। बहन की सुंदरता को लेकर वे नाराज थे। वे कहते थे कि सविता काली है। सुंदर नहीं है। इसे मार कर फेंक देंगे। हमलोगों ने दहेज देकर शादी की थी। बावजूद वे अक्सर रुपए के लिए बहन के साथ मारपीट करते थे। रंग भेद को लेकर पंचायती भी हुई थी, लेकिन वे नहीं माने। सविता और उसके बेटे गुड्डू (4) को मार कर कुएं में फेंक दिया। घटना की सूचना खुद दामाद राहुल कुमार ने मोबाइल से दी है। उसने फोन कर कहा कि सविता अपने बेटे के साथ कुएं में कूद कर मर गई है। आपलोग आकर देख लीजिए। सूचना के बाद से सविता के ससुराल के सभी सदस्य फरार हैं।

**डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाया गयाः** थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि घटना स्थल की जांच की जा रही है। मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने हत्या की है। ससुराल वाले गांव घर छोड़ कर फरार हो गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब तक मृतका के मायके वालों ने पुलिस को आवेदन नहीं दिया है। पुलिस का कहना है कि शव को घर के पिछवाड़े की तरफ कुएं से बरामद किया गया है। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है।

# सड़क किनारे खड़ी स्कूल बस में लगाई आग



**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के सिन्धुगढ़ थाना क्षेत्र के केवला गांव में सड़क किनारे खड़ी एक स्कूल बस में देर रात किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी। आग लगने से पूरी बस जल कर राख हो गई। आशंका जताई जा रही है कि किसी नक्सली संगठन ने घटना को अंजाम दिया है। हालांकि इस बात की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं है। पुलिस मामले जांच में जुटी है।

**गांव वाले ने घटना की सूचना दीः** सिन्धुगढ़ थाना क्षेत्र के केवला गांव निवासी विजय मांझी स्कूल बस का संचालक है। शाम को बस गांव में खड़ी कर अपने घर चले जाता। सुबह उस क्षेत्र के बच्चों को बस से लेकर फतेहपुर आया करता था। विजय मांझी ने बताया कि रात करीब दो बजे किसी गांव वाले ने बस में आग लगी हुई देखा तो घटना की सूचना दी। मौके पर जा कर देखा तो पूरी बस में आग लगी हुई थी। बस के ड्राइवर ने बताया कि घटना की सूचना डायल-112 को दी गई थी लेकिन दूरी और रात होने की वजह से समय रहते नहीं पहुंच सकी। इस बीच आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन बस पूरी तरह से जल चुकी थी। सिन्धुगढ़ थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बस में आग किसने लगाई यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एयरटेल का मोबाइल टावर उड़ाया था, गया में गिरफ्तार

**निज संवाददाता। गया**

गया में 10 वर्षों से फरार चल रहे एक नक्सली को डुमरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बीते दस वर्ष से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लम्बे समय से जुटी थी। आरोपी के विरुद्ध डुमरिया थाने में एयरटेल कम्पनी के टावर को विस्फोट कर उड़ा दिया था। थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 को 50 से अधिक की संख्या में रहे नक्सलियों ने एयरटेल के टावर को ध्वस्त कर दिया था। इससे सरकार और कम्पनी को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इस मामले अब तक कई नामजद आरोपी पकड़े जा चुके हैं लेकिन विकास सिंह उर्फ भोला सिंह भोक्ता पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। पुलिस ने सोहैल थाना क्षेत्र के पठल घस गांव से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अजमानतीय वारंट कोर्ट से जारी था। डुमरिया थाना की पुलिस का कहना है कि नक्सली इन दिनों अपने गांव



में आया हुआ था। गुप्त सूचना के आधार पर देर रात भोला सिंह भोक्ता के घर की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं गुरारू पुलिस ने बीते दिनों तिनेरी गांव में हुई हत्या के मामले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण प्रेम सम्बन्ध बताया गया है। डीएसपी विधि व्यवस्था खुर्शीद आलम ने बताया कि इस मामले में मृत्युंजय कुमार और शक्ति कुमार को गिरफ्तार किया गया है। शक्ति कुमार ने ही मारे गए अंकित कुमार को रात के समय फोन कर बुलाया था और मृत्युंजय ने अंकित (18) की कनपटी और छाती में गोली मारी थी।

# पहली बार बस के आगे कूदा, बचा, दूसरी बार मौत

**निज संवाददाता। गया/औरंगाबाद**

गया में चलती बस के नीचे कूदकर सुसाइड करने वाले शख्स की पहचान हो गई है। 60 साल के राजबल्लभ बिंद औरंगाबाद के बंदया थाना के झिकटिया गांव के रहने वाले थे। राजबल्लभ बिंद प्राइवेट कॉलेज में क्लर्क थे और कुछ सालों से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। उनका बेटा बिहार पुलिस में सिपाही है। वो पटना में पोस्टेड है। शुक्रवार को उनका बस के सामने कूदकर सुसाइड का वीडियो सामने आया था। वीडियो बना रहे युवक ने पुलिस को बताया कि कुछ देर पहले भी उन्होंने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। बस ड्राइवर ने समय रहते ब्रेक लगा दिया जिससे उसकी जान बच गई थी। थोड़ी देर बात वो दूसरी बस के सामने कूद गए। बस के पिछले पहिए के नीचे आने से उसकी मौत हो गई।

**पिता के लिए नया घर बना रहा था बेटाः** राजबल्लभ बिंद के बड़े बेटे अजय बिंद ने बताया कि गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर एक नया मकान बना रहे थे। पूरे परिवार के साथ वही रहना चाहते थे, लेकिन यह सपना पूरा ना हो सका। पिछले 10 साल से पिता को कंपन और आपा खोने की मानसिक बीमारी थी। उनका गया में इलाज भी चल रहा था।

**बस के आते ही पिछले पहिए के सामने कूदेः** दरअसल, शुक्रवार की शाम गया शहर में राजबल्लभ प्रसाद बिंद ने चलती बस के नीचे



आकर अपनी जान दे दी थी। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी डेल्हा मुख्य मार्ग में हुई थी। राजबल्लभ का सिर बुरी तरह से कुचलते हुए बस आगे निकल जाती है। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त वो बनियान और लूंगी पहने थे।

**प्राइवेट कॉलेज में क्लर्क थेः** अजय बिंद कहते हैं कि पिता पहले औरंगाबाद स्थित एक प्राइवेट कॉलेज में क्लर्क थे, लेकिन बीमारी की वजह से उन्होंने काम छोड़ दिया था। उनका इलाज गया में चल रहा था। यहां छोटा भाई गौतम कुमार बीए पार्ट वन की पढ़ाई कर रहा है। पिता, गौतम के साथ ही रहते थे। हम लोग चार बहन दो भाई हैं। अजय के अनुसार, घटना के दिन शुक्रवार को भी पटना से दवा लेकर मैं और छोटा भाई गया पहुंचे थे। कुछ देर बाद छोटा भाई ट्यूशन चला गया और इधर मैं भी घर से बाहर निकल गया और पापा ने चलती बस के पिछले पहिए के नीचे कूद कर जान दे दी।

◆ **सिपाही बेटा बोला- उनके लिए नया घर बनवा रहा था, 10 साल से मानसिक बीमार थे**

**बिहार पुलिस में सिपाही है बेटाः** अजय बिहार पुलिस में सिपाही हैं और पटना पुलिस लाइन में पोस्टेड हैं। उन्होंने बताया कि पिता पूरी तरह से दवा पर ही रह रहे थे। एक से दो दिन अगर दवा नहीं मिलती थी तो वे फिर से वही हरकत करने लगते थे। बदन में कंपन शुरू हो जाता था और वो गुस्से में इधर-उधर भागने लगते थे। फिर बड़ी मुश्किल के बाद उन्हें शांत किया जाता था। इधर, डेल्हा थानाध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र ने बताया कि पुलिस छानबीन करते हुए सुसाइड का वीडियो शूट करने वाले राजेश तक पहुंची। राजेश ने पूछताछ में बताया कि राजबल्लभ ने इस घटना से ठीक कुछ देर पहले भी एक बस के आगे छलांग लगा सुसाइड का प्रयास किया था, लेकिन ड्राइवर ने ब्रेक लगा उन्हें बचा लिया था। इसके बाद मौके पर जुटे लोगों को बुजुर्ग को समझाया और चले गए। राजेश भीड़-भाड़ देख वीडियो बनाने लगा। इसी बीच दूसरी बस आई और राजबल्लभ ने उसके पिछले पहिए के नीचे कूद अपनी जान दे दी। इस वजह से यह वीडियो भी शूट हो गया।

# जदयू कार्यक्रम में बार-बालाओं के लगे ठुमके

## बिना प्रशासनिक परमिशन के नाच-गाने का हुआ आयोजन, जीत की खुशी में मनाया जश्न

**निज संवाददाता। नालंदा**

राजगीर के एक होटल में सांसद कौशलेंद्र कुमार की जीत और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद संजय झा को बनाने की खुशी में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नालंदा जदयू जिला व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजयकांत ने कार्यक्रम आयोजित कराया था। जिसमें बार-बालाओं को भी बुलाया गया था। जिसका वीडियो भी सामने आ रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ठुमके लगाए जा रहे। राजगीर प्रशासन से राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति ली गई थी, लेकिन बार-बालाओं के नृत्य का परमिशन नहीं लिया गया था। व्यवसायिक और उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजयकांत का पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिलः** कार्यक्रम में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बेबी मंडल, प्रदेश महासचिव अवधेश मुखिया, प्रदेश सचिव त्रिलोक दास, नालन्दा शिक्षा



प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद, जगलाल चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष नालंदा धीरज पटेल, नगर अध्यक्ष रितेश कुमार, राजगीर प्रखंड अध्यक्ष जयराम, छात्र प्रखंड अध्यक्ष अनमोल वर्मा, बादल कुमार समेत जदयू के कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

**पहले भी वीडियो सामने आ चुका हैः** जदयू के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अरशद ने कहा कि मुझे इस कार्यक्रम की जानकारी नहीं है। व्यवसायिक प्रकोष्ठ ने अपने स्तर से कार्यक्रम कराया है। पूर्व में भी ऑडियो और वीडियो व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष का वायरल हुआ है। जिसकी जांच प्रदेश के पदाधिकारी कर रहे हैं। यह बेहद ही निंदनीय है।

**एक सप्ताह पहले वीडियो आया थाः** सप्ताह भर पूर्व ही जदयू नेता का ऑडियो और वीडियो वायरल हुआ था। जहां ऑडियो में वे ग्रामीण विभाग में 1400 पोस्टिंग अपने अंडर में रहने की बात कह रहे थे। वहीं, रिश्तेदार से उनके बच्चों को ग्रामीण विकास में नौकरी लगवा देने की बात कह रहे थे। वहीं, वायरल वीडियो में जदयू नेता पुलिस को हड़काते हुए दिख रहे थे। जिसमें वह कह रहे थे कि मैं डायरेक्ट सीएम हूं यह मान कर चलिए।

**पार्टी संज्ञान लेगी और कार्रवाई करेगीः** जिला जदयू नालन्दा के मुख्य प्रवक्ता धनजंय देव ने कहा कि मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हो रही है। जनता दल यूनाइटेड का यह कार्यक्रम नहीं था और जिन लोगों ने इस कार्यक्रम को करवाया है। उनपर पार्टी सख्त कार्रवाई करेगी। हमारी पार्टी का इस कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं और जो इस तरह का कुकृत्य कर रहे हैं। उनपर पार्टी संज्ञान लेगी और कार्रवाई करेगी।

# नालंदा में मोबाइल के विवाद में रायफल से फायरिंग

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सोनावां गांव में रविवार की शाम एक युवक ने भीड़ पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि किसी को गोली लगी नहीं। किसी ने गोली चलाते युवक का वीडियो बनाकर थानाध्यक्ष को भेज दिया। पुलिस ने गांव पहुंचकर आरोपित आदिल को गिरफ्तार कर लिया है। हथियार की तलाश जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को दो पक्ष के बच्चों के बीच मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ा तो आरोपित आदिल घर से राइफल निकालकर गोली चलाने लगा। गोली चलते ही भगदड़ मच गयी। लोग इधर-उधर भागने लगे। इधर, गोलीबारी के बाद आरोपित ने हथियार छिपा दिया।



**क्या बोले थानाध्यक्षः** वीडियो मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह दलबल के साथ गांव पहुंचे। आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गांव में भीड़ पर फायरिंग करने की सूचना मिली थी। आरोपित को गिरफ्तार कर हथियार की बरामदगी के लिए प्रयास किया जा रहा है। जबकि छापेमारी के क्रम में आदिल के घर से एक कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है।वायरल हो रहे वीडियो में भी दिख रहा है कि आदिल हाथ मे रायफल लेकर बीच सड़क पर खड़ा है और फायरिंग का प्रयास कर रहा है।

नालंदा में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

# अर्धनिर्मित हथियार के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, पहले भी जा चुका है जेल

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के चिकसौरा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में चिकसौरा पुलिस ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। वहीं इस मामले में संलिप्त पिता एवं उसके दो पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। मौके से अर्धनिर्मित हथियार के साथ साथ भारी मात्रा में उपकरण को बरामद किया गया है। चिकसौरा थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि मिर्जापुर गांव में मिनिगन फैक्ट्री संचालन होने की गुप्त सूचना मिल रही थी। सूचना सत्यापित होने के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस की एक विशेष टीम गठित किया गया। शुक्रवार की देर शाम को गठित टीम के द्वारा घेराबंदी करते हुए कारोबारी शिशुपाल मिस्त्री के घर पर छापेमारी की गई। जहाँ हथियार बनाने का कार्य किया जा रहा था। मौके पर से अर्ध्य निर्मित देशी कट्टा, बैरल, बट, ड्रिल मशीन, रेती, आरी फार्मा, हथौड़ी, पेचकस, पिलास सहित हथियार बनाने का अन्य उपकरण को बरामद किया गया। वहीँ इस कार्य मे संलिप्त शिशुपाल मिस्त्री एवं उसके पुत्र अप्पू कुमार और पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिशुपाल मिस्त्री हथियार बनाने के आरोप में वर्ष 2016 और 2023 में भी जेल जा चुका है। चर्चा है कि शिशुपाल मिस्त्री बहुत दिनों से यह कारोबार कर रहा है। पुलिस के कार्रवाई के बाद जेल से छूटकर आता है और पुनः हथियार बनाने का कार्य मे लग जाता है। और हथियार बनाकर दूसरे जिले में भी सप्लाई करता है।

# लोडेड देसी कट्टा, कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार, नालंदा में वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाए

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा की खुदागंज थाना की पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा और कारतूस के साथ एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया अभियुक्त खुदागंज थाना क्षेत्र के खुदागंज निवासी स्वर्गीय केशव गोस्वामी का पुत्र दिलीप कुमार है। हिलसा डीएसपी 2 इस्लामपुर गोपाल कृष्ण ने बताया कि खुदागंज थाना की पुलिस संध्या गस्ती के समय वाहन चेकिंग थाना क्षेत्र के बौरीडीह स्थित फतेहपुर रोड में कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आ रहे थे जिसे पुलिस के द्वारा रोकने की कोशिश की गई। मोटरसाइकिल सवार मौके से भाग निकला जबकि पीछे बैठा



व्यक्ति पकड़ा गया पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम दिलीप कुमार बताया। दिलीप की तलाशी लेने के क्रम में उसके पास से बरामद थैले में से एक लोहे का बना लोडेड देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद

◆ **पुलिस को देखकर भाग रहे थे**

किया गया।

दिलीप को गिरफ्तार करते हुए खुदागंज थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। वहीं फरार व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। दिलीप के पास से एक देसी कट्टा एवं .315 बोर का 4 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गश्ती टीम में खुदागंज थाना अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण, दारोगा राम प्रवेश प्रसाद, जमादार रंजीत कुमार सिंह एवं खुदागंज थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

थानाध्यक्ष ने कहा की एफआईआर दर्ज करने से लेकर फैसला सुनाने तक की समयसीमा तय, सुगम होगा न्याय

# तीन नए आपराधिक कानून हुए लागू

निज संवाददाता

**नवादा।** मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा रविवार रात बारह बजे से यानी एक जुलाई की तारीख शुरू होने के बाद घटित हुए सभी अपराध नये कानून में दर्ज किये जाएंगे। उपर्युक्त बातें वारिसलीगंज थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिन्हा ने थाना परिसर में आयोजित आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर बनाये गए क़ानून की जानकारी देतें हुए कहा, उन्होंने कहा तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो रहे हैं। एक जुलाई से लागू हो रहे आपराधिक प्रक्रिया तय करने वाले तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआइआर से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है। आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआइआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। नये कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान हुआ है। शिकायत, सम्मन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी। अगर कानून में तय समय सीमा को ठीक उसी मंशा से लागू किया गया जैसा कि कानून लाने का उद्देश्य है तो निश्चय ही नये कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे। ऐसी होगी कानूनी प्रक्रिया तीन दिन के अंदर एफआइआर दर्ज करनी होगी आपराधिक मुकदमे की शुरुआत एफआइआर से होती है। नये कानून में तय समय सीमा में एफआइआर दर्ज करना और उसे अदालत तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में व्यवस्था है कि शिकायत मिलने पर तीन दिन के अंदर एफआइआर दर्ज करनी होगी। तीन से सात साल की सजा के केस में 14 दिन में प्रारंभिक जांच पूरी करके एफआइआर दर्ज की जाएगी। 24 घंटे में तलाशी रिपोर्ट के बाद उसे न्यायालय के सामने रख दिया जाएगा। नये कानून में आरोप पत्र की भी टाइम लाइन तय दुष्कर्म के मामले में सात दिन के भीतर पीड़िता की चिकित्सा रिपोर्ट पुलिस थाने और कोर्ट भेजी जाएगी। अभी तक लागू सीआरपीसी में इसकी कोई समय सीमा तय नहीं थी। नया कानून आने के बाद समय में पहली कटौती यहीं होगी। नये कानून में आरोपपत्र की भी टाइम लाइन तय है। आरोपपत्र दाखिल करने के लिए पहले की तरह 60 और 90 दिन का समय तो है लेकिन 90 दिन के बाद जांच जारी रखने के लिए कोर्ट से इजाजत लेनी होगी और जांच को 180 दिन से ज्यादा लंबित नहीं रखा जा सकता। 180 दिन में आरोपपत्र दाखिल करना होगा। ऐसे में जांच चालू रहने के नाम पर आरोपपत्र को अनिश्चितकाल के लिए नहीं लटकाया जा सकता। कानून की धारा 375 और 376 की जगह अब नए कानून में दुष्कर्म की धारा 63 होगी जबकि गैंगरेप की धारा 70 हो जाएगी। वहीं हत्या के लिए अब धारा 302 की जगह धारा 101 लागू होगी। भारतीय न्याय संहिता में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है, जिसमें मॉब लिंचिंग भी शामिल है। सरकार ने मॉब लिचिंग को लेकर कानून बनाया है। कुल 41 अपराध की सजा को पहले से बढ़ा दिया गया है, वहीं 82 अपराधों में जुर्माना की राशि बढ़ाई गई है। नए कानून के अनुसार, आपराधिक मामलों की सुनवाई खत्म होने के बाद 45 दिनों के भीतर फैसला आएगा। पहली सुनवाई के दो महीने के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। टाइमलाइन तय करने के साथ ही अदालत के लिए भी समय सीमा तय की गई है। मजिस्ट्रेट 14 दिन के भीतर केस का संज्ञान लेंगे। केस ज्यादा से ज्यादा 120 दिनों में ट्रायल पर आ जाए इसके लिए कई काम किये गए हैं। प्ली बार्गेनिंग का भी समय तय है। प्ली बार्गेनिंग पर नया कानून कहता है कि अगर आरोप तय होने के 30 दिन के भीतर आरोपी गुनाह स्वीकार कर लेगा तो सजा कम होगी। ट्रायल पूरा होने के बाद अदालत को 30 दिन में फैसला सुनाना होगा अभी सीआरपीसीमें प्ली बार्गेनिंग के लिए कोई समय सीमा तय नहीं थी। नये कानून में केस में दस्तावेजों की प्रक्रिया भी 30 दिन में पूरी करने की बात है। फैसला देने की भी समय सीमा तय है। ट्रायल पूरा होने के बाद अदालत को 30 दिन में फैसला सुनाना होगा। नये कानून में दया याचिका के लिए भी समय सीमा तय लिखित कारण दर्ज करने पर फैसले की अवधि 45 दिन तक हो सकती है लेकिन इससे ज्यादा नहीं। नये कानून में दया याचिका के लिए भी समय सीमा तय है। सुप्रीम कोर्ट से अपील खारिज होने के 30 दिन के भीतर दया याचिका दाखिल करनी होगी। क्या है नये कानून मे- पहली बार आतंकवादको परिभाषित किया गया- राजद्रोह की जगह देशद्रोह बना अपराध- मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा- पीडित कहीं भी दर्ज करा सकेंगे एफआइआर, जांच की प्रगति रिपोर्ट भी मिलेगी- राज्य को एकतरफा केस वापस लेने का अधिकार नहीं। पीड़ित का पक्ष सुना जाएगा- तकनीक के इस्तेमाल पर जोर, एफआइआर, केस डायरी, चार्जशीट, जजमेंट सभी होंगे डिजिटल- तलाशी और जब्ती में आडियो वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य- गवाहों के लिए ऑडियो वीडियो से बयान रिकार्ड कराने का विकल्प- सात साल या उससे अधिक सजा के अपराध में फारेंसिक विशेषज्ञ द्वारा सबूत जुटाना अनिवार्य- छोटे मोटे अपराधों में जल्द निपटारे के लिए समरी ट्रायल (छोटी प्रक्रिया में निपटारा) का प्रविधान- पहली बार के अपराधी के ट्रायल के दौरान एक तिहाई सजा काटने पर मिलेगी जमानत- भगोड़े अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त- इलेक्ट्रानिक डिजिटल रिकार्ड माने जाएंगे साक्ष्य- भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में भी चलेगा मुकदमा कौन सा कानून लेगा किसकी जगह - इंडियन पैनल कोड (आइपीसी) 1860 की जगह लागू हो रहा है - भारतीय न्याय संहिता 2023- क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) 1973 की जगह लागू हो रहा है - भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023- इंडियन एवीडेंस एक्ट 1872 की जगह लागू हो रहा है। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर, धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार,सुनील सिंह, जय प्रकाश कुमार,एसआई भोला सिह, एसआई वशिष्ठ कुमार सिंह, मुखिया मृत्युंजय कुमार, राज कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. गोविंद जी तिवारी, सुरेन्द्र यादव, अजित यादव, राम शकल यादव, पप्पू चौधरी तथा संजय यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## न्यायिक प्रक्रिया में तेजी

- शिकायत, सम्मन, और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग।
- दस्तावेजों की प्रक्रिया 30 दिन में पूरी करनी होगी।
- ट्रायल पूरा होने के बाद अदालत को 30 दिन में फैसला सुनाना होगा।
- प्ली बार्गेनिंग के लिए 30 दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

## अन्य प्रावधान

- पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है।
- सात साल या उससे अधिक सजा के अपराध में फॉरेंसिक विशेषज्ञ द्वारा सबूत जुटाना अनिवार्य किया गया है।
- छोटे मोटे अपराधों के लिए समरी ट्रायल का प्रावधान।
- भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में भी मुकदमा चलेगा।

## दुष्कर्म मामलों के लिए प्रावधान

- दुष्कर्म मामलों में सात दिन के भीतर पीड़िता की चिकित्सा रिपोर्ट पुलिस थाने और कोर्ट भेजनी होगी।
- दुष्कर्म के लिए धारा 63 और गैंगरेप के लिए धारा 70 लागू होगी।

## नए कानूनों का नाम और उनके स्थान पर लागू होने वाले कानून

- इंडियन पैनल कोड (IPC) 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023।
- क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (CRPC) 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023।
- इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023।
- नए कानूनों के तहत न्यायिक प्रक्रिया में सुधार की उम्मीद है, जिससे मुकदमे जल्दी निपट सकेंगे और तारीख पर तारीख के दिन खत्म होंगे।

## नए कानूनों की मुख्य बातें

1. **एफआईआर दर्ज करने की समयसीमा:** अब एफआईआर दर्ज करने के लिए तीन दिन का समय निर्धारित किया गया है। तीन से सात साल की सजा वाले मामलों में 14 दिन के भीतर प्रारंभिक जांच पूरी करके एफआईआर दर्ज करनी होगी।
2. **देशद्रोह बना अपराध:** पुराने राजद्रोह कानून की जगह अब देशद्रोह अपराध होगा।
3. **मॉब लिंचिंग पर कठोर सजा:** मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त होगी: भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का प्रावधान किया गया है।
4. **टाइमलाइन का निर्धारण:** न्यायिक प्रक्रिया को गति देने के लिए 35 जगह टाइमलाइन जोड़ी गई है। एफआईआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसले की समयसीमा निर्धारित की गई है।

# नये आपराधिक कानून में जनता को जल्द मिलेगा न्याय



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना परिसर नारदीगंज में नये आपराधिक कानून की जानकारी देने के लिए पाठशाला आयोजित हुआ। अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने की। मौके पर एसआई कमलेश कुमार, धीरेन्द्र पासवान, निशा कुमारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा एक जुलाई 2024 से बिहार समेत पूरे देश में तीन नये आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू हो गए। कहा गया अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही पुरानी धाराएं व नियम कानून को बदल दिए गए हैं। महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निपटने के लिए नये आपराधिक कानूनों में 37 धाराओं को शामिल किया गया है। पुलिस द्वारा पीड़ित को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति के बारें में सूचित करना अनिवार्य है। नागरिक घटनास्थल या उससे परे कहीं से भी प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं।मॉब लॉन्चिग करने पर अब दोषियों को मृत्युदंड की सजा मिलेगी। नये आपराधिक कानून लागू होने से जनता को न्याय में सहूलियत होगी। इसके अलावा अन्य नियम कानून की जानकारी को साझा की गई। इस दौरान कई लोगों ने सवाल भी पूछे। मौके पर मुखिया अजय पंडित, उप प्रमुख अमित कुमार, बिनोद कुमार, समाजसेवी राजेश कुमार चौहान, संदीप कुमार, पूर्व मुखिया प्रदीप सिंह, समाजसेवी दिलीप साव, सरपंच नागेन्द्र कुमार सिन्हा समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# गोपेश बनाए गए प्रदेश संघ के कार्यकारी सदस्य



**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड अंतर्गत कृषक कॉलेज धेवधा पकरीबरावां नवादा के गोपेश कुमार को संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य बनाए जाने पर महाविद्यालय में खुशी की लहर देखी गई। गोपेश कुमार को महाविद्यालय के शिक्षक कक्ष में शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी की ओर से अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कई लोगों ने हर्ष जताते हुए कहा की प्रदेश कार्यकारिणी में कॉलेज का प्रतिनिधित्व मिलने से शिक्षकेतर कर्मियों की समस्याओ को प्रदेश में पहुंचाने में साहूलियत होगी। इस अवसर पर नवादा जिला अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र सिंह, जिला सचिव प्रो. सुनील कुमार, महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर कहा की इससे हमारा संगठन मजबूत होगा। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार, प्रो. शशिभूषण प्रसाद, प्रो. गोपालशरण गुंजन, प्रो. कुमार चंद्रशेखर, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. विनोद प्रसाद, प्रो. मनोहर प्रसाद, प्रो. प्रवीण कुमार, प्रो. रामाशीष प्रसाद सिंह, एवं काफी संख्या में शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# महिला सुरक्षाकर्मी के आकस्मिक मौत पर अनुमंडलीय अस्पताल में शोक सभा का आयोजन

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अस्पताल में कार्यरत महिला सुरक्षाकर्मी प्रतिमा कुमारी के आकस्मिक मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. पारितोष कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट अशोक कुमार एवं लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार भी मौजूद रहे। प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि दिवंगत प्रतिमा कुमारी का सिरदला की रहने वाली थीं। वे मार्च 2019 से अस्पताल में आउटसोर्सिंग के तहत महिला सुरक्षाकर्मी के पद पर तैनात थी एवं अस्पताल आनेवाली महिलाओं की बहुत मदद भी किया करती थी। उन्होंने कहा कि वे गुरुवार तक अस्पताल में ड्यूटी की। साथ ही कहा कि उन्हें पत्थरी की शिकायत थी, जिसको लेकर वे गया और पटना जाकर अपना इलाज करवा रही थी। बीते शनिवार को प्रतिमा कुमारी की तबियत अचानक ज्यादा बिगड़ गई और परिजनों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में ही भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने रिपोर्ट आदि देखकर दोनों किडनी के ठीक ढंग से काम नहीं करने की बात सामने आई एवं प्रतिमा कुमारी के बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी डीएस ने कहा कि दिवंगत महिला सुरक्षाकर्मी प्रतिमा कुमारी का अंतिम संस्कार रविवार को सिरदला में उनके परिजनों के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें अस्पताल कर्मी भी मौजूद रहे। वहीं सोमवार को अस्पताल परिसर में स्वास्थ्यकर्मियों ने महिला सुरक्षाकर्मी के आकस्मिक मौत पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में स्वास्थ्यकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर जीएनएम अर्चना कुमारी, नविता कुमारी, अनिल पासवान, अमिता कुमारी, नीतू कुमारी, रूनी कुमारी, सभी ममता, एएनएम स्कूल की छात्राएं, सुरक्षाकर्मी एवं एम्बुलेंस स्टाफ मौजूद रहे।

# थाना परिसर में आम नागरिकों को दी गई नये कानून की जानकारी

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल थाना परिसर में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों को 01 जुलाई से लागू हुए नये कानून की जानकारी दी गई। कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार द्वारा स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित कर तीनों नये अपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नये कानून के तहत् अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गये बिना ही इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है। भले ही अपराध उसके अधिकार वाले क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला शीघ्र दर्ज किया जा सकेगा। नये कानून लागू होने




पर विभिन्न अपराध दर्ज करने की धाराएं और न्याय व्यवस्था में बदलाव के बारे में भी आम नागरिकों को जानकारी दी गई। इस दरम्यान थानाध्यक्ष द्वारा नये कानून पर तैयार एक एक पुस्तिका भी आम नागरिकों को उपलब्ध कराया गया।

# डा. विधानचंद्र की सेवा मानव सेवा से है प्रसिद्ध : सचिव श्रीकांत

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के पेंशनर भवन में सोमवार को राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री, महान शिक्षाविद, प्रख्यात चिकित्सक, भारत रत्न से सम्मानित डा0 विधान चंद्र राय के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित की गयी। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा के डा. विधान चंद्र राय की सेवा मानव की सच्ची सेवा के रूप में प्रसिद्ध है। इसलिए उनके जन्मदिन पर राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया जाता है। चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। क्योंकि वे लोग जीवन को बचाते हैं। मगर मरीजों की जिंदगी तभी सुरक्षित रह सकती है, जब उन्हें समय पर चिकित्सक के पास पहुंचाया जाए।

# चार राइस मिल मालिकों के विरुद्ध एसडीएम ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के पीडीएस बिक्रेताओं को घटिया चावल आपूर्ति करने वाले चार राइस मिल मालिकों के विरुद्ध रजौली एसडीएम आदित्य कुमार पीयूष ने रजौली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज होने की खबर मिलते ही राइस मिल मालिकों में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि जिला प्रभारी मंत्री प्रेम कुमार के नवादा आगमन पर रजौली के राजद विधायक ने पीडीएस बिक्रेताओं पर घटिया चावल लाभुकों के बीच वितरण करने का आरोप लगाया था। मंत्री ने रजौली एसडीएम को मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश जारी किया था। आदेश के आलोक में पीडीएस बिक्रेताओं की बैठक बुलाकर उनकी समस्या की जानकारी प्राप्त कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। चार मिल मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी:- जांचोपरांत उन्होंने रजौली अनुमंडल के लिये चावल की आपूर्ति करने वाले मां तारा एग्रो राइस मिल, त्रिपुरा राइस मिल नारदीगंज, दरांवां राइस मिल कौआकोल व तेयार राइस मिल अकबरपुर के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रति किलोग्राम 38 रुपये चावल गरीबों को मुफ्त उपलब्ध कराती है। इसका खर्च टैक्स व जीएसटी भुगतान करने वाले उठाते हैं। बावजूद राइस मिल मालिकों द्वारा इतना घटिया चावल उपलब्ध कराया जाता है जिसे मनुष्य तो क्या, पशु तक खाने से इंकार कर दे। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों के विरुद्ध न केवल प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी, बल्कि उनके मिलों को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई आरंभ की जायेगी। राइस मिल मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना मिलते ही संचालकों में हड़कंप मच गया है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05 /औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 28.06.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री(डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 13.07.2024 से 05.08.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 13.07.2024 से 05.08.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–19.07.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय(तकनीकी बीड) :– दिनांक–06.08.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
10. कार्य विवरणी:–

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि+सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मंडल कारा औरंगाबाद में अधीक्षक आवास का निर्माण कार्य | 47.8/– | 96000/– | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |
| | कुल | 47.8 लाख | | | | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 002944 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03 (SBD)/2024–25
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

बिहार के राज्यपाल महोदय की ओर से बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति के किसी भी एजेंसी में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिशत दर निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य के किसी कार्य विभाग/निगम में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निम्नलिखित कार्य का स्वीकार पत्र (लेटर ऑफ एक्सेपटेंस) प्राप्त होने के बाद बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम (जिसमें निबंधन की प्रक्रिया लागू हो) में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

1. कार्यों की विवरणी : –

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (ऑन लाईन मोड या ऑफ लाईन मोड में केवल B.G. के रूप में) (लाख रू0 में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | औरंगाबाद जिला अन्तर्गत हसपुरा प्रखण्ड के पीरू पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 244.61 | 4.893 | 10000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 14 माह |
| 02 | औरंगाबाद जिला अन्तर्गत औरंगाबाद प्रखण्ड के पोखराहाँ पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 245.12 | 4.910 | 10000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 14 माह |
| 03 | औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा प्रखण्ड के सुही पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 249.31 | 4.987 | 10000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 14 माह |
| | कुल योग :– | 739.04 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 27.06.2024
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय : दिनांक 22.07.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 19.07.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विरवेष्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0–423, बेली रोड, पटना–800015
5. निविदा अपलोड की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 29.07.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 31.07.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पष्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन( निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद )
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.002899 (Planning) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संक्षिप्त समाचार

# कौआकोल में वज्रपात से अधेड़ की मौत

**कौआकोल।** कौआकोल में सोमवार को बारिश के दौरान हुए वज्रपात से एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वज्रपात से मंझिला पंचायत के लोहसिंघानी गांव निवासी 51 वर्षीय विशुनदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में स्वजनों द्वारा उन्हें पास के ही भलुआही बाजार अवस्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। पंरतु स्थिति ज्यादा खराब रहने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। परंतु कुछ ही दूरी जाने के बाद उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि विशुनदेव यादव गांव से पश्चिम तरफ बधार में मवेशी चरा रहे थें। अचानक बारिश शुरू हो गई और बारिश से बचने के लिए वे पेड़ के पास छिप गए। इसी दरम्यान अचानक वज्रपात की चपेट में आ जाने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। कौआकोल पुलिस के समझाने बुझाने के बाद वे लोग मान गए। तब जाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

## शादी का झांसा देकर आबरू लुटता रहा सिपाही,पहुंचा सलाखों के पीछे

**नवादा।** जिले में नाबालिग लड़की से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी बिहार पुलिस का जवान है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शादी का झांसा देकर नाबालिग का फायदा उठाया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर आरोपी जवान के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। महिला थाना की पुलिस ने आरोपी सिपाही विवेकानंद पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि आरोपी को नाबालिग होने की बात पता थी, बावजूद वो शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता रहा। महिला थानाध्यक्ष अंशु प्रभा ने बताया की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया है कि आरोपी बिहार पुलिस में सिपाही विवेकानंद है जो शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने इस मामले में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी सिपाही मुंगेर जिले का विवेकानंद पासवान बताया जाता है जो वर्तमान में नवादा पुलिस केंद्र में तैनात है।

## पति-पत्नी पर हुए जानलेवा हमला में महिला समेत चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली ।** थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव निवासी अरविंद चौधरी एवं उनकी पत्नी जुली कुमारी पर गोतिया के लोगों ने बीते रविवार के दिन में लगभग 10 बजे जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल के दिया था।पीड़ित अरविंद चौधरी द्वारा दिये आवेदन के आलोक में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया।साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते रविवार को मुरहेना गांव के एक पति-पत्नी के साथ उसके गोतिया ने मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट कर घायल कर दिया था।पीड़ित द्वारा मुरहेना गांव निवासी रिसाल चौधरी के पुत्र नंदू चौधरी,नंदू चौधरी की पत्नी साबो देवी एवं नंदू चौधरी के पुत्र चन्दन चौधरी व राकेश चौधरी को नामजद अभियुक्त बनाया था,जिसे पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।वहीं प्राथमिकी में दर्ज सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच हेतु भेजा गया।अस्पताल से स्वास्थ्य जांचोपरांत सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# स्पेशल छापेमारी अभियान में 24 आरोपियों की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के आदेश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 24 की गिरफ्तारी हुई है। इनमें लूटकांड में 1, गृहभेदन में 1, हत्या के प्रयास में 3 और शराब मामले में 18 को पुलिस ने पकड़ा है। अभियान के दौरान 8 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 25 लीटर देसी और 67 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। करीब 1600 लीटर शराब नष्ट की गई है। 15 वारंट का निष्पादन हुआ है। अभियान के दौरान 401 वाहनों की जांच की गई। एक लाख सात हजार रुपए जुर्माना वसूला गया।

**एक कार और बाइक जब्त:** एक कार और एक बाइक जब्त की गई है। बिहिया पुलिस ने हत्या के प्रयास में दो आरोपित को पकड़ा। इसके अलावा कृष्णागढ़ थाना पुलिस ने लूट कांड में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।



पकड़ा गया भिखारी यादव बड़हरा पैगा गांव का निवासी है। जनवरी महीने में गुंडी-पैगा तीनमुहान के पास बर्तन दुकानदार से 18 हजार रुपए लूट लिए गए थे। कांड में प्रयुक्त बाइक से बदमाशों की पहचान की गई थी। संदेश पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया।

**शराब के साथ यूपी से आए युवक पकड़ा:** टाउन थाना क्षेत्र के मोती टोला स्थित गोदाम के समीप पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ यूपी से आए युवक समेत चार को पकड़ा। दो पैकट टेट्रा शराब बरामद की गई। पुलिस ने नवादा थाना के चंदवा निवासी राहुल कुमार, कैमूर जिले के मोहनिया थाना के दादर निवासी राज किशोरी तिवारी, यूपी के वाराणसी के चेतनगंज थाना के पोखरिया-तेलियाबाग निवासी उज्जवल पांडेय और आरा के शिवगंज निवासी अर्जुन कुमार को गिरफ्तार किया है। इसे लेकर प्रशिक्षु दारोगा सुलेखा कुमारी के बयान पर प्राथमिकी की गई है। दरअसल, शनिवार की रात गश्ती में निकली पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मोती टोला स्थित गोदाम के समीप बैठकर कुछ लोग शराब पीने की तैयारी कर रहे है। इसके बाद पुलिस ने वहां छापेमारी की। इस दौरान अंग्रेजी शराब के साथ चारों को पकड़ा। दो पैकट टेट्रा शराब और ग्लास बरामद किया गया।

# पुण्यतिथि पर होगा श्री विष्णु महायज्ञ, तैयारी पूरी

निज संवाददाता। बक्सर

ब्रह्मलीन योगीराज श्री देवराहा बाबा की 34 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर परम पूज्य त्रिकालदर्शी परम सिद्ध विदेह योगी संत श्री देवरहा शिवनाथ दास जी महाराज के कृपामय सानिध्य में 2 जुलाई से योगिनी एकादशी से लेकर 8 जुलाई 2024 तक भोजपुरी के बिहिया चौरस्ता के पूर्व नेशनल हाईवे रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे दोघरा आरा में श्री विष्णु महासाग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूर्व संगठन महामंत्री एवं वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी बिहार,लगातार लोगों से संपर्क कर सभी धर्मावलंबियों से अनुरोध किया है कि जीव मात्र के कल्याणार्थ आयोजित श्री विष्णु मां जग में लाखों लाख की संख्या में पधार कर पुण्य की भागीदार बने। कार्यक्रम की रूप रेखा 2 जुलाई दिन मंगलवार से शुरू होने वाले इस महायज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभा यात्रा के साथ होगा।जिसमें हाथी घोड़ा, गाड़ी गाजा बाजा वह ध्वज आदि रहेगा। वहीं संध्या बेला में अयोध्या के जनक दुलारी आदर्श बाल रामलीला मंडल के द्वारा रामलीला का मंचन का आयोजन होगा। वही 2 जुलाई दिन बुधवार को मंडप प्रवेश पंचांग पूजन करनी मंथन हवन व परिक्रमा संध्या में रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। 4 जुलाई दिन गुरुवार को हवन व परिक्रमा संध्या में रामलीला का मंचन का आयोजन है जबकि 5 जुलाई दिन शुक्रवार को हवन व परिक्रमा संध्या में रामलीला का मंचन के साथ 6 जुलाई दिन शनिवार को हवन व परिक्रमा इसके साथ ही 7 जुलाई को हवन व परिक्रमा व संध्या काल में रामलीला का मंचन का आयोजन किया गया ।

# अंडरपास के पास बने गड्ढे हुए खतरनाक




निज संवाददाता। कोईलवर

बक्सर-आरा-पटना एनएच 922 के नीचे गीधा थाना के समीप अंडरपास सर्विस रोड पहले से ज्यादा खतरनाक हो गया है। अंडरपास के पास बड़े गड्ढे में छोटे-बड़े सभी वाहन फंस रहे हैं। पैदल यात्री और मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अन्य दिनों में भी यहां कीचड़ पसरा रहता है। वर्षा होने पर यह स्थिति बद से बदतर हो जाती है। यहां रविवार को हल्की वर्षात से ही पुनः यही हाल है। वर्षा और होटलों का पानी ढलान होने से नीचे बहता है। जिससे पहले की तरह वहां जलजमाव हो गया है। कीचड़ और फिसलन होने से पैदल यात्री और मोटरसाइकिल सवार गिर पड़ रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र होने से बड़े और भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। इस क्षेत्र में दर्जनों कारखाने हैं। जिसके कर्मी इस रास्ते से आते रहते हैं। हाइवे से जुड़ा सर्विस रोड होने से दर्जनों गांव के ग्रामीण आते-जाते रहते हैं। लोगों के अनुसार वाहनों पर अधिक वजन लोड कर वाहनों को लेकर आने-जाने से टूट-फूट होकर गड्ढे हो रहे हैं। जबकि, औद्योगिक क्षेत्र गीधा पास इस अंडरपास के समीप सर्विस रोड की मरम्मत और जलनिकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी का ठहराव बना हुआ है। जिस कारण रोड पर गड्ढे हो रहे हैं। इस बाबत पीएनसी के प्लानिंग मैनेजर विवेक सिंह ने कहा कि सबसे पहले वहां से अतिक्रमण हटाया जाये। थाना द्वारा जब्त वाहन को अंडरपास के नीचे लगा दिया गया है। साथ ही कहा कि अगल-बगल का पानी भी इसी सड़क पर गिरता है जिसे रोका जाये।

## चोरी के अपाची बाइक से साथ दो युवक गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली :** थाना क्षेत्र के रजौली बाईपास के समीप अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने वाहन जांच के दौरान एक चोरी की अपाची बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते रविवार की संध्या वाहन जांच के क्रम में बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक अपाची को रोका गया।अपाची पर सवार युवकों से बाइक के कागजात की मांग की गई,किन्तु उनदोनों द्वारा कागजात नहीं होने की बात कही गई।साथ ही गाड़ी के मालिक के नाम आदि का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।जिसके बाद अपाची बाइक को जप्त करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाना परिसर लाया गया।गिरफ्तार युवकों की पहचान गोविंदपुर थाना क्षेत्र निवासी किस्टो साव के पुत्र विकास कुमार एवं सुरेश यादव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि चोरी के जप्त बाइक एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं दोनों गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


बिहार सरकार

कार्यालय, नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)

बंदोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना संख्या—01/2024—25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नवीनगर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय **वर्ष 2024—25** के लिए सैरातों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा दिनांक — **16.07.2024** से **31 मार्च 2025** तक के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन **पूर्वा0 11:30 बजे** से नगर पंचायत, नवीनगर के सभा कक्ष में किया जायेगा —

1. **सैरात डाक संबंधी विवरण —**

| ग्रुप सं० | बन्दोवस्ती का विवरण | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि एवं समय | डाक की वैकल्पिक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थायी दैनिक दुकानों से दैनिक टॉल वसूली एवं मंगल बाजार — शनिचर बाजार हाट की बंदोवस्ती | 831000.00 | 83100.00 | 11.07.2024 | 12.07.2024 एवं 13.07.2024 |
| 02 | सवारी वाहनों से दैनिक पड़ाव शुल्क की वसूली | 509000.00 | 50900.00 | 11.07.2024 | 12.07.2024 एवं 13.07.2024 |
| 03 | बस पड़ाव पर अवस्थित सुलभ शौचालय से सेवा शुल्क की वसूली | 22800.00 | 2280.00 | 11.07.2024 | 12.07.2024 एवं 13.07.2024 |
| 04 | जनकपुर वार्ड सं0 — 05 सार्वजनिक शौचालय | 8500.00 | 850.00 | 11.07.2024 | 12.07.2024 एवं 13.07.2024 |
| 05 | शनिचर बाजार वार्ड सं0— 09 सार्वजनिक शौचालय | 8500.00 | 850.00 | 11.07.2024 | 12.07.2024 एवं 13.07.2024 |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No. 002787 (B & C) 2024-25**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, नवीनगर


# नए आपराधिक कानून में महिलाओं एवं बच्चे को त्वरित मिलेगा न्याय



- महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निपटने के लिए 37 धराये शामिल
- नए आपराधिक कानून की जानकारी के लिए थाने में जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के साथ थानाध्यक्ष ने की बैठक

**नरहट (नवादा)** । एक जुलाई से पूरे भारत में नए आपराधिक कानून लागू हो गया है। इस कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमबार को थाना परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष सह अपर थानाध्यक्ष श्याम कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आम लोग, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ बैठक कर नए कानून के प्रति जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष ने 112 पुलिस वाहन के कार्य क्षेत्र के साथ साथ नए आपराधिक कानून के बारे में विस्तार पूर्व उपस्थित लोगों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की समस्या हो 112 पर भी कॉल कर सकते हैं। थानाध्यक्ष ने महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निपटने के लिए नए आपराधिक कानूनों में शामिल 37 धाराओं के बारे में भी बतलाया। पीड़ित और अपराधी दोनों के संदर्भ में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को जेंडर न्यूट्रल बनाया गया है।18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार करने पर दोषी को आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा मिलेगी। झूठे वादे या नकली पहचान के आधार पर यौन शोषण करना अब आपराधिक कृत्य माना जाएगा। चिकित्सकों के लिए 7 दिनों के अंदर बलात्कार पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट जांच अधिकारी के पास भेजना अनिवार्य है। नए कानून में डिजिटल तौर पर एफआईआर, नोटिस, समन, ट्रायल, रिकॉर्ड, फोरेंसिक, केस डायरी एवं बयान आदि को संग्रहित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नए कानून में अब भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह भारतीय न्याय संगीता 2023, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गया है। इन कानून में दंड की जगह न्याय पर विशेष बल दिया गया है। अंत में राष्ट गान के बाद बैठक की समाप्ति की गई। इस मौके पर हिसुआ सर्कल इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, एसआई आदित्य कुमार, एएसआई मिथलेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार आदि मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎06562-240100 (का0)

पत्रांक:—344/मेदिनीनगर, दिनांक— 28/06/2024

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:—WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-11/2024-25 जिसका PR. N0:-327325 (Minor Irrigation) (2024-25):D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:—

| निविदा क्रमांक | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 3 | वेबसाईट में ई—निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 29/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से) | 15/07/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से) |
| 4 | वेबसाईट में ई—निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15/07/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक) | 24/07/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक) |
| 5 | ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16/07/2024 (अपराह्न 01.00 बजे) | 25/07/2024 (अपराह्न 01.00 बजे) |

PR 328253 Minor Irrigation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर



कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ................ दिनांक .......................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 02/2024—25 (2nd Call)

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत खराब चापाकल की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। चापाकल सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 08.07.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु India Mark-II का सामग्री निम्नवत् है :—

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अदद | क्रमांक | सामग्री का नाम | अदद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाईप + सॉकेट $1\frac{1}{4}$ TATA | 500 | 5 | चैन (ब्रांडेड कम्पनी) | 200 |
| 2 | रड सॉकेट 12MM (ब्रांडेड कम्पनी) | 400 | 6 | हैन्डिल (ब्रांडेड कम्पनी) | 100 |
| 3 | हेड (ब्रांडेड कम्पनी) | 100 | 7 | क्रुम वासर (ब्रांडेड कम्पनी) | 500 |
| 4 | बैरिंग (ब्रांडेड कम्पनी) | 500 | 8 | पलेंजर (ब्रांडेड कम्पनी) | 100 |

ह0/—
नगर आयुक्त —सह— प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 328275 District(24-25)D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION,
MEDININAGAR (WRD)

2nd Call
Very Short Notice Re inviting e-quotation
Notice No. -WRD-Water Ways Division, Medininagar- QNIT No.-02/2024-25 Date-01.07.2024

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction works from Quarry Owners/Crusher owners/Reputed Manufacturer/authorized dealers/Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of Materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Governemtn of Jharkhand to be used in different Civil Construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhand tenders. gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 04.07.2024 at 03:00 PM. to 10.07.2024 At 05:00 PM. The quotation will be opened on 12.07.2024 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at per with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division, Medininagar

PR.NO.328343 District(24-25):D



जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा

आम सूचना

केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य संचालित पेंशन (सर्वजन पेंशन योजना) योजनान्तर्गत भुगतान की गई विवरणी :—

गढ़वा जिले के सभी पेंशन प्राप्त करने वाले लाभुकों को सूचित किया जाता है कि

केन्द्र प्रायोजित पेंशन योजनाएँ
(1) इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का भुगतान माह मार्च 2024 तक
(2) इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का भुगतान माह अप्रैल 2024 तक
(3) इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत भुगतान माह मई 2024 तक

राज्य संचालित पेंशन योजनाएँ (सर्वजन पेंशन योजना)
(1) मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना
(2) मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना
(3) मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना
(4) स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना
(5) HIV/ADIS व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना

सर्वजन पेंशन योजना का भुगतान माह अप्रैल—जून 2024 तक कर दिया गया है। सभी लाभुक अपने खाते को बैंक में जा कर पेंशन की राशि जॉच कर सकते है।

सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग
गढ़वा

PR 328268 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### भागलपुर शिक्षा विभाग के दर्जनों कर्मचारियों का हुआ स्थानांतरण

**भागलपुर**। क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक ने भागलपुर प्रमंडल के कई कर्मियों का स्थानांतरण हुआ है। जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर के कार्यालय में कार्यरत अशोक रजक को जिला स्कूल भागलपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी बांका के कार्यालय में कार्यरत देवनारायण मरांडी को जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर कार्यालय में, जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर के कार्यालय में कार्यरत मोहम्मद शाहीन जफर को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय बांका, बांका डायट में कार्यरत अमित कुमार पांडेय को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय भागलपुर, विजय शंकर प्रसाद सिन्हा को जिला शिक्षा पदाधिकारी भागलपुर कार्यालय से आरडीडी कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय बांका से गौतम कुमार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय भागलपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय बांका से राहुल कुमार तिवारी को अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय भागलपुर, जिला स्कूल भागलपुर से लक्ष्मण प्रसाद मंडल को नव स्थापित जिला स्कूल भागलपुर, राजकीय उच्च विद्यालय जेठौर से रवि शेखर वर्मा को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय भागलपुर स्थानांतरित किया गया है। क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक भागलपुर ने सभी कर्मियों को पांच जुलाई तक नवस्थापित कार्यालय में योगदान देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरित कर्मियों के जुलाई का वेतन नवस्थापित कार्यालय, स्कूल, महाविद्यालय से किया जाएगा। क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक ने भागलपुर और बांका जिले के जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यरत पांच प्रधान लिपिकों का भी स्थानांतरण किया है। डीईओ कार्यालय बांका के प्रधान लिपिक पुष्पेंद्र कुमार को डीईओ कार्यालय भागलपुर, डीईओ कार्यालय बांका से प्रधान लिपिक अश्वनी कुमार अवस्थी को डीईओ कार्यालय भागलपुर, डीईओ कार्यालय भागलपुर से प्रधान लिपिक मो. उजैर अहमद को डीईओ कार्यालय बांका, डीईओ कार्यालय भागलपुर से प्रधान लिपिक धर्मवीर को डीईओ कार्यालय बांका, डीईओ कार्यालय भागलपुर से प्रधान लिपिक नेयाजुल हक को डीईओ कार्यालय बांका स्थानांतरित किया गया है।

### शादी की नीयत से छात्र का अपहरण, केस दर्ज

**नारायणपुर**। शादी की नीयत से भोजूटोल के छात्र आशुतोष कुमार का अपहरण किया गया है। छात्र के पिता ने भवानीपुर थाना में खगड़िया के बेला निवासी गुरुदेव शर्मा गुरुदेव शर्मा, निखिल कुमार, आशीष कुमार, रिंकी देवी, बबलू शर्मा भोजूटोल निवासी ललन कुमार पर अपहरण का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। इसमें कहा है कि 13 मई को मेरे पुत्र की शादी गुरुदेव शर्मा की बेटी से कराने के लिए अपहरण कर लिया गया है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। पुलिस जांच कर रही है।

### 99 ग्राम पंचायत कार्यपालक सहायकों का हुआ तबादला

**मुंगेर**। जिला पंचायत राज कार्यालय ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत में पदस्थापित 93 कार्यपालक सहायकों का स्थानान्तरण विभिन्न प्रखंडों में कर दिया है। इसको लेकर जिला पंचायत राज कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है। जारी आदेश में सभी ग्राम पंचायत कार्यपालक सहायकों के नियंत्री पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानान्तरित ग्राम कार्यपालक सहायकों को 8 जुलाई तक निश्चित रूप से स्थानीय व्यवस्था कर पूर्ण प्रभार दिलाते हुए स्थानान्तरित कार्यालय में योगदान देने के लिए विरमित कर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। यदि ग्राम पंचायत कार्यपालक सहायकों के नियंत्री पदाधिकारी निर्धारित तिथि तक इन्हें विरमित नहीं करेंगे तो संबंधित कार्यपालक सहाय 9 जुलाई से स्वतः विरमित समझे जाएंगे। हालांकि इससे इतर जिला पंचायत राज कार्यालय ने 29 जून को पहले एक आदेश पत्र जारी किया था जिसमें निमिषा सहाय, हुस्न आरा, प्रीति कुमारी, आकाश कुमार, रतन कुमार और इमरान अहमद सहित कुल 6 का स्थानान्तरण अन्य प्रखंड के पंचायत राज पदाधिकारी कार्यालय में किया गया था। लेकिन थोड़ी ही देर बाद पुनः बांकी बचे 93 ग्राम पंचायत कार्यपालक सहायकों का भी स्थानान्तरण कर दिया गया। जिसके साथ ही जिले के कुल 99 ग्राम पंचायत कार्यपालक सहायकों का स्थानान्तरण हो गया है।

### बीपी व शुगर के मरीजों की पहचान करने के मामले में बिहार में नंबर-1 भागलपुर

**भागलपुर**। सूबे में तीन माह के अंदर बीपी व शुगर के मरीजों की पहचान के मामले में भागलपुर नंबर-1 पर है, लेकिन इसके आंकड़े चिंताजनक हैं। शहर से ज्यादा अब गांवों में हाइपरटेंशन और शुगर के मरीज मिल रहे हैं। तीन माह के अंदर जिले के 1,71,075 आबादी के सेहत की जांच का टारगेट तय हुआ, इनमें से 1,39,550 की स्क्रीनिंग में 9380 हाइपरटेंशन व शुगर के 1,38,534 लोगों की स्क्रीनिंग में 9318 मरीजों की पहचान हुई। सबसे ज्यादा पीरपैंती में 1902 हाइपरटेंशन व 1904 शुगर के मरीज मिले। निगम क्षेत्र समेत जगदीशपुर में सिर्फ 106 एवं शुगर के 108 मरीजों की पहचान हुई है। विभाग का दावा है कि गांवों में ज्यादा कैंप लगाए गए, इसलिए वहां ज्यादा हैं। डॉ. डीपी सिंह, सेवानिवृत्त एचओडी, टीबी एवं चेस्ट विभाग अब गांवों में भी आधा शहर बसने लगा है। पहले बैल में हल लगाकर खेतों की जुताई होती थी, लोग खुद से खेती करते थे, साइकिल चलाते थे। ऐसे में श्रम हर जगह कम हुआ है, और देर रात तक जागने की आदत गांवों में भी बढ़ रही है। स्कूलों में पढ़नेवाले बच्चों से लेकर बड़ों तक मानसिक दबाव है। खानपान में फास्ट फूड हर जगह शामिल है। मरीजों की पहचान के लिए ग्रामीण इलाकों में जिस तरह से कैंप लगाए गए थे, उसी तरह अब शहरी इलाके में भी लगाए जाएंगे। जहां मरीजों की पहचान हुई है, उनके इलाज व फॉलोअप के लिए भी हेल्थ टीम को लगाए हैं। उन मरीजों की मॉनिटरिंग भी हो रही है। - डॉ. पंकज मनस्वी, गैर संचारी रोग पदाधिकारी

### दोस्त ने खाते से उड़ाए 7.39 लाख रुपए, मुंगेर में साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित को कराया वापस



**मुंगेर**। मुंगेर में साइबर थाना की पुलिस ने ठगी के 7.39 लाख की राशि पीड़ित को वापस कराया। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पूरबसराय थाना क्षेत्र के ब्रह्मस्थान निवासी संजय कुमार ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल के जरिए यूपीआइ के माध्यम से 16 बार में करीब सात लाख 39 हजार का चार अलग-अलग यूपीआइ पर ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके बाद साइबर थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई। जांच में यह मामला सामने आया कि शिकायतकर्ता के दोस्त आइटीसी कर्मी मु. शब्बीर ने राशि की ठगी की है। जिसके बाद साइबर पुलिस ने आरोपी ने शिकायतकर्ता के सारे पैसे 7.39 लाख कैश और चेक के माध्यम से वापस कर दिया।

**दोस्त ने निकाले थे रुपएः** साइबर थाना प्रभारी सह यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया की शिकायत मिलने के बाद आवदेन की जांच की गई तो सारा मामला खुलकर सामने आया। इसके बाद थाना और सामाजिक दबाव के बाद आरोपित ने सारे पैसे वापस कर दिए।

## नए कानून के बारे में लोगों को दी गई जानकारी

# जिले के सभी थाने में बैठक आयोजित कर किया जागरूक, वरीय अधिकारी भी रहे मौजूद

निज संवाददाता। भागलपुर



जिला मुख्यालय के निर्देश पर नए आपराधिक कानून को लेकर जिले के सभी थाने में बैठक हुई। जिसमें नए आपराधिक कानून के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया। सुलतानगंज थाना परिसर थानाध्यक्ष प्रभारी धिरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ संजीव कुमार, सीओ रवि कुमार, एसआई प्रमोद कुमार, महिला हेल्प डेस्क प्रभारी संगम कुमारी, महिला एसआई प्रियंका कुमारी सहित अन्य थे।

**कई थानों में वरीय अधिकारी मौजूद रहेः** बैठक में बताया गया कि अब लोगों को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए भटकना नहीं होगा। महिलाओं के लिए 37 नए धाराएं बनाई गई है। डिजिटल माध्यम से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इधर, शहरी क्षेत्र में इशाकचक, विश्वविद्यालय ततारपुर, मुजाहिदपुर बबरगंज जगदीशपुर, तिलकामांझी जीरो माइल, सबौर, बरारी, कोतवाली समेत दो दर्जन थाना में लोगों को नए आपराधिक कानून के बारे में बताया गया। शहरी क्षेत्र के कई थानों में सीनियर एसपी से लेकर डीएसपी के नेतृत्व में बैठक हुई। इस दौरान जदयू के वरिष्ठ नेता नोमान अंसारी, प्रेमप्रभा सिन्हा, रानी देवी, वार्ड पार्षद विनोद रजक, विभूति यादव, कृष्णा कुमार, मो. ईजराईल, प्रतिनिधि विपिन मंडल, राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम, मो. ईजराईल, मो.मंजूर, भाजपा नेता विजय सिंह, कुमार मंगलम, विकास कुमार कर्ण सहित जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, ग्राम रक्षा दल के सदस्य और पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### लखीसराय पुलिस ने 2 आरोपी के घर चिपकाए इश्तिहार, लूटकांड मामले में फरार चल रहे दोनों



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिला अंतर्गत सफियासराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया इंग्लिश गांव में आज लखीसराय जिला के कजरा थाना पुलिस ने लूट कांड मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के घर ढोल नगाड़े के साथ पहुंची और आरोपी के घर इश्तिहार चस्पा किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कजरा थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन ने बताया की कजरा थाना कांड संख्या 39/24 में फरार चल रहे दो आरोपी सिंघिया निवासी सुशांत कुमार उर्फ रबडा और जितेंद कुमार उर्फ जितन के घर ढोल नगाड़े के साथ पुलिस पहुंची और इश्तिहार चस्पा किया है। उन्होंने बताया कि इसी बर्ष रामनवमी के दिन 5 से 6 अपराधी ने लखीसराय जिला अंतर्गत कई थाना क्षेत्र में तीन से चार जगह लूट कांड की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं लूटकांड में लुटे हुए सभी सामान भी पुलिस ने बरामद किया था ।

### भागलपुर में प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन, विश्वकर्मा महासंघ के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के देवी बाबू धर्मशाला सभागार में रविवार को भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के तत्वाधान में विश्वकर्मा समाज के भविष्य की राजनीति पर परिचर्चा के लिए प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल आनंद एवं संचालन उमाशंकर शर्मा ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनद विश्वकर्मा ने कहा कि 8.5 प्रतिशत आबादी वाले विश्वकर्मा समाज आजादी के 76 वर्षो के उपरांत भी सामाजिक,आर्थिक,शैक्षणिक,सांस्कृतिक एवम राजनीतिक क्षेत्रो में उपेक्षित हैं। आनंद ने आगे कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोग जब तक एमपी,एमएलए नहीं बनेंगे तब तक विश्वकर्मा समाज के अधिकार का हनन होते रहेगा। अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने का लिया संकल्प सरकार में भागीदारी से ही समाज के विकास का रास्ता खुलता है। उन्होंने कहा कि जिसकी दो प्रतिशत आबादी है उन्हें सत्ता में आजादी से लेकर अब तक सम्मान मिल रहा है जबकि विश्वकर्मा वंशियो की आबादी 8.5 प्रतिशत है फिर भी सत्ता से वंचित है। अब विश्वकर्मा समाज इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। राजनीतिक भागीदारी नहीं अब सत्ता का संघर्ष होगा। तिलकामांझी विश्वविद्यालय के कुलपति जवाहर लाल ने भगवान विश्वकर्मा पर प्रकाश डाल समाज को अपने इतिहास से अवगत कराया एवम साथ ही समाज को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने के लिए आश्वत किए।

# करंट की चपेट में आकर 20 फीट नीचे गिरा शख्स, भागलपुर में छत पर छड़ ले जाते वक्त हादसा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान 33 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आने से छड़ मिस्त्री के पूरे शरीर में आग लग गई। बिजली जाने के बाद मिस्त्री छत से 20 फीट नीचे से जमीन पर गिर गया। मामला (जीरोमाइल) औद्योगिक थाना क्षेत्र के झुखुरिया मोड़ के पास का है। घायल की पहचान हाउसिंग बोर्ड निवासी शिबू शर्मा के पुत्र सोनी शर्मा (36) के रूप में की गई है। झुरखुरिया मोड के समीप रंजीत शाह का निर्माणाधीन मकान तैयार किया जा रहा है। घायल छड़ मिस्त्री का काम करता था उनके साथ अन्य मिस्त्री और मजदूर भी शामिल था। बताया जा रहा कि छड़ को छत पर ले जाने के दौरान 33 हजार के वोल्ट वाले बिजली तार से सट गया। जिसके कारण यह बिजली की चपेट में आ गया। देखते ही देखते शरीर में पूरी तरह आग लग गई। बिजली कटने के बाद 20 फीट नीचे गिरे मजदूर को अन्य सहयोगियों ने उसे प्रारंभिक इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल मायागंज रेफर कर दिया। मायागंज में घायल का इलाज चल रहा है। हादसे के वक्त अन्य मिस्त्री भी मौजूद थे। काम कर रहे पिंटू यादव ने बताया कि छड़ छत पर लेकर जा रहे थे। तभी 33 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आ गया। जिसके कारण शरीर में आग लग गई। फॉरेन लाइट कटी तो 20 फीट नीचे गिर गया।

**मकान मालिक दे रहे हैं इलाज का खर्चः** मकान मालिक रंजीत शाह घायल के इलाज का पूरा खर्च उठा रहे है। उसी का निर्माणाधीन मकान को बनाने में यह मिस्त्री का काम करता था। पिछले दो महीने से अन्य मजदूरों के साथ यह छड़ बांधने का काम कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और अन्य स्वजन रात के करीब 11:00 बजे मायागंज अस्पताल पहुंचे। जहां पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कागज पर व्यवस्था सही, लेकिन इटहरी के वार्ड पांच में एक साल से पानी नहीं

निज संवाददाता। मुंगेर



वैसे तो भीषण गर्मी में जिला के सभी प्रखंडों में पानी की समस्या है, जिसमें सबसे अधिक पीएचईडी के द्वारा किए गए जल नल योजना अत्यधिक जगहों पर फेल हो गया। जिससे की ग्रामीणों को पानी समस्या के लिए अभी तक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इसे लेकर जब ग्रामीण विभाग को सूचना देते हैं तो विभाग उसे ठीक करने के बजाय सिर्फ कागज पर ही समस्या को दूर कर देते हैं। जमालपुर प्रखंड की आदर्श ग्राम पंचायत इटहरी गांव के वार्ड संख्या 5 पुवारी टोला में लगभग एक वर्ष से पानी सप्लाई बंद है। जबकि इस वार्ड में एक टावर की टंकी से लगभग 150 घरों में पानी की सप्लाई होती थी। जिसके बाद पहले तो ग्रामीणों के द्वारा जेई और इन्जीनियर को कई बार फोन किया गया। इसके बाद जमालपुर पीएचईडी के एसडीओ को भी मामले से अवगत कराया गया। जिसके बाद विभाग हरकत में तो आई, लेकिन उसे ठीक करने के बजाए अपने विभाग के ऑनलाइन साइट पर काम को कमप्लीट दिखा दिया। जबकि अभी भी पानी का सप्लाई बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या तो अब तक दूर नहीं हुई है। हालात ऐसी हो गई है कि पानी सप्लाय के लिए बिछाया गया पाइप भी जर्जर हो गया है।

वहीं इस मामले को लेकर पानी सप्लाय करने के साथ देख-रेख करने वाला ग्रामीण गार्ड मिथुन कुमार ने बताया कि संवेदक नीलेश कुमार के द्वारा टावर टंकी लगाया गया था। ग्रामीणों का कहना हुआ कि मात्र छह माह तक पानी सप्लाय आया, उसके बाद से आजतक बंद है। जबकि एक माह से समर सेबल मशीन बाहर पड़ा हुआ है, जो कि पैसे के अभाव ठीक नहीं हो पा रहा है। वहीं टंकी के पास मशीन और पाईप जैसे तैसे रहने के कारण लाखों रुपये से लगा पाईप भी बर्बाद हो रहा है। गार्ड ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से यह टावर चालू हुआ है, तब से मेंटेनस के लिए पैसा नहीं दिया गया है। वहीं पानी सप्लाय नहीं होने के कारण अब चाभी भी जाम हो गया है। जलस्तर नीचे जाने से दिक्कत पानी का लेयर कम होने के कारण वहां लगातार पानी की समस्या आ रही है। कई बार मोटर को ठीक कराया गया, लेकिन बार-बार जल जाता है। फिर भी जो समस्या है, उसे दो दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद लोगों को दिक्कत नहीं होगी। - अभिषेक कुमार, एसडीओ, पीएचडी।

### 700 स्कूलों के एक भी शिक्षक नहीं बना पाए एप पर ऑनलाइन हाजिरी

**भागलपुर**। प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी बनाने का शिक्षा विभाग का फरमान शिक्षकों के लिए सिरदर्द बन गया है। शिक्षकों को हाजिरी बनाने में पसीने छूट रहे हैं। बिना ठोस तैयारी व प्रशिक्षण के शुरू की गई इस नई व्यवस्था से जिले के शिक्षक परेशान हैं। 25 जून से ही ऑनलाइन हाजिरी की शुरुआत की गई। स्कूलों के प्रधानाध्यापक तबतक विद्यालय नहीं छोड़ेंगे, जबतक स्कूल के एक भी शिक्षक की ऑनलाइन हाजिरी नहीं बन जाती। नई व्यवस्था शुरू होने के तीन दिन बाद भी जिले के लगभग 700 स्कूलों के एक भी शिक्षक की ऑनलाइन हाजिरी नहीं बन पाई हैं। शिक्षकों ने कहा कि करीब आधे से डेढ़-दो घंटे की मशक्कत के बाद शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी बना पा रहे हैं। शैक्षणिक कार्यों व विभाग के एक के बाद एक जारी हो रहे नए-नए फरमानों से पहले से परेशान चल रहे शिक्षक नई हाजिरी व्यवस्था से और भी परेशान हो गए हैं। सभी स्कूलों को टैबलेट व कम्प्यूटर उपलब्ध कराने की योजना है। मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज करने के लिए शिक्षकों को विद्यालय के 500 मीटर के दायरे में रहना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब उन्हीं शिक्षकों के वेतन भुगतान की अनुशंसा होगी, जिनकी उपस्थिति ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज होगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएल–23–24, दिनांक 28.06.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** (क) आसनसोल मंडल – एईएन/जसीडीह के अधीन दुमका में सभी अनुषंगी कार्यों के साथ स्टेशन बिल्डिंग, सर्कुलेटिंग एरिया की उन्नति। (ख) आसनसोल मंडल – एमडीपी–पीएफ–2 में पार्सल ऑफिस, क्लोक रूम, टीटीई रेस्ट रूम का निर्माण। (ग) आसनसोल मंडल – एईएन/जसीडीह के अधीन जसडीह में सभी अनुषंगी कार्यों के साथ प्लेटफॉर्म सरफेस की उन्नति, नए पीएफ शेड का प्रावधान, नए शौचालय परिसर का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 56,72,291.24, **निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। बयाना राशि :** रु. 1,13,500/–, **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 23.07.2024 को 11.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** 09 माह। **संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।**
ASN-100/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 27.06.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II /पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–97–24–25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र के अधीन विभिन्न परमानेंट वे यूनिटों में ट्रैक रखरखाव के लिए टूल बॉक्स के साथ गैंग हट कम रेस्ट रूम (02) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.22,73,467/–, **बयाना राशि :** रु. 45,500/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 (नौ) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–99–24–25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र के अधीन स्टैंडर्ड गैग हट के नए निर्माण के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.70,56,058/–, **बयाना राशि :** रु. 1,41,100/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन–101–24–25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र के अधीन बीसीएम मशीन और डीप स्क्रीनिंग एवं अन्य अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.3,84,24,891/– **बयाना राशि :** रु. 3,42,100/–, **कार्य की समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह । **क्रम सं. 4, निविदा सं.: टीएन–102–24–25, कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बारुईपुर/सियालदह के कार्यक्षेत्र के अधीन बीसीएम मशीन और डीप स्क्रीनिंग एवं अन्य अनुषंगी कार्य।। **निविदा मूल्य :** रु.6,09,72,834/– **बयाना राशि :** रु. 4,54,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह । **क्रम सं. 5, निविदा सं.: टीएन–103–24–25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र के अधीन सहायक अभियंता/बारासात के तहत बारासात–बनगाँव शाखा में एल.सी. गेट नं. टी/26, टी/27, टी/28, बनगाँव–रानाघाट शाखा में एल.सी. गेट नं. टी/23, बारासात–दमदम कैंट. शाखा में एल.सी. गेट नं. ई/11 और बारासात–हासनाबाद शाखा में एल.सी. गेट नं. ई/1, ई/6, टी/52 में मास्टिक एसफॉल्ट सरफेसिंग की व्यवस्था द्वारा सड़क सतह की उन्नति (कुल=8 अदद)। **निविदा मूल्य :** रु.1,56,73,351/–, **बयाना राशि :** रु. 2,28,400/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 (नौ) माह। **क्रम सं. 6, निविदा सं.: टीएन–104–24–25, कार्य का नामः** वरिष्ठ शाखा अभियंता/वर्क्स/सोनारपुर के कार्यक्षेत्र के अधीन भारी बरसात के दौरान बारुईपुर पीक्यूआरएस बेस लाइन/यार्ड लाइन एरिया में ड्रेनेज सिस्टम की उन्नति एवं अन्य अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.42,99,446/–, **बयाना राशि :** रु. 86,000/– **कार्य की समापन अवधिः** 05 (पाँच) माह। **निविदा कागजात का मूल्य (अप्रतिदेय):** क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु शून्य। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 26.07.2024 को 15.00 बजे क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 26.07.2024 को 15.30 बजे है।निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-105/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/485, दिनांक 28.06.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **'ई'–निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/12/24–25/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** सियालदह मंडल में 12 स्टेशनों पर जलभराव वाले ट्रैक सर्किट युक्त क्षेत्र में एमएसडीएसी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.7,61,85,666.12, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.5,30,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** 9 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 19.07.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 02.08.2024 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 02.08.2024 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** पैनल इंटरलॉकिंग या रूट रिले इंटरलॉकिंग या इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग या आईबीएच या ऑटोमैटिक सिग्नलिंग या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या एएफटीसी या एसएसडीएसी या एमएसडीएसी के किसी भी कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।
SDAH-108/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन के डॉक्टरों के साथ कई बीमारियों पर चर्चा

**दरभंगा, एजेंसी।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया, बिहार और इंग्लैंड की हृदयम फाउंडेशन की ओर से रविवार को दिल्ली मोड़ के पास स्थित एक होटल के सभागार में सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में शहर के नामी-गिरामी चिकित्सक शामिल हुए। सीएमई में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एंजाइटी आदि के कारण और इलाज को लेकर विस्तार में चर्चा हुई। इंग्लैंड के इंपीरियल कॉलेज ऑफ लंदन से आए छह चिकित्सकों ने विस्तार से अपना वक्तव्य दिया। देशभर के नामचीन चिकित्सकों ने सीएमई को ऑनलाइन संबोधित किया। सीएमई में दरभंगा मेडिकल कॉलेज के लगभग 100 चिकित्सकों की भागीदारी रही। पीजी छात्रों ने भी इससे लाभ उठाया। सीएमई में डॉ. एके गुप्ता, डॉ. जीएन झा, डॉ. यूसी झा, डॉ. एके मेहता, डॉ. वीएन झा, डॉ. आरके दास, डॉ. राजेश झा, डॉ. पंकज मोहन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### मारपीट में दो महिलायें घायल,अस्पताल में भर्ती

**छपरा/तरैया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव में रुचा देवी व नंदनपुर की बच्ची देवी को कुछ लोगों ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है।उपचार रेफरल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बाइक में टक्कर होने पर बंधन बैंक कर्मी को पीटा

**छपरा/तरैया, एजेंसी।** तरैया बाजार स्थित एसएच 73 मुख्य सड़क पर बाइक की टक्कर होने के कारण बंधन बैंक कर्मी को कुछ लोगो ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। घायल बैंक कर्मी रोहतास जिले के कुरूर गांव निवासी मनोज कुमार सिंह का उपचार रेफरल अस्पताल में चल रहा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मां व भाई को पीटने वाला शराबी गिरफ्तार

**छपरा/तरैया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में शराब के नशे में मां व भाई को पीटने वाले शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शराबी विवेक कुमार के खिलाफ थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।उक्त शराबी को कोट में पेशी के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रेफरल अस्पताल के भवन निर्माण को मंत्री से मिले विधायक

**छपरा/तरैया, एजेंसी।** तरैया रेफरल अस्पताल के बंद भवन निर्माण कार्य को पुनः चालू कराने के लिए स्थानीय विधायक जनक सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे से भेंट की। विधायक ने बताया कि गुवत्तापूर्ण भवन निर्माण करने के लिए कहने पर वर्षो पूर्व ठेकेदार ने कार्य बंद कर दिया। जर्जर भवन में अस्पताल चल रहा है। विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री जी ने शीघ्र मामले की जांच कराकर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू करा देने का आश्वासन दिया।

### अंग्रेजी शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**छपरा/दरियापुर , एजेंसी।** शीतलपुर बाजार के पास से पुलिस ने ढाई कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सप्लायर सोनपुर का रहने वाला बताया जाता है।जानकारी के अनुसार वह किसी ट्रेन शीतलपुर शराब लेकर उतरा था और किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था।इसी बीच पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने शराब के साथ रंगे हाथ उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा के जीवन पर बने गीत का हुआ भव्य लोकार्पण



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा के जीवन पर बने गीत का लोकार्पण बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग के निबंधक (अवकाश प्राप्त न्यायाधीश) शैलेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा सिविल कोर्ट कैंपस स्थित एडवोकेट्स एसोसिएशन में किया गया। लोकार्पण समरोह में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग के निबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह बतौर अतिविशिष्ट अतिथि आमंत्रित थे। उन्होंने गीत को लोकर्पित करते हुए कहा कि मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा मानवाधिकार के सजग प्रहरी है। वक्ताओं ने कहा कि मानवाधिकार के क्षेत्र में इनके द्वारा अबतक जो भी कार्य किए गये हैं, वह काफी सराहनीय हैं। मानवाधिकार के क्षेत्र में इनके द्वारा एक स्वर्णिम इतिहास रचा गया है। अबतक इन्होंने जो भी कार्य किए हैं, वे सभी काफी जनोपयोगी हैं। उन्होंने अधिवक्ता एस. के. झा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण सिंह ने कहा कि अधिवक्ता एस. के. झा हमारे संघ के संपत्ति है और हमलोग हमेशा इनके साथ हैं। अधिवक्ता एस. के.झा ने अपने कार्य और मेहनत के बदौलत जो स्वर्णिम इतिहास बनाया है, वह युगों-युगों तक याद रखा जायेगा। वहीं एसोसिएशन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार लाल ने कहा कि एस. के. झा हमारे संघ के धरोहर हैं और हम सब के अनमोल रतन हैं। हमलोग हमेशा इनके साथ हैं। वरीय अधिवक्ता विजय कुमार शाही ने कहा कि पुरे बिहार में मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा का नाम लोग काफी आदर और सम्मान के साथ लेते हैं। इनके द्वारा शोषितों, वंचितों के लिए जो आवाज़ उठाया जाता है, वह काबिल-ए-तारीफ़ है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण ठाकुर उर्फ रामबाबू ठाकुर ने अधिवक्ता एस. के. झा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें शुभकामनाएँ दी। वही अधिवक्ता एस. के.झा के जीवनी पर गीत लिखने वाले गीतकार डॉ. कुमार विरल ने कहा कि अधिवक्ता एस. के. झा का कार्यक्षेत्र काफी वृहद है, जिनपर हमलोगों की पूरी टीम ने काफी अध्ययन कर इस गीत को तैयार किया है। इस गीत को लोकगायिका दीपमाला ने स्वरबद्ध किया है। विदित हो कि इस अवसर पर एस. के.झा की जीवनी पर आधारित एक स्कैनिंग पोस्टर भी जारी किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विवेक चंद्रा के द्वारा, अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय अधिवक्ता वीरेन्द्र कुमार लाल के द्वारा किया। मौके पर अधिवक्ता मुकेश ठाकुर, प्रमोद कुमार ठाकुर, ब्रजेश कुमार, रामसरोज सिंह, अशोक कुमार, भोलेनाथ वर्मा, मनीष कुमार, संगीता कुमारी, टुन्ना सिंह, डॉ. विजयेश कुमार, मनोज वत्स, बृजेश मिश्रा, अशोक कुमार, वीरेन्द्र कुमार निराला, बिरेश प्रसाद सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता, समाजसेवी एवं मानवाधिकार कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### बारिश की पहली ही बौछार में डूबा शहर का उर्दू बाजार

**दरभंगा, एजेंसी।** इस साल मानसून की पहली ही बारिश में ही शहर के विभिन्न मोहल्लों की स्थिति नारकीय बन गई है। कई मोहल्लों में सड़कों पर बारिश का पानी जमा हो गया है। हालांकि शनिवार की रात में बारिश होने के बाद रविवार को कई जगहों से सड़कों पर जमा पानी निकल भी चुका है, लेकिन शहर के कई निचले इलाकों में अब भी बारिश का पानी जमा है। इसमें शहर के उर्दू बाजार में नीम चौक से आगे से बीबीपाकर तक पूरी सड़क ही नहीं, सड़क के पूर्वी और पश्चिमी भाग की स्थिति नारकीय हो गयी है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फैजुल्ला खां मोहल्ले में जलजमाव की समस्या स्थायी हो चुकी है। लेकिन अभी उर्दू बाजार के जलजमाव के दृश्य को देखने पर आगामी दिनों में और बुरे हालात की आशंका लोगों को सताने लगी है। मोहल्ले के मो. आफताब ने कहा कि नगर निगम का वार्ड नंबर 15 पूरी तरह तालाब बन चुका है। सड़क पर पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। उधर, रविवार को लक्ष्मीसागर मोहल्ले के गैस गोदाम चौक, विद्यापति चौक, साधुगाछी स्कूल के पास तथा तांत्रिक बाबा मोड़ से लक्ष्मीसागर बाजार तक वर्षा का पानी नजर आ रहा था।

# आरा में युवक पर फायरिंग, गोली पैर में लगी,2 गैंग के बीच विवाद में हमला

**दोस्त से मिलकर लौट रहा था, कहा-10 राउंड गोलीबारी हुई**

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर पुल के पास रविवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हाईवे की पुलिस ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। उधर घटना की सूचना पाकर टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ला निवासी फुधुन यादव का 23 वर्षीय पुत्र महेश यादव उर्फ खटाई यादव है।

इधर महेश यादव खटाई यादव ने बताया कि रविवार की देर शाम वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपराहियां गांव अपने दोस्त से मुलाकात करने गया था। मुलाकात करने के बाद रात में वापस लौट रहा था। लौटने के क्रम में आनंद नगर पुल के पास पहुंचा नौ-दस की संख्या में हथियारबंद अपराधी पहले से घात लगाए खड़े थे। जैसे ही वह वहां पहुंचा तो हथियारबंद अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान उसके पैर में गोली लग गई। जख्मी महेश यादव खटाई यादव ने पूर्व के विवाद को लेकर मंटू कहार और बिशु पासवान के कहने पर लाला व उसके साथ रहे अन्य अपराधियों द्वारा उसे गोली मारने एवं करीब दस राउंड



खुद पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि जख्मी महेश यादव के पैर में गोली लगी है जो कि खतरे से बाहर है। अभी तक जो इंक्वायरी में बात सामने आई है वो पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर है। आपसी रंजिश को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। जख्मी युवा कभी आपराधिक इतिहास है और जिसका नाम सामने आ रहा है वो सभी का भी आपराधिक इतिहास है। जल्द ही सभी कि गिरफ्तारी कर की जाएगी। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।



### देसी कट्टा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के थावे पुलिस ने गश्ती के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार युवक की पहचान सारण जिला के रिविलगंज थाना के देवरिया गांव निवासी 27 वर्षीय अमरजीत कुमार के रूप में हुई हैं

बताया जा रहा है की थावे थाना में तैनात एसआई चंद्रप्रकाश तिवारी गश्ती के लिए निकले थे। इसी बीच बेदूटोला तिनमुहानी पर जैसे ही पहुंचे की पुलिस वाहन को देखकर एक युवक भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर कमर से एक देसी कट्टा और पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। मौके पर ही पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।

**आर्म्स एक्ट के तहत किया गिरफ्तार :** थानाध्यक्ष धीरज कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान सारण जिला के रिविलगंज थाना के देवरिया गांव के 27 वर्षीय अमरजीत कुमार के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपित ने बरामद देसी कट्टा और कारतूस के बारे में कोई संतोषजनक जबाब नही दिया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित अमरजीत कुमार से पूछताछ के बाद आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके विरूद्ध रिविलगंज थाना में तीन और विजयीपुर थाना में एक मामले दर्ज है।

### जलालपुर ने आरक्षण को ले वाममोर्चा ने किया प्रदर्शन

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में पिछड़ा, अति पिछड़ा, एससी, एसटी और महादलित के 65 प्रतिशत आरक्षण को हाईकोर्ट द्वारा समाप्त किए जाने के विरोध में एपवा नेत्री व मांझी के माकपा विधायक की पत्नी संजू देवी के नेतृत्व में वाममोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया व जलालपुर के महेंद्र मिश्र चौक पर पुतला दहन किया। प्रदर्शन हाईस्कूल जलालपुर के परिसर से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचा तथा जलालपुर चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर मांझी के माकपा विधायक डाक्टर सत्येद्र यादव की पत्नी व एपवा की महिला नेत्री संजू देवी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार 65 फीसदी आरक्षण को लागू किया लेकिन हाईकोर्ट ने इसे समाप्त कर दिया। राज्य सरकार 65 फीसदी आरक्षण को लागू करने के लिए संविधान की नौवीं सूची में शामिल कराए। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर 15 जुलाई को राज्य व्यापी आंदोलन किया जाएगा। मौके पर भाकपा, माकपा, राजद व वाममोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आकर 20 फीट नीचे गिरा शख्स, भागलपुर में छत पर छड़ ले जाते वक्त हादसा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान 33 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आने से छड़ मिस्त्री के पूरे शरीर में आग लग गई। बिजली जाने के बाद मिस्त्री छत से 20 फीट नीचे से जमीन पर गिर गया। मामला (जीरोमाइल) औद्योगिक थाना क्षेत्र के झुखुरिया मोड़ के पास का है। घायल की पहचान हाउसिंग बोर्ड निवासी शिबू शर्मा के पुत्र सोनी शर्मा (36) के रूप में की गई है। झुरखुरिया मोड के समीप रंजीत शाह का निर्माणाधीन मकान तैयार किया जा रहा है।

घायल छड़ मिस्त्री का काम करता था उनके साथ अन्य मिस्त्री और मजदूर भी शामिल था। बताया जा रहा कि छड़ को छत पर ले जाने के दौरान 33 हजार के वोल्ट वाले बिजली तार से सट गया। जिसके कारण यह बिजली की चपेट में आ गया। देखते ही देखते शरीर में पूरी तरह आग लग गई। बिजली कटने के बाद 20 फीट नीचे गिरे मजदूर को अन्य सहयोगियों ने उसे प्रारंभिक इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल मायागंज रेफर कर दिया। मायागंज में घायल का इलाज चल रहा है। हादसे के वक्त अन्य मिस्त्री भी मौजूद थे। काम कर रहे पिंटू यादव ने बताया कि छड़ छत पर लेकर जा रहे थे। तभी 33 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आ गया। जिसके कारण शरीर में आग लग गई। फॉरेन लाइट कटी तो 20 फीट नीचे गिर गया।

### मकान मालिक दे रहे हैं इलाज का खर्च

मकान मालिक रंजीत शाह घायल के इलाज का पूरा खर्च उठा रहे है। उसी का निर्माणाधीन मकान को बनाने में यह मिस्त्री का काम करता था। पिछले दो महीने से अन्य मजदूरों के साथ यह छड़ बांधने का काम कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और अन्य स्वजन रात के करीब 11ः00 बजे मायागंज अस्पताल पहुंचे। जहां पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# किराए का मकान देखने घुसे, महिला की गला दबाकर हत्या



## पटना में रिटायर्ड प्रोफेसर की पत्नी का मर्डर, बेटी बोली-मुझे भी मारने की कोशिश की

**पटना, एजेंसी।** पटना में किराए के लिए कमरा लेने का कहकर घर में घुसे 3 लोगों ने एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। 63 साल की रंजना और उनकी बड़ी बेटी अंकिता चार तल्ले के मकान में रहती थीं। देर शाम तीन अपराधियों ने दरवाजा खटखटाया। अंकिता ने गेट खोला तो अपराधियों ने कहा कि किराए पर घर लेना है। मां-बेटी फर्स्ट फ्लोर पर रहती हैं।

मां, तीनों को फ्लैट दिखाने के लिए तीसरे फ्लोर पर चली गई। बेटी पहले पर रह गई। थर्ड फ्लोर पर ही उनकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। पाटलिपुत्र थाना के नेहरूनगर में गैस गोदाम के पास मकान नंबर 378 ए में ये हत्या हुई है। मृतक की पहचान लखीसराय पॉलिटेक्निक कॉलेज से कुमार चंद्रशेखर की पत्नी रंजना देवी के रूप में हुई है। उनकी बेटी अंकिता एएन कॉलेज से पीएचडी कर रही हैं। छोटी बहन मनीषा गुरुग्राम में रहती है। बड़ी बेटी अंकिता ने बताया कि तीनों घर में फ्लैट देखने का कहकर घुसे। मां उन्हें कमरा दिखाने के लिए ऊपर गई थी। थोड़ी देर बाद तीनों नीचे आए और कहा-जाओ मां बुला रही है। इतना कहते ही तीनों ने मेरा भी गला दबाने की कोशिश की। शोर मचाने के बाद तीनों भाग गए। अंकिता जब तीसरे फ्लोर पर गई तो देखा कि रंजना खून से लथपथ थी और फर्श पर पड़ी हुई थी। उनकी मौत हो चुकी थी।

### पति की 6 महीने पहले हो चुकी है मौत

बता दें कि कुमार चंद्रशेखर 5 साल पहले रिटायर हुए थे। 6 माह पहले उनकी बीमारी से मौत हो गई। वे मूल रूप से जहानाबाद के बरथु के रहने वाले थे। नेहरू नगर में उनका अपना मकान है। कुमार चंद्रशेखर की औरंगाबाद के कुरमा गांव में करीब 15-20 बीघा जमीन भी है। बेटी अंकिता ने बताया कि जिस वक्त तीनों अपराधी आए उस वक्त मां, मौसी से बात कर रही थीं। तीनों में एक नाटा और काले रंग का है जबकि दो लंबे और काले रंग के थे। इन तीनों में काले रंग का युवक पहले भी मकान के बहाने यहां आ चुका है।

### हत्या क्यों हुई खुलासा नहीं

सूचना मिलने के बाद सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके से अपराधियों का चप्पल और गमछा जब्त किया है। सिटी एसपी ने बताया कि हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। बेटी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ केस किया गया है।

### पीरपैंती से लापता युवक चेन्नई से बरामद

**भागलपुर/पीरपैंती , एजेंसी।** 22 जून को अफजलपुर थाना सनोखर से पांच लोग श्रीमतपुर हजूरनगर दियारा पहुंचे थे। वहां किसी बात पर अफजलपुर के युवक मांगन मंडल के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। इसके बाद वह घर नहीं लौटा तो उसकी मां कौशल्या देवी ने पीरपैंती थाना में प्राथमिकी दर्ज करा हजूरनगर के छह लोगों पर हत्या की नीयत से मारपीट कर गायब कर देने का आरोप लगाया था। लापता युवक को पुलिस ने केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान के सहयोग से चेन्नई रेलवे स्टेशन पर सकुशल बरामद कर लिया। पीरपैंती थाना में देर शाम प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसडीपीओ कहलगांव 2 अर्जुन कुमार गुप्ता एवं थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने उक्त बातों की जानकारी दी।



# बारिश के दौरान बगीचा रहेगा एकदम हरा-भरा, इन बातों का रखें ध्यान

बालकनी में बैठ पकौड़े और चाय की चुस्कियों के साथ बारिश के मौसम का आनंद लेने का अलग ही मजा होता है। कई बार तो लोग मानसून के दौरान बाहर घूमने जाने का भी प्लान बना लेते हैं। छाता से लेकर रेनकोट हर चीज की व्यवस्था हम बारिश शुरू होने से पहले कर लेते हैं। लेकिन इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान छोटे और हल्के पौधों को पहुंचता है। वैसे तो बारिश का पानी प्राकृतिक रूप से पौधों की ग्रोथ करने में कारगर होते हैं। अगर बारिश के मौसम में ठीक से ख्याल रखा जाए तो हम अपने प्लांट को पूरे मौसम हरा-भरा रख सकते हैं। इस आर्टिकल में आज हम आपको उन छोटी-छोटी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं,जिसकी मदद से आप इनकी केयर कर सकती हैं।

## इन तरीके से करें बारिश में गार्डन और पौधों की देखभाल

- बारिश शुरू होने से पहले पौधों के नीचे वाली पत्तियों को तोड़कर हटा दें।
- इस मौसम में पौधों के गमले के ऊपर तक 3 भाग मिट्टी और 1 भाग गोबर की खाद को मिक्स करके भरें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप गमले का ऊपरी हिस्से खाली छोड़ देंगे तो इसमें पानी भर जाएगा और पौधे सड़ जाएंगे।
- 1 हफ्ते के अंतराल में पौधों पर होममेड पेस्टिसाइड का छिड़काव करें। ऐसा करने से पौधों में कीड़े नहीं लगेंगे।
- ग्रोथ होने पर समय-समय पर पौधों की कटिंग करें। इससे प्लांट्स में नए पत्ते तेजी से ग्रो करेंगे।
- बारिश के कारण मिट्टी गीली रहती है। ऐसे में इसमें पानी तब ही डालें जब मिट्टी सूखने लगे।
- प्लाटंस में पानी भरने पर उसे निकाल दें। इसके अलावा पौधों को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करते रहें।
- अगर आप प्लांट्स को उठाकर दूसरी जगह नहीं रख सकते हैं तो इसके ऊपर शीट या पन्नी लगाएं।
- कई बार हम खुली जगह पर पौधे लगाते हैं जो बड़े होने के बाद घने हो जाते हैं। इस स्थिति में अपने हर एक प्लांट्स को अच्छे से चेक करें। सभी पौधों को बराबर पानी मिल रहा है या नहीं। इसके साथ किसी पौधे में कीड़े तो नहीं लग गए हैं।
- पॉट का इस्तेमाल करते समय यह जरूर चेक करें कि उसमें होल है या नहीं। होल को मिट्टी से ढके नहीं। एक्स्ट्रा पानी गमले से आसानी से निकल जाए इसके लिए होल के ऊपर ईट का छोटा टुकड़ा लगाकर मिट्टी भरें।
- अगर आपने पॉट को स्टैंड पर रखा है तो उसके नीचे लगी प्लेट को दूसरे दिन साफ करें।
- हल्के व बेल वाले पौधेको किसी लकड़ी या फिर स्टैंड के सहारे टिकाएं। इससे पौधे तेज हवा और पानी के झोंके से नहीं टूटेंगे।



# मानसून सीजन में अपने घर की ऐसे करें देखभाल

**मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही लाया है ढेर सारी बारिश, ठंडी हवाएं और नमी। इस खूबसूरत मौसम का आनंद लेने के साथ-साथ, हमें अपने घरों का भी ध्यान रखना जरूरी है।**

बारिश के समय घर की सतह को निरंतर साफ और सूखी रखने के लिए नियमित तौर पर सफाई करनी चाहिए। छत, छत की नाली, बरामदे और छत के झरने को साफ करें। साथ ही पानी या बिजली की समस्याओं के लिए तैयार रहें। बारिश से पहले अपनी बिजली सप्लाई और पानी की जांच करें और उन्हें ठीक करवाएं। ऐसी ही घर में कई चीजें हैं, जिन्हें मानसून सीजन में देखभाल करने के लिए ये उपाय अपना सकते हैं। मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही लाया है ढेर सारी बारिश, ठंडी हवाएं और नमी। इस खूबसूरत मौसम का आनंद लेने के साथ-साथ, हमें अपने घरों का भी ध्यान रखना जरूरी है। बारिश और नमी से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ये सावधानियां बरतनी चाहिए।

## बिजली और बिजली केगैजेट्स की मरम्मत

बारिश के दौरान बिजली गिरने का खतरा ज्यादा होता है। इसलिए, सभी बिजली के गैजेट्स को पावर सॉकेट से निकालकर रखें। बाथरूम या किचन जैसे गीले इलाकों में बिजली के गैजेट्स का इस्तेमाल न करें। इस बात को भी सुनिश्चित कर लें कि आपके घर की बिजली व्यवस्था ठीक से ग्राउंड है। ज्यादा बारिश होने पर जरूरी न होने पर घर से बाहर न जाएं।

## पानी की सही उपलब्धि



बारिश के पानी को इकट्ठा करके आप इसका इस्तेमाल बाद में सिंचाई या घरेलू कामों के लिए कर सकते हैं। बारिश से पहले नालियों और गटरों की सफाई कर लें ताकि पानी जमा न हो और मच्छरों का प्रजनन न हो। घर में टपकते नल को ठीक करवा लें ताकि पानी बर्बाद न हो। बारिश के पानी से बचने के लिए जरूरी सामान और दस्तावेजों को पहली मंजिल पर रखें। वहीं, उन जगहों को ध्यान से देखें जहां जल स्रोत या नाली हो सकती है। अगर कोई जल जमाव हो, तो उसे समय पर साफ करवाएं ताकि पानी घर के अंदर न पहुंचे।



इसके साथ-साथ अपने घर के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट स्कीम बनाएं और उसे परिवार के सदस्यों के साथ शेयर करें। डिजास्टर के मामले में सुरक्षित रहने के लिए जरूरी सामान और संसाधनों की व्यवस्था करें।



बारिश के अवधि में खिड़कियों और दरवाजों को सुखे रखने के लिए उन्हें ठीक से बंद करें। अगर कोई ड्रेनेज प्रॉब्लम हो, तो उसे जल्दी से सुधारवाएं।

## छत और दीवारों की मरम्मत

बारिश से पहले अपनी छत की अच्छी तरह से जांच कर लें और अगर कहीं भी दरारें या रिसाव हो तो उसे ठीक करवा लें। इसके साथ ही दीवारों में नमी से बचने के लिए, वेंटिलेशन पर ध्यान दें। खिड़कियां और दरवाजे खुले रखें, ताकि हवा का आवागमन हो सके। वहीं, अरग दीवारों का रंग उधड़ रहा है या फफोले पड़ रहे हैं, तो मानसून शुरू होने से पहले इनमें नया रंग करवा लें। उन जगहों को ध्यान से देखें जहां जलस्रोत या नाली हो सकती है। अगर कोई जल जमाव हो, तो उसे समय पर साफ करवाएं ताकि जल भवन के अंदर न पहुंचे। कीमती सामानों को नमी और पानी से बचाने के लिए एयर टाइट कंटेनर में रखें।

## किचन कैबिनेट की मरम्मत

बारिश के समय रसोई कैबिनेट को नियमित तौर से साफ और सूखे कपड़े से पोंछे। नम और गीले कपड़ों से उन्हें साफ करने से रसोई में मौजूद सामानों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। इसलिए, अगर आपके कैबिनेट लकड़ी के हैं, तो उन्हें बारिश के मौसम में नमी से बचाने के लिए मरम्मत करें। लकड़ी को नमी और फ्लूरिंग से बचाने के लिए सीलेंट लागाएं।



# लॉन्ग कुर्ती में दिखना है स्टनिंग तो पहले जान लें यह रूल्स

**जब भी एथनिक वियर की बात होती है तो सूट का नाम लिया जाता है। हालांकि, इन दिनों आपको मार्केट में केवल कंप्लीट सूट सेट ही नहीं मिलता, बल्कि अलग से कुर्तियां भी अवेलेबल हैं, जिन्हें कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है।**

खासतौर से, लॉन्ग कुर्ती की मदद से आप ना केवल एथनिक लुक क्रिएट कर सकती हैं, बल्कि इंडो-वेस्टर्न स्टाइल को भी कैरी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आप केजुअल्स से लेकर आउटिंग यहां तक कि पार्टीज में भी इन लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। आमतौर पर देखने में आता है कि महिलाएं इन लॉन्ग कुर्तीज को केवल लेगिंग्स के साथ पेयर करती हैं, हालांकि, इन्हें अन्य भी कई तरीकों से कैरी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, हर बार आप एक ही लॉन्ग कुर्ती को कई अलग-अलग तरीकों से कैरी करके एक न्यू लुक क्रिएट कर सकती हैं। 3 जींस के साथ करें स्टाइल यह लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करने का एक सिंपल लेकिन बेहतरीन आईडिया है। जींस के साथ हर टाइप की कुर्ती बेहद ही स्टाइलिश लगती है। भले ही वह फ्रंट ओपनिंग कुर्ती हो या फिर प्रिंटेड कुर्ती। आप चाहें तो इस लुक में स्टनिंग एसेसरीज कैरी करके एक स्टाइल स्टेटमेंट क्रिएट कर सकती हैं या फिर स्कार्फ को भी इस आउटफिट के साथ पेयर किया जा सकता है।

## श्रग में दिखेंगी स्टनिंग

अगर आप लॉन्ग कुर्ती को आउटिंग के दौरान कैरी कर रही हैं और अपने लुक से सबको इंप्रेस करना चाहती हैं तो ऐसे में आप इसके साथ श्रग कैरी कर सकती हैं। इस तरह आप अपने लुक में कलर ब्लॉकिंग कर सकती हैं। लॉन्ग कुर्ती विद श्रग स्टाइल में आप बॉटम वियर में लेगिंग्स से लेकर प्लाजो तक को पेयर कर सकती हैं। इसके साथ एक लॉन्ग पेंडेंट आपके लुक को खास बनाएगा।

## सिगरेट पैंट्स के साथ करें पेयर

अगर आप ऑफिस में लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में आप सिगरेट पैंट्स के साथ इसे पेयर कर सकती हैं। इसमें मैचिंग कलर से लेकर कॉन्ट्रास्टिंग कलर दोनों ही काफी अच्छे लगते हैं। वहीं फुटवियर में आप हील्स के अलावा जूतियां भी पेयर कर सकती हैं।

## शरारा के साथ करेंगी रॉक

यह लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करने का एक बेहतरीन आईडिया है। अगर आप पार्टी में लॉन्ग कुर्ती को पहनना चाहती हैं तो इसके साथ शरारा कैरी किया जा सकता है। यूं तो शरारा को कुर्ती के साथ मैचिंग कलर में सलेक्ट किया जा सकता है। लेकिन इसके अलावा, अगर आप चाहें तो व्हाइट या क्रीम कलर के शरारा को भी पेयर कर सकती हैं। इस लुक में चुनरी को भी कैरी किया जा सकता है। आप शरारा से मैचिंग चुनरी को पेयर करें। इसके साथ एसेसरीज में ब्रेसलेट काफी अच्छे लगते हैं।

## लॉन्ग कुर्ती विद लेयर्ड स्कर्ट

अगर आप लीक से हटकर लॉन्ग कुर्ती को स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेयर्ड स्कर्ट को अपने लुक का हिस्सा बनाएं। इसमें आप सॉलिड कलर्स को सलेक्ट कर सकती हैं। साथ ही कलर कॉन्ट्रास्टिंग करके अपने लुक को खास बना सकती हैं। खासतौर से, लॉन्ग स्ट्रेट कट कुर्ती के साथ फ्लेयर्ड स्कर्ट की पेयरिंग का ऑप्शन बेहद खास लगता है। इस लुक में आप ओकेजन के अनुसार एसेसरीज को सलेक्ट कर सकती हैं।



**किसी भी कपड़े में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब वह रिंकल फ्री हों। अमूमन कपड़ों को रिंकल फ्री बनाने के लिए आयरन की मदद ली जाती है। हालांकि, पिछले कुछ समय से क्लॉथ स्टीमर के इस्तेमाल का चलन भी काफी बढ़ गया है। इसमें भाप की मदद से कपड़ों की सिलवटों को हटाया जाता है। चूंकि इन्हें इस्तेमाल करना काफी आसान होता है, इसलिए अधिकतर लोग क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।**

# क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हुए नहीं करनी चाहिए ये पांच गलतियां

क्लॉथ स्टीमर पानी को गर्म करके भाप में बदल देते हैं और जब आप बटन दबाते हैं, तो भाप एक केंद्रित जेट में बाहर निकलती है। उस भाप से सिलवटें गायब हो जाती हैं। अमूमन क्लॉथ स्टीमर को इसलिए भी काफी पसंद किया जाता है, क्योंकि इससे ना केवल कपड़े, बल्कि परदों व फर्नीचर पर चढ़े हुए कपड़ों को भी आसानी से रिंकल फ्री बनाया जा सकता है। क्लॉथ स्टीमर बेहद ही यूजफुल होते हैं, लेकिन उन्हें सही तरह से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अमूमन क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते समय लोग कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

## बहुत जल्दी शुरू करना

अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हैं तो उसका बटन दबाते ही तुरंत इस्तेमाल करना शुरू कर देता है। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्लॉथ स्टीमर को गर्म होने और उपयोग के लिए तैयार होने में कुछ समय लगता है। इसे स्टार्ट करने के बाद भाप को कम से कम 30 सेकंड के लिए हवा में छोड़ें जब तक कि यह समान रूप से बाहर न आ जाए। इससे स्टीमर को किसी भी पानी के अवशेष को बाहर निकालने की अनुमति मिलती है, जो पिछली बार इस्तेमाल किए जाने के बाद से नोजल में अभी भी हो सकता है।

## हार्ड वॉटर का इस्तेमाल करना

अमूमन क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हुए उसमें पानी को डाला जाता है। हालांकि, इसमें कभी भी नल के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसमें मिनरल्स होते हैं, जो समय के साथ क्लॉथ स्टीमर को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, मिनरल बिल्डअप को रोकने के लिए डिस्टिल्ड वाटरका उपयोग करें जो स्टीमर को क्लॉग नहीं करता है।

## एक ही जगह पर बहुत देर तक भाप देना

कई बार यह देखने में आता है कि लोग जब क्लॉथ स्टीमर का इस्तेमाल करते हैं, तो उसे एक ही जगह पर बहुत देर तक रखते हैं। जबकि आपको यह गलती नहीं करनी चाहिए। स्टीमर को बहुत देर तक एक ही जगह पर रखने से पानी के धब्बे पड़ सकते हैं या कपड़ा जल भी सकता है। इसलिए, स्टीमर को कपड़े पर लगातार घुमाते रहें।

## स्टीमर गलत तरीके से पकड़ना

क्लॉथ स्टीमर से आपको बेस्ट रिजल्ट मिले, इसके लिए आपको उन्हें सही तरह से पकड़ना और इस्तेमाल करना आना चाहिए। कभी भी स्टीमर की धातु की प्लेट को कपड़े के समानांतर न रखें, बल्कि इसे थोड़ा नीचे की ओर रखें। इससे भाप बेहतर तरीके से फैलती है और आपके कपड़ों पर बूंदों के गिरने का जोखिम कम होता है। साथ ही, प्लेट को बहुत दूर न पकड़ें।

## वॉटर टैंक को ओवरफिल करना

क्लॉथ स्टीमर को इस्तेमाल करते समय पानी की आवश्यकता होती है। लेकिन वाटर टैंक को ओवरफिल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे लीकेज या पानी का रिसाव हो सकता है। हमेशा वाटर टैंक पर बताई गई फिल लाइन का पालन करें।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मोबाइल की लत बच्चों के लिए जी का जंजाल

आज के दौर में आधुनिकता का एक पैमाना यह भी प्रचारित किया गया है कि कोई व्यक्ति नई तकनीकी का कितना इस्तेमाल करता है। इस धारणा की जद में वे तमाम लोग हैं, जो जरूरत होने पर या फिर गैरजरूरी तरीके से तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इस धारणा का आकर्षण बच्चों को भी अपने दायरे में ले चुका है और उनके कोमल मन-मस्तिष्क को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल में जब एक पंद्रह वर्षीय किशोर को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की वजह से स्कूल छोड़ने को कहा गया, तो उसके बाद किशोर के आत्महत्या कर लेने की खबर आई। सवाल उठता है कि आए दिन स्मार्टफोन की लत की वजह से बच्चों के भीतर अप्रत्याशित प्रतिक्रिया होने की खबरें आने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने संवेदनशील तरीके से इस मसले का हल निकालना जरूरी क्यों नहीं समझा? स्कूल में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी अगर वह किशोर ऐसा कर रहा था तो यह उसकी मानसिक परिस्थितियों या लत का नतीजा हो सकता है। इस स्थिति में उसे हिदायत देने के क्रम में मनोवैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था।सच यह है कि आज बच्चों और किशोरों के भीतर अगर स्मार्टफोन देखने को लेकर अतिरेक की हद तक व्यस्तता देखी जा रही है तो इसका कारण मनोविज्ञान ही है। सिमटे परिवार और कामकाजी व्यस्तता के दौर में बच्चों के साथ घुलने-मिलने और खेलने के लिए अभिभावकों के पास समय नहीं है और बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देकर अभिभावक सोचते हैं कि उनका बच्चा आधुनिक और अद्यतन हो रहा है। मगर उसे जरूरत या फिर गैरजरूरी होने पर भी लगातार देखते रहने पर बच्चे का कोमल मन-मस्तिष्क एक तरह के सम्मोहन का शिकार हो जाता है और उसी से उसकी मानसिक परिस्थितियां संचालित होने लगती हैं। वह मोबाइल के स्क्रीन के प्रभाव में इस हद तक आ जाता है कि उसे छोड़ने पर उसका विवेक काम करना बंद कर सकता है और ऐसी स्थिति में कई बार वह खुद को नुकसान पहुंचा लेता है। इसलिए अगर कोई बच्चा इस परेशानी का शिकार हो तो उसके प्रति सख्ती के बजाय संवेदनशील और मनोवैज्ञानिक तौर-तरीकों का सहारा लेना चाहिए।

## अभिभाषण का भाव

अठारहवीं लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण न केवल विश्वास जगाने की अच्छी कोशिश है, बल्कि सत्ता पक्ष की राजनीति का भी स्पष्ट संकेत है। राष्ट्रपति ने गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। परीक्षाओं के साथ निरंतर हो रहे खिलवाड़ की वजह से किशोरों और युवा पीढ़ी में चिंता व्याप्त है। शिकायतों के प्रति सरकार को गंभीर होना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कथित गड़बड़ी का उल्लेख किया और वादा किया कि उनकी सरकार निष्पक्ष परीक्षाएं आयोजित करेगी। वास्तव में, युवा पीढ़ी और देश यही चाहता है कि परीक्षाओं को चाक-चौबंद बनाया जाए। उनसे खिलवाड़ करने वाले रसूखदारों के दुस्साहस को मुंहतोड़ जवाब मिलना ही चाहिए। राष्ट्रपति ने सही कहा है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस पर विचार करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने संसद के सभी सदस्यों को सलाह दी है कि सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए संसदीय कार्यवाही को बाधित नहीं किया जाए। यह बात छिपी हुई नहीं है कि संसद का समय बड़े पैमाने पर हंगामे की भेंट चढ़ता है। राष्ट्रपति की इस सदिच्छा का सम्मान सांसदों का कर्तव्य होना चाहिए। विरोध अपनी जगह है, जहां सांसद सहमत नहीं होंगे, वहां उन्हें नाराजगी जताने में हिचकना नहीं चाहिए, पर सदन में अनावश्यक शोर करना, मात्र विरोध के लिए विरोध करना बंद हो जाना चाहिए। देश की सर्वोच्च पंचायत फिजूल की टीका-टिप्पणियों के लिए कतई नहीं है। 18वीं लोकसभा में अगर कम से कम हंगामा और ज्यादा से ज्यादा काम हो, तो देश की तरक्की को बल मिलेगा। हंगामा या समय की बर्बादी सत्ता पक्ष की वजह से हो या विपक्ष की वजह से, नुकसान देश को होता है। राष्ट्रपति ने सांसदों को याद दिलाया है कि सदन के सभी सदस्यों के लिए लोकहित सर्वोपरि होना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में यह भी संकेत दिया है कि सरकार आगामी बजट के दौरान कई बड़ी घोषणाएं करेगी। पहले से ही यह उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी बजट देश की आर्थिक और सामाजिक स्थितियों को प्रभावित करने वाला हो सकता है। इससे देश में आर्थिक सुधार की गति बढ़ेगी।

## अब भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करना चाहिए

(प्रह्लाद सबनानी)

> वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग क्क्क- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है।

कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गलत दर्शाया गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार, भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है। इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है। फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है। अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का, आधारभूत ढांचे को विकसित करने एवं भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने से सम्बंधित आंकड़ों एवं प्रयासों का गम्भीरता से लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। आगे आने वाले दो वर्षों के दौरान यदि उक्त तीनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है।

## ओम बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में

(ललित गर्ग)

हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। ओम बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5417

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आडी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5416

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन खुशनमा है और आप आप जनता के प्रिय बनेंगे। आपमें एक विशेष आकर्षण रहेगा। ज़मीन जायदाद से संबंधित मामलों में फैसला आपके पक्ष में आएगा। पिता के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना है। शाम को आपके लिए कुछ शारीरिक कष्ट बढ़ सकते हैं और आपको डॉक्टर के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

### वृष
आज लाभ का दिन है और कार्यक्षेत्र में आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सुख में वृद्धि होगी। आपके अन्दर निर्भीकता का भाव रहेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आप निर्भीकता से अपने कार्य पूर्ण करें तो आपको लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर संबंध रहेंगे। अच्छे वाहन द्वारा यात्रा होगी। सावधान रहें और अपने काम पर ध्यान दें।

### कर्क
आज भाग्य साथ देगा और कारोबार में आपके शत प्रतिशत प्रयास सफल होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। आपके धन कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य भी साथ देगा।

### सिंह
आज संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में लोग आपकी चुगली कर सकते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें। वरना लेने के देने पड़ सकते हैं। आपकी राशि का स्वामी आपके लिए अनुकूल है। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

### मिथुन
आज भाग्य की दृष्टि से आपका दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में चला आ रहा कोई रोग दूर होगा। उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। आपको आर्थिक मामलों में परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कहीं से रुका धन मिलने की संभावना है। धर्म कर्म के मामले में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के वक्त आपका मन पुण्य कार्य में लगेगा। इससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा।

### तुला
आज करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए। आप किसी प्रकार की औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझें तो आपके लिए अच्छा होगा। जो चाहिए, बेहिचक कह दें तो आपके सुकून मिलेगा। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

### वृश्चिक
आज दिन काफी परेशानी से भरा होगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें और कड़ी मेहनत से ही आपको सफलता प्राप्त होगी। भौतिक सुख साधनों पर खर्च होगा और आपको आज आराम करने के अवसर प्राप्त होंगे। खुशमिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग के साथ अपने संबंध बेहतर करेंगे। रात्रि को किसी आध्यात्मिक महापुरुष से भेंट हो सकती है।

### मकर
आज सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपका अधिक समय धार्मिक कार्य में बीतेगा और मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयास सफल होंगे और भाग्य आपका साथ देगा। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर काम करेंगे। शत्रु आपके पराक्रम को देखकर हतोत्साहित होंगे।

### कुंभ
आज दिन परेशानियों से भरा होगा। आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान द्वारा किए श्रेष्ठ कार्य से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त कर लेंगे और आपको सुख प्राप्त होगा। शाम से लेकर रात तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित होगा। सैर सपाटे और मौज मस्ती में समय बीतेगा।

### धनु
आज करियर के मामले में भाग्य का साथ मिल रहा है। यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की दिशा में आपकी रुचि बढ़ेगी और योजनाएं सफल होंगी। आपको नये कार्य सीखने को मिलेंगे और भाग्य भी आपका साथ देगा। अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे।

### मीन
आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं। विद्या बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। आपको शासन द्वारा सम्मानित किये जाने की प्रबल संभावना है। धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी। आपके परिवार में किसी मित्र के आने से आपका खर्च और काम दोनों बढ़ सकते हैं।

## वर्ग पहेली 5418

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | |
| 8 | | 9 | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | 12 | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | ■ | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 |
| | ■ | 20 | ■ | 21 | | 22 | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 15 अगस्त को भारत के अतिरिक्त कांगों, नार्थ कोरिया, साऊथ कोरिया व इस देश में भी स्वाधीनता दिवस मनाया जाता है (4)
4. इस वृक्ष को छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
6. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
7. अरब का एक प्रसिद्ध शहर, ग्रांथिक रूप से इस अरबी शब्द का अर्थ शहर या नगर है (3)
8. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (4)
10. नष्ट्र ध्वंस, बर्बाद (6)
13. चैन, राहत, आराम (2)
15. वह विस्फोटक पदार्थ जो ज्वालामुखी पर्वत से निकलता है (2)
16. श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
17. कामिनी (3)
21. सबसे दोस्ती करने वाला (4)
23. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए तय कर लिया हो (4)
24. हाथ, हस्त, महसूल, टैक्स (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ठंडी हवा, पवन (3)
2. अक्षर, वर्ण (3)
3. स्वामीभक्त, उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. मनुहार, मनाने का काम (4)
5. अगल-बगल (4)
9. प्रतिमा, देवमूर्ति, कठोर ह्दय, आकार (2)
11. प्रश्नात्क, प्रश्नपूर्ण, प्रश्नवाचक (4)
12. व्यक्तित्व, अस्तित्व, सामर्थ्य, शक्ति (2)
13. सुंदर नेत्रों वाली, पुराणानुसार महाराज जनक की पत्नी का यह नाम था (4)
14. दुष्ट, दुर्जन, अधम, नीच (2)
18. सद्गति प्राप्त करने वाला (3)
19. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
20. जो दिन इस समय बीत रहा है, इस दिनों में (2)
22. दफा, मर्तबा, आधुनिक मद्यशाला (2)

### वर्ग पहेली 5417 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | कि | स्ता | न | ■ | अ | मे | ठी |
| र्थ | ■ | व | र | क | न्या | ■ | क |
| ■ | र | क | मी | ■ | य | दि | ■ |
| र | क्षा | ■ | ■ | जू | ■ | ल | क्ष्य |
| ह | क | ■ | आ | न | बा | न | ■ |
| न | व | नी | त | ■ | न | वा | ब |
| ■ | च | ■ | ति | थि | ■ | जी | न |
| ■ | ■ | जौ | ■ | र | क्त | ■ | ना |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में बच्चों का कब होगा इंजीनियरिंग में एडमिशन, अब तक शुरू नहीं हुई काउंसलिंग

**रांची, एजेंसी।** इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया देशभर में शुरू हो गयी है. झारखंड सरकार की देखरेख में संचालित इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए अब तक काउंसलिंग भी शुरू नहीं हो पाई है. झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) को इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकन की जिम्मेदारी सौंपी गई है. एडमिशन से पहले काउंसलिंग कराने के लिए जेसीइसीइबी अब तक एजेंसी का भी चयन नहीं कर पाई है. जेसीइसीइबी ने इसके लिए अब तक 2 बार टेंडर निकाला है. नामांकन के लिए विद्यार्थियों को 24 जून तक रजिस्ट्रेशन कराने को कहा था. विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली थी, लेकिन नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं होने से उन्हें परेशानी हो रही है. इधर, केंद्र सरकार व देश के अलग-अलग राज्यों की ओर से संचालित इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. जोसा की द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया अब अंतिम चरण में हैं. ऐसे में अगर झारखंड में जल्द एडमिशन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो विद्यार्थियों को विवश हो दूसरे राज्यों में नामांकन कराना पड़ेगा.

### कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया हूल दिवस

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को सिद्धो कान्हू की शहादत को हूल दिवस के रूप में मनाया गया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत की अध्यक्षता में उपस्थित कांगेसियों ने शहीदों की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि क्रांतिकारी नेता सिदो मुर्मू एवं कान्हू मुर्मू के आह्वान पर बरहेट के भोगनाडीह में 20 हज़ार संथालों ने ब्रिटिश हुकूमत के अधीन महाजनी प्रथा और सरकार की बंदोबस्ती नीति के खिलाफ विद्रोह किया था। इस विद्रोह का मूल कारण था आदिवासियों से 50 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक खेती कर वसूली करना। इस अन्याय के खिलाफ सिद्धो, कान्हू, चांद, भैरव और बहनें फूलो झानो ने आवाज उठाई थी। इसके लिए इनका एकमात्र नार था जमीनदार, महाजन, पुलिस, राजदेन आमला को गुजकमाड अर्थात जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो । मौके पर उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, उपाध्यक्ष मकसूद आलम, राजू चौरसिया, केडी सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, दिलीप कुमार रवि, कजरु साव, अनिल भुईया, कौशल कुमार सिंह, विजय सिंह, , अमृतेश रंजन आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकराई, तीन स्कूली छात्र जख्मी

**धनबाद, एजेंसी।** कलियासोल में तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकरा गई। रविवार की दोपहर हुई इस घटना में तीन स्कूली छात्र जख्मी हो गए। तीनों छात्र पीएमके हाईस्कूल के थे। एक छात्र के सिर में चोट आई है। दूसरे की कमर में चोट है। तीसरे को हल्की चोट आई है। धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में इलाज के बाद तीनों घर चले गए ।घटना के बारे में बताया जाता है कि स्कूल में छात्रवृत्ति की परीक्षा थी। इसी में शामिल होकर तीनों निकल रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। इनकी तेज रफ्तार बाइक का हैंडल पहले एक बिजली के पोल से टकराया। इससे बाइक अनियंत्रित हो गई और दीवार से जा टकराई। इस घटना में तीनों छात्र वहीं गिर गए। घटना की सूचना पर स्थानीय मुखिया राजीव मंडल वहां पहुंचे।

### 120 दिव्यांग बच्चों का जांच , 45 बच्चों के बीच किट वितरण

**देवघर/सारठ, एजेंसी।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत शनिवार को प्रखंड कार्यालय से सटे गोपिबांध मध्य विद्यालय में प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ सह सीओ चन्दन कुमार सिंह एवं बीईओ रोबिन चन्द्र मंडल एवं डॉक्टरों की टीम ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद जिला द्वारा गठित डॉक्टरों की टीम ने दिव्यांग बच्चों की जांच की। इस दौरान डॉक्टरों ने पंजीकृत कुल 120 स्कूली बच्चों का दृश्य क्षमता, श्रवण क्षमता, बोलने , सोचने समझने की क्षमता एवं चलने उठने बैठने आदि समस्याओं का विस्तृत जांच किया। बताया गया कि उन बच्चों को दिव्यांगता प्रतिशत के अनुसार जल्द ही प्रमाणपत्र बनवाकर वितरित किया जाएगा।

# भरे बाजार 50 लाख के जेवर लेकर भागा, सीसीटीवी में दिखा चोर




**पलामू, एजेंसी।** झारखंड के पलामू जिले के छतरपुर थाना परिसर से करीब 300 फीट की दूरी पर स्थित मुख्य बाजार में दुकान का शटर बंद कर रहे बृज बिहारी ज्वेलर्स के मालिक का जेवर से भरा थैला उठाकर उचक्का भाग निकला। घटना रविवार की देर शाम करीब आठ बजे की है। दुकानदार के अनुसार थैले में 50 लाख के सोने और चांदी के जेवर थे।

**जेवर भरे थैला को लेकर भागा :** पुलिस का गश्ती जल घटनास्थल पर पहुंची। सीसीटीवी के माध्यम से युवक को थैला लेकर जाते देखा गया। जानकारी के अनुसार प्रतिष्ठा के मलिक बृज बिहारी सोनी दुकान बंद कर शटर लगाने की तैयारी कर रहे थे। जेवर भरे थैला को दुकान के दरवाजे के पास रखकर बाइक के डिक्की में सब्जी रखने गए थे। इसी क्रम में उच्चका ने थैला लेकर निकल भागा।

छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि सीसीटीवी में थैला उठाकर भागता हुए एक व्यक्ति दिख रहा है। पुलिस संबंधित व्यक्ति को चिह्नित करने का प्रयास कर रही है। कोढ़ा गिरोह के अपराधी छतरपुर क्षेत्र में भी इस तरह के आपराधिक घटना में सक्रिय हैं। पुलिस छापेमारी भी कर रही है। पुलिस का कहना कि कोढ़ा गैंग सक्रिय है। उस गिरोह के लोगों का हाथ हो सकता है। घटना के बाद से भुक्तभोगी परिवार काफी परेशान है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है

**नगद समेत नौ लाख के जेवर चोरी :** वहीं एक दूसरे मामले में रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के भिट्ठा में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत करीब नौ लाख के जेवर की चोरी कर ली। मकान शाहबाज नाम के व्यक्ति है, जो ठेकेदारी का काम करता है। वारदात को चोरों ने शनिवार की रात उस समय अंजाम दिया, जब मकान मालिक खाना खाने के लिए घर से बाहर गए थे।

शाहबाज ने बताया कि वह रात आठ बजे घर से निकले थे और सवा नौ बजे पहुंचे। इतनी ही देर में चोरों ने चोरी कर ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ठेकेदार की छत से एक देसी कट्टा भी बरामद किया है। पुलिस को आशंका है कि चोर हथियार लेकर ही चोरी करने पहुंचा था। ठेकेदार ने बताया कि उनके घर के पास में खाली मैदान है। वहां पर सुबह से देर रात तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि इस घटना को नशेड़ियों ने ही अंजाम दिया है।

## जेवर दुकान में लूट के विरोध में भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

**रांची, एजेंसी।** बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में लूट और संचालक पर जानलेवा हमले के विरोध में रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर ने प्रदर्शन किया। बिरसा चौक पर हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने सरकार पर कानून व्यवस्था बरकरार रखने में विफल रहने का आरोप लगाया।

भाजयुमो के शशांक राज ने कहा कि राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। हर दिन लूट और हत्या की घटनाएं हो रही हैं। किसी भी लूटकांड का खुलासा तक नहीं हो पा रहा है। रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राज्य में अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है। कहा कि प्रतिष्ठान के बगल में ही जहन्नाथपुर थाना और निकट में टीओपी है। कहा गया कि यदि पुलिस ने 48 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया तो पूरे राज्य में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मुनचुन राय, संजय महतो, महानगर मंत्री गुड्डू सिंह, युवा मोर्चा रांची महानगर मंत्री साहित्य पवन, ऋषि कक्कड़, धर्मवीर सिंह, बबन कुमार, आशीष अग्रवाल, प्रिंस कुमार, पीयूष विजयवर्गीय, तरुण दास, रौनक सिंह राजपूत, राहुल गुप्ता, प्रवीण कुमार, तुषार आरव और जोगिंदर महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## झारखंड विधानसभा चुनाव की जीत को लेकर बीजेपी की तैयारी जारी, प्रत्याशियों के नाम पर जल्द होगा मंथन



**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले घोषणा पत्र जारी करने पर विमर्श पूरा कर लिया है।

अब प्रत्याशियों का पैनल बनाने का काम किया जाएगा। चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने अपने दौरे में पार्टी नेताओं को सभी सीटों पर संभावित प्रत्याशियों का पैनल बनाने को कहा है।

जुलाई के पहले सप्ताह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का रांची दौरा प्रस्तावित है। दोनों प्रभारियों की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा की कोर समिति प्रत्याशियों के नाम का पैनल तैयार करेगी, जिसे केंद्र को भेजा जाएगा।

पार्टी घोषणा पत्र से पहले गठबंधन सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने की तैयारी में है। संभव है कि शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्व सरमा की उपस्थिति में इसे जारी कर दिया जाए।

प्रत्याशियों का नाम तय करते हुए पार्टी क्षेत्र में सक्रियता, जनता में उनकी छवि और क्षेत्र में उपलब्धता की जांच कर रही है। गठबंधन सरकार के खिलाफ समय-समय पर किए गए आंदोलन में किस नेता ने कितना भूमिका निभाई, इसे भी टिकट वितरण के आधार में शामिल किया गया है।

बीते लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र में नेताओं के काम का भी आकलन किया जा रहा है। इन शर्तों पर जो नेता खरे उतरेंगे, उनका नाम संभावित प्रत्याशियों के पैनल में शामिल किया जाएगा।

## झारखंड विधानसभा में भर्ती और प्रोन्नति का मामला कोर्ट में लंबित, कर्मचारियों को फिर प्रमोशन देने की तैयारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा में पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी और आलमगीर आलम के कार्यकाल में नियुक्त हुए 400 से अधिक कर्मियों की बहाली पर सवाल उठे हैं. इससे संबंधित मामला हाइकोर्ट में भी चल रहा है. इस बीच विधानसभा अपनेने चतुर्थवर्गीय कर्मियों को कनीय सचिवालय सहायक व निम्न वर्गीय लिपिक के साथ-साथ सुरक्षा प्रहरी पद पर प्रोन्नत करने जा रही है.

प्रोन्नति के लिए 14 जुलाई को सीमित प्रतियोगिता परीक्षा केराली स्कूल में दिन के 11 से 2 बजे तक होगी. परीक्षा में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हिस्सा ले सकते हैं. परीक्षा पास होने पर वे कनीय सचिवालय सहायक के निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर प्रोन्नत होंगे. सुरक्षा प्रहरी के लिए शारीरिक टेस्ट भी होगा. झारखंड विधानसभा में सचिवालय सहायक के पद पर प्रोन्नति के लिए स्नातक या इसके समकक्ष योग्यता रखी गयी है. परीक्षा सामान्य हिंदी, सामान्य ज्ञान और गणित की होगी. कनीय सचिवालय सहायक या निम्नवर्गीय लिपिक पद के इच्छुक कर्मियों को कंप्यूटर टाइपिंग का भी ज्ञान होना चाहिए. वहीं, सुरक्षा प्रहरी के लिए इच्छुक कर्मियों को एक किलोमीटर दौड़, छह फीट लांग जंप और तीन फीट हाइ जंप पास करना होगा. इसके लिए न्यूनतम 40 अंक लाना अनिवार्य होगा. सफल कर्मियों की सेवा आरक्षण नियम के अनुरूप तय होगी.

# नेशनल हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर एक ही जगह मिलेंगी सभी सुविधाएं, एनएचएआई यहां तलाश रही जगह

**कोडरमा, एजेंसी।** नेशनल हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर जल्द ही एक ही जगह पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसका सबसे अधिक फायदा लंबी दूरी का सफर करने वालों को मिलेगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कोडरमा जिले में सभी सुविधाओं से लैस केंद्र बनाने जा रहा है। इसके लिए हाईवे किनारे जगह की तलाश की जा रही है।

हाईवे पर लंबी दूरी चलने वालों को अच्छे खाने, स्वास्थ्य सुविधा व शौचालय की सुविधाओं को लेकर कई बार परेशान होना पड़ता है। लोग इन सुविधाओं के लिए होटलों में जाने को मजबूर होते हैं या फिर हाईवे किनारे बसे शहरी या ग्रामीण इलाकों में लोगों की मदद लेते हैं।



सफर के दौरान होने वाली परेशानियों को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे किनारे सभी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध कराने के लिए वे साइड एमेनिटी सेंटर बना रहा है। इसमें यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं एक जगह उपलब्ध होंगी।

यहां पेट्रोल पंप स्टेशन के साथ इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके अलावा फूड कोर्ट, खुदरा दुकानें, बैंक एटीएम, बच्चों के खेलने की जगह उपलब्ध होगी। किसी तरह की स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी के लिए मेडिकल क्लीनिक की भी व्यवस्था होगी।यहीं नहीं शौचालय व नहाने की व्यवस्था के अलावा चाइल्ड केयर रूम और चालक डोरमेट्री भी होगी, जहां जरूरत पड़ने पर रुक सकते हैं। यहां वाहन मरम्मत की दुकानें भी होंगी। ऐसे में लंबी दूरी सफर करने वालों को वाहन में खराबी आने पर भटकना नहीं पड़ेगा।

एनएचएआइ के एक अधिकारी ने बताया कि देशभर में 650 वे साइड एमेनिटी सेंटर बनाने की योजना है। देश के सभी हिस्सों में एक्सप्रेस वे व नेशनल हाईवे पर 40 से 60 किलोमीटर पर वे साइड एमेनिटी सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए करीब छह एकड़ जगह की आवश्यकता है। विभिन्न स्थानों पर इसके लिए स्थान का चयन किया जा रहा है।

चंदवारा में इसके लिए स्थान का चयन किया जा रहा है। पहले जामुखांडी में झील रेस्टोरेंट के पास छह एकड़ जमीन चिह्नित की गई थी। बाद में उस स्थान का चयन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज के लिए कर लिया गया। ऐसे में नई जगह की तलाश हो रही है। चिह्नित होने के बाद एनएचएआइ को जगह उपलब्ध कराई जाएगी।

एनएचएआइ ने वे साइड एमेनिटी सेंटर में स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने की योजना भी बनाई है। इसमें स्थानीय हस्तशिल्प व व्यंजन को बढ़ावा देने के लिए ग्राम हाट भी लगाया जाएगा।

यहां अन्य राज्यों व शहरों से आने वाले लोग स्थानीय उत्पादों के बारे में जान सकेंगे और उसकी खरीदारी भी कर सकेंगे। इससे स्थानीय उत्पाद का प्रचार होगा और मांग बढ़ने की उम्मीद भी है।

## किराये के मकान में प्रेमी का मर्डर करके प्रेमिका हुई फरार, पुलिस ने मेदनीनगर से किया गिरफ्तार

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के बारा में प्रेमिका एक किराए के मकान में अपने प्रेमी की हत्या कर फरार हो गयी. पुलिस ने उसे मेदिनीनगर से गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस ने बताया है कि रविवार की रात करीब 9~30 बजे प्रेमिका अपने प्रेमी की हत्या करके फरार हो गई. सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की. पता चला कि नौडीहा बाजार के कवल पंचायत के भीतिहरवा गांव का अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार में निजी अस्पताल चलता था. अनुज को अपने ही अस्पताल की नर्स से प्रेम हो गया. नर्स पलामू जिले के ही चैनपुर की रहने वाली है. अनुज अपनी प्रेमिका के साथ छतरपुर के बारा में विनोद प्रजापति के यहां एक मकान किराए पर लेकर वहां रहने लगा. पुलिस ने यह भी कहा है कि मृतक अनुज शादीशुदा था. उसके दो बच्चे भी हैं.

मेदिनीनगर पुलिस को महिला ने बताया की रविवार की रात को उसने अपने प्रेमी की हत्या कर दी. बाद में उसके शव को कमरे में छोड़कर वह थाने आ गई. उसने पुलिस को



बताया कि अनुज ने आत्महत्या कर ली है. उसका शव कमरे में पड़ा है. इसके बाद वह थाने से फरार हो गयी.

पुलिस बारा पहुंची, तो देखा कि विनोद प्रजापति के घर में अनुज का शव जमीन पर पड़ा है. पुलिस को उसकी मृत्यु संदिग्ध लगी. अनुज की गर्दन में एक सफेद रंग का गमझा था, जिससे उसकी हत्या की गयी थी. उसके मुंह से खून भी निकल रहा था. पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया. शव को थाने ले आई.

अनुज की प्रेमिका को उसके मोबाइल के लोकेशन के आधार पर मेदिनीनगर से गिरफ्तार कर लिया गया. मृतक अनुज के भाई ने बताया कि रविवार को दोपहर में उसका भाई उसके साथ नौडीहा स्थित अस्पताल में ही था. करीब एक बजे दोपहर में अनुज मोबाइल अस्पताल में ही छोड़कर कहीं चला गया.

देर शाम तक अनुज वापस नहीं आया, तो उसे चिंता होने लगी. आसपास में पता किया, लेकिन अनुज के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली. इसी दौरान छतरपुर से किसी ने फोन करके उसे इस घटना की जानकारी दी. पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि युवती ने अनुज की हत्या क्यों की. इस हत्याकांड में कोई और भी तो शामिल नहीं है.

## होटल में पुलिस को देख भागने लगीं 9 लड़कियां, रांची में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की रांची पुलिस ने रविवार को एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा किया। पुलिस की टीम ने चुटिया के स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेजिडेंसी में छापेमारी कर नौ लड़कियां समेत 11 लोगों को पकड़ा है। इसमें होटल मालिक प्रिंस सिंह और उसका मैनेजर मिथुन गोराईं शामिल है। पकड़ी गईं सभी लड़कियां पश्चिम बंगाल की हैं।

**होटल मालिक बंगाल से लाता था लड़कियां :** बताया जा रहा है कि होटल मालिक पश्चिम बंगाल से लड़कियों को लाकर होटल में देह व्यापार करा रहा था। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली। इसके बाद सिटी डीएसपी केवी रमन और थानेदार लक्ष्मीकांत के नेतृत्व में गठित टीम ने रविवार को होटल में छापेमारी की। होटल से सेक्स वर्कर समेत अन्य को पकड़ लिया। सभी से चुटिया थाने में पूछताछ की जा रही है। बता दें रांची में पुलिस सेक्स रैकेट के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

**सेक्स रैकेट का कई होटल से कनेक्शन :** पूछताछ में पता चला है कि रांची में चल रहे सेक्स रैकेट का बंगाल से कनेक्शन है। पिछले दिनों हुई कार्रवाई में कुल 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जांच में ये बात भी सामने आई है कि कई होटल का भी



इस रैकेट से कनेक्शन है। इसी आधार पर कई होटलों के खिलाफ पुलिस के द्वारा पूर्व में कार्रवाई की गई है।

**ऑनलाइन होता था पैसों का लेनदेन :** पुलिस के अनुसार, ग्राहकों को होटल में ही बुलाया जाता है। लड़कियों को रखने के लिए विशेष कमरा भी होटल में बनवाया गया था। पुलिस जब होटल में छापेमारी के लिए पहुंची तो होटल के कई कमरों से लड़कियां निकल कर भागने लगीं, लेकिन पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। पुलिस को इनके मोबाइल की जांच से कैश के लेनदेन की जानकारी मिली है। पूछताछ के दौरान पकड़ी गई लड़कियां लगातार अपना बयान बदल रहीं हैं। पुलिस के द्वारा लड़कियों को पूछताछ के लिए महिला थाना ले जाया गया है।

# सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स का हाल , 12 से 15 साल पुरानी मशीनों के भरोसे न्यूरो सर्जरी विभाग

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के न्यूरो सर्जरी विभाग में एक साल में लगभग 1800 मरीजों की सर्जरी हुई है. इसमें 250 ब्रेन ट्यूमर और 300 स्पाइन की सर्जरी शामिल हैं.

रिम्स की ओपीडी में हर दिन 150 से 200 मरीजों को परामर्श दिया जाता है. डॉक्टरों की कमी के कारण सर्जरी और मरीजों को परामर्श देने में काफी परेशानी हो रही है. इसके अलावा विभाग के ओटी में जरूरी मशीनें 12 से 15 साल पुरानी हैं, जो बीच-बीच में खराब होती रहतीं हैं. ऐसे में इन मशीनों को तत्काल बदलने की जरूरत है.

विभाग में फिलहाल सिर्फ 3 डॉक्टर हैं. ऐसे में इमरजेंसी सर्जरी को प्राथमिकता देनी पड़ती है. वहीं, रूटीन सर्जरी के लिए मरीजों को रिम्स में 30 से 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ता है. वर्तमान में इस विभाग के वार्डों में 140 बेड हैं, जबकि 225 मरीज भर्ती हैं. कई मरीज कॉरिडोर और दूसरे विभागों के वार्ड में भर्ती हैं.



विभाग में 4 दिन ओपीडी में मरीजों को परामर्श दिया जाता है. शनिवार को निदेशक सह न्यूरो सर्जन डॉ राजकुमार परामर्श देते हैं. विभाग में एक सीनियर चिकित्सक डॉ आनंद की यूनिट है, जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गौतम दत्ता और डॉ सौरभ कुमार मिलकर मरीजों का इलाज और सर्जरी करते हैं. वहीं, 13 एकेडमिक सीनियर रेजीडेंट (पीजी स्टूडेंट) और दो नन एकेडमिक सीनियर रेजीडेंट हैं.

न्यूरो सर्जरी विभाग की ओटी के लिए नयी मशीन खरीदने लिए निविदा की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने के लिए संपदा विभाग की बैठक हो चुकी है. शीघ्र बाथरूम आदि की मरम्मत की जायेगी. फैकल्टी की कमी दूर करने के लिए आवेदन निकाला गया है, जो प्रक्रिया में है.

आइसीयू में मरीजों की देखभाल के लिए जरूरत से कम नर्सिंग स्टाफ हैं. यहां 40 मरीजों की देखभाल का जिम्मा दो से तीन नर्सों पर है. इसके अलावा सिर्फ 2 ड्रेसर हैं. इस कारण कई मरीजों की समय पर ड्रेसिंग नहीं हो पाती है. अगर इस विभाग में एनएमसी का निरीक्षण हो जाये, यहां पीजी की सीटें घट सकती हैं.

न्यूरो सर्जरी विभाग के वार्ड में मामूली सुविधाओं का भी अभाव है. वार्ड में मरीजों की भीड़ की वजह से बेड को भी बेतरतीब तरीके से रखना पड़ रहा है. बाथरूम में दरवाजा तक नहीं है, जिससे मरीज और परिजनों को परेशानी होती है. कई वार्डों का बाथरूम जाम रहता है, जिससे परिजनों को दूसरे वार्ड में जाना पड़ता है.

न्यूरो सर्जरी विभाग में 2 ऑपरेशन थियेटर (ओटी) हैं. मरीजों की भीड़ को देखते हुए यहां और 2 ओटी की जरूरत है. इसका प्रस्ताव प्रबंधन को भेजा गया है. ओटी में जरूरी मशीनें काफी पुरानी हैं, जिन्हें बदलने की जरूरत है. माइक्रोस्कोप, बाइपोलर डायथर्मी मशीन और एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन की नयी मशीनें खरीदने की प्रक्रिया चल रही है. सी-आर्म मशीन के लिए निविदा निकाली गयी है, लेकिन सिर्फ एक कंपनी रुचि दिखा रही है. इसकी वजह से निविदा नहीं हो पा रही है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### असम सरकार का बड़ा ऐक्शन- बलात्कार के आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

**ग्वालपाड़ा, एजेंसी।** असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के चलते 5 व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाए गए मकानों में बलात्कार और हत्या के 3 आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के सीनियर अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे। उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने पीटीआई को बताया कि उन्होंने जमीन से कब्जा हटाने के नोटिस का पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। दुधनोई परिक्षेत्र कार्यालय के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दिन में जिन 5 लोगों के घर गिराए गए, उनमें से तीन पर मई में 2 नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार करने और इसके बाद हुई झड़प में एक युवक की हत्या में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने दावा किया, इस कार्रवाई का मामले से कोई संबंध नहीं है। पुलिस की ओर से आपराधिक मामले की जांच की जा रही है। हमने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए ही यह अभियान चलाया था। हालांकि, स्थानीय लोगों ने दावा किया कि कथित अतिक्रमणकारियों को शनिवार को नोटिस दिया गया था, न कि 15 दिन पहले जैसा कि प्रशासन ने कहा था। भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में टिन की छत वाले कंक्रीट के घरों को गिराने के लिए बुलडोजर लगाए गए थे। परिवार के सदस्यों को घरों से अपना सामान निकालकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लादते हुए देखा गया और फिर वे इलाके से निकल गए। 3 मई को दो नाबालिग लड़कियों के साथ तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया था। इसके बाद, लड़कियों के गांव के लोगों और आरोपियों के बीच झड़प हो गई थी। झड़प में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और 17 मई को उसकी मौत हो गई थी। असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने शनिवार को पीड़ित युवक के घर गए थे और पत्रकारों से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

### लोकसभा उपाध्यक्ष पद के नाम पर अवधेश प्रसाद के नाम पर गठबंधन को कोई आपत्ति नहीं

**फैजाबाद, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर शिकस्त के बाद इंडिया गठबंधन उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। गठबंधन समाजवादी पार्टी से वरिष्ठ सांसद अवधेश प्रसाद पर दांव लगा सकता है। 78 वर्षीय अवधेश प्रसाद दलित समुदाय से आते हैं और फैजाबाद (अयोध्या) से जीतकर संसद पहुंचे हैं। अवधेश प्रसाद संसद में अक्सर राहुल गांधी के साथ पहली सीट पर बैठते हैं। सूत्रों का कहना है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उपाध्यक्ष पद को लेकर तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात की है। ममता बनर्जी ने उपाध्यक्ष के लिए अवधेश प्रसाद का नाम सुझाया है। इंडिया गठबंधन में भी तृणमूल कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने का सुझाव दिया था। कई दलों ने इसका स्वागत किया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अवधेश प्रसाद के नाम पर पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में साफ है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस अवधेश प्रसाद को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने पर सहमति बन चुकी है। इंडिया गठबंधन के बाकी दलों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा जारी है। उपाध्यक्ष के चुनाव के वक्त गठबंधन उम्मीदवार घोषित करेगा। गठबंधन सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित कर संविधान बचाने की मुहिम को और मजबूत करना चाहता है। क्योंकि, लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में गठबंधन ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद के सुरेश को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। के सुरेश भी दलित समुदाय से आते हैं। ऐसे में अवधेश प्रसाद की उम्मीदवारी से दलित समुदाय में एक संदेश जाएगा। 79 साल के अवधेश प्रसाद मुलायम सिंह के भी करीबी माने जाते थे। एक सपा नेता ने कहा, यह सही समय है जब मुस्लिम और यादव से भी आगे बढ़ा जा सकता है। दलित समुदाय हमारी तरफ उम्मीदों से देख रहा है।

# अजित की एनसीपी के पिंपरी चिंचवड़ इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने शरद पवार के साथ जा सकते हैं

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में संभावित टूट की अटकलें हैं। कहा जा रहा है कि जल्द ही अजित गुट के कई नेता चाचा शरद पवार की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर अब तक कुछ नहीं कहा गया है। राज्य में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अजित की अगुवाई वाली एनसीपी के पिंपरी चिंचवड़ इकाई के प्रमुख अजित गव्हाने सीनियर पवार के साथ जा सकते हैं। खास बात है कि गव्हाने ने भोसारी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का कहना है कि पार्टी भोसारी सीट एनसीपी को नहीं देगी।



गव्हाने के साथ-साथ 15 से ज्यादा पूर्व पार्षद भी एनसीपी (एसपी) का हिस्सा बन सकते हैं। खबरें हैं कि गव्हाने और पूर्व पार्षदों का एक समूह शनिवार के शरद पवार के पुणे स्थित आवास पर मिलने पहुंचा था। जबकि, गव्हाने ऐसी किसी मुलाकात से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह हाल ही में अजित से मिले थे और भोसारी सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है।

जब पूछा गया कि अगर अजित की तरफ से उन्हें ग्रीन सिग्नल नहीं मिलता है, तो क्या वह पार्टी छोड़ देंगे। इसपर उन्होंने अंग्रेजी अखबार को बताया, अब तक मेरे नेता ने रेड सिग्नल नहीं दिखाया है। ऐसे में अभी मैं इसपर कोई कमेंट नहीं करना चाहता हूं। लेकिन एक बात साफ है कि मैं भोसारी सीट से चुनाव लड़ने का फैसला कर चुका हूं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि चुनाव के लिए ज्यादा समय नहीं बचे होने के चलते गव्हाने जल्द ही एनसीपी छोड़ देंगे। हालांकि, एनसीपी गव्हाने और या किसी पूर्व पार्षद के पार्टी छोड़ने की बात से इनकार कर रही है।

**भोसारी सीट:** इस सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा के महेश लांडगे चुनाव जीत रहे हैं। खास बात है कि गव्हाने और लांडगे रिश्तेदार ही है, लेकिन गव्हाने ने लांडगे के भाई को भोसारी से ही 2017 में निकाय चुनाव में मात दी थी। अखबार से बातचीत में भाजपा नेता और पूर्व पार्षद सीमा सावले का कहना है, मुझे नहीं लगता कि भाजपा एनसीपी के लिए भोसारी सीट छोड़ेगी।

उन्होंने कहा, महेश लांडगे की लोकप्रियता को देखते हुए भोसारी एक सुरक्षित सीट है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में भोसारी सीट ही थी, जहां से भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन के उम्मीदवार शिवाजी राव अधलराव-पाटिल आगे चल रहे थे। जबकि, अन्य सभी सीटों पर वह एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार से पीछे थे।

### प्रभु श्रीराम सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य दें; अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सीएम योगी की बधाई

**लखनउ, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए हैं। अखिलेश को बधाइयों का तांता लगा है। इनमें एक खास बधाई संदेश आया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बधाई संदेश में एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको सुदीर्घ जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सोमवार को लखनऊ में कई कार्यक्रम हुए। सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन कर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने के साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

सपा कार्यालय पर लगे भावी प्रधानमंत्री वाले पोस्टर

जन्मदिन के मौके पर सपा के लखनऊ स्थित मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर चर्चा में हैं। इनमें से कई पोस्टरों में अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री बताया गया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने केक काटा, पौधरोपण किया और जश्न मनाया।



### गरीबों को शिक्षा से दिखा रहे नई राह, पहाड़ों पर पहुंचा आधुनिक पुस्तकालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डॉक्टर सिर्फ मरीजों का इलाज ही नहीं बल्कि समाज में एक बदलाव के लिए अपना मूल्यवान योगदान दे रहे हैं। ड्यूटी के साथ गरीब बच्चों की पढ़ाई भी हो सके।

सफेद गाउन में डॉक्टर अक्सर मरीज का इलाज करते दिखाई पड़ते हैं, लेकिन कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं जो अस्पताल में रोगी का इलाज करने के साथ-साथ समाज में बदलाव के प्रयास कर रहे हैं। ये ड्यूटी के साथ गरीब बच्चों को पढ़ाने, उनके लिए सुविधाओं को विकसित करने, कैंसर से बचाने के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। सालों से चल रहे प्रयास के कारण समाज में बदलाव भी आने लगा है। दूसरे डॉक्टर व अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर साथ हो रहे हैं।

कभी माता-पिता के साथ बिंदी बनाने का काम किया करते थे। अब कॅरिअर की नई राह परिवार की गरीबी दूर करने का इंतजार कर रही है। नंद नगरी के जेजे क्लस्टर बस्ती में रहने वाले इन गरीब बच्चों के लिए स्वामी दयानंद अस्पताल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार आशा की किरण बनकर सामने आए।

करीब दस साल पहले डॉ. कुमार ने अपनी ड्यूटी के साथ खाली समय में गरीब बच्चों को पढ़ाने की शुरुआत की। शुरुआती दौर में तीसरी चौथी के बच्चे उनके पढ़ने आए। डॉ. कुमार इन्हें पढ़ाने के साथ दूसरी जरूरी मदद भी उपलब्ध करवाते थे। इस दौरान बच्चों को पढ़ने में ऐसा मजा आया कि वह आज भी उनके साथ जुड़े हुए हैं। लंबे संघर्ष के बाद ये बच्चे कॅरिअर की नई राह चुन रहे हैं। इस दौरान भी डॉ. कुमार आर्थिक रूप से इनकी मदद कर रहे हैं।

परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहीं महिलाओं को सेहत के साथ कैंसर से दूर रखने के लिए आर्मी रेफरल एंड रिसर्च अस्पताल में गायनी विभाग की डॉक्टर रही डॉ. गुंजन मल्होत्रा विशेष अभियान चला रही है। महिलाओं को जागरूक करने के लिए अपनी ड्यूटी से वीआरएस लेकर करोल बाग की बस्ती में महिलाओं को कैंसर, स्वच्छता सहित दूसरे के बारे में जागरूक कर रही हैं।

डॉ. मल्होत्रा बताती हैं कि कोरोना महामारी के दौरान स्तन कैंसर स्टेज तीन का पता चला था। वह दौर क्या था यह झेला है। अपनी बीमारी के दौरान का अनुभव लेकर महिलाओं को स्वस्थ रखने के साथ कैंसर से बचाव की जानकारी दे रही हैं। गरीब महिलाएं आसानी से स्वच्छता के अभाव में कैंसर की चपेट से जिंदगी खो रही हैं। पौड़ी गढ़वाल में पहाड़ों के बीच घिरे गांव गढ़खाल के बच्चों के पास कोई ऐसी जगह नहीं थी जो आधुनिक शिक्षा का रास्ता खोले। फिर क्या था गांव निवासी और दिल्ली स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ब्लड बैंक के विभाग प्रमुख डॉ. डीएस चौहान ने अपने बड़े भाई के साथ मिलकर इस सपने को पूरा किया। साल 2016 में निजी खर्च पर आधुनिक पुस्तकालय तैयार करवाया।

### नए कानूनों को लेकर क्या बोले मंत्री सौरभ भारद्वाज दिल्ली पुलिस आयुक्त ने बताया बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में एक जुलाई 2024 यानी सोमवार से नई आपराधिक न्याय प्रणाली लागू हो गई है। अंग्रेजों के जमाने के कानूनों की जगह भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली बनाने के दौरान इसे अत्याधुनिक बनाने का फैसला किया गया।

इसके लिए 2022 में इन अलग-अलग प्लेटफॉर्म को एक साथ जोड़ने के लिए कैबिनेट ने 3375 करोड़ रुपये आवंटित किये। दो साल में यह काम काफी हद तक पूरा हो गया है।

वहीं नए आपराधिक कानूनों पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि मेरा मानना है कि कानूनों में कोई खामी नहीं है। खामियां उनके क्रियान्वयन में हैं, जांच एजेंसियों में हैं, पुलिस उन कानूनों पर कार्रवाई नहीं करती। मुझे लगता है कि नए कानूनों के कारण आने वाले कई सालों तक बहुत भ्रम की स्थिति बनी रहेगी।

भारद्वाज ने कहा कि एक आम नागरिक जिसने बड़ी मुश्किल से कुछ कानूनों को समझा है, उसे अपना केस दर्ज करवाने में, उन धाराओं के तहत केस दर्ज करवाने में दिक्कत आएगी।

# बिहार की तरह आंध्र प्रदेश भी उठाएगा विशेष राज्य के दर्जे की मांग

**अमरावती, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी इस डिमांड को पूरा करने के लिए कोई रास्ता निकालेगी। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में किंजरापु ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से टीडीपी के संबंधों समेत दूसरे मुद्दों पर भी बातचीत की। इस दौरान किंजरापु से विभाजित आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के मुद्दे पर सवाल पूछा गया। इसे लेकर उन्होंने कहा, राज्य को फलने-फूलने के लिए कुछ दूसरे मुद्दे भी अहम हैं। अगर आप एक ही चीज पर जोर देंगे, तो यह दूसरी मांगों को छोटा दिखाना होगा। मैं नहीं चाहता कि ऐसा कुछ हो। मेरे लिए तो रेलवे जोन अधिक जरूरी है क्योंकि मैं उत्तरी आंध्र क्षेत्र से आता हूं।



राम मोहन नायडू किंजरापु श्रीकाकुलम सीट से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। एचटी से बातचीत में उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं है। हम इसे लेकर अमरावती की मांग कर रहे हैं। यह अहम है और मुझे उस पर भी जोर देना है। हमारा फोकस पोलावरम पर भी है जो नेशनल प्रोजेक्ट है। बीते 5 बरसों में इसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। मगर, जब आप कोई एक ही मुद्दा उठाते हैं, तो वह काफी हद तक राजनीतिक हो जाता है।

**विशेष राज्य का दर्जा मिलना कितना अहम :** टीडीपी नेता से पूछा गया कि आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा मिलना कितना अहम है इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, राज्य के विभाजन के शुरुआती 5 बरसों में हमें एनडीए सरकार से कुछ समर्थन मिला। हमारे पास चंद्रबाबू नायडू की लीडरशिप थी। हम राज्य को विकास के रास्ते पर लेकर गए। हमें ऐसा लगा कि अगर एनडीए से और अधिक समर्थन मिलता तो हम ज्यादा सफलता हासिल कर सकते थे। किंजरापु ने कहा कि 2019 का चुनाव हम हार गए और जगन मोहन रेड्डी सत्ता में आए। 5 साल तक उन्होंने राज्य के लोगों को धोखे में रखा। जगन ने अपना संविधान और सड़कें बनाईं। उन्होंने राज्य को तो अपना बैंक खाता ही बना लिया था। वह लगातार अपनी मनमानी करते रहे। इसीलिए टीडीपी ने गठबंधन सहयोगियों (भाजपा और जन सेना) के साथ मिलकर जगन रेड्डी की वाईएसआरसीपी को हरा दिया।

### नाथ संप्रदाय सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ, बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के कोटकासिम के लाडपुर में स्थित बाबा सोमनाथ मंदिर में रविवार को कैलासवासी बाबा सोमनाथ की 24वीं पुण्यतिथि समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ उपस्थित हुए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे इस कार्यक्रम में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राजस्थान भक्ति और शक्ति की धरती है। यहां अरावली की पहाड़ियों में अनेक संतों ने तपस्या की। हम सबका मानना है सनातन धर्म भारत की आत्मा है। नाथ संप्रदाय भारत के सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ है। अनेक उपासना पद्धतियां हो सकती हैं पर सब एक हैं।



सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है एक दूसरे के पूरक हैं। इन्हें अलग नहीं कर सकते। पूज्य संतों के लोक कल्याण के काम इसी अभिषेक के अन्तर्गत है। योगी खेतानाथ महाराज ने लोक कल्याण में जीवन समर्पित किया। महंत सोमनाथ जी का जीवन भी सनातन के लिए लगा। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि बीमारी है तो उसका उपचार भी है। समय से बीमारी का उपचार जरूरी है। बीमारी बढ़ती तो सर्जरी भी करनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि हमारा जो कुछ भी है वो देश के लिए सनातन के लिए होना चाहिये। इसलिए मोदी जी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात की। जाति क्षेत्र भाषा के नाम पर बंटे रहेंगे तो उसका लाभ भारत के दुश्मन और सनातन के दुश्मन लेंगे।

# भाजपा-शिंदे को घेरने का प्लान तैयार, लेकिन महाराष्ट्र के सीएम कैंडिडेट पर शरद पवार मौन

**मुंबई, एजेंसी।**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा, जिस तरह (महाभारत में) अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी, उसी तरह हमारी नजरें महाराष्ट्र के चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पवार ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू हो जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह शुक्रवार को यहां शुरू हुई पवित्र (तीर्थयात्रा) पालकी यात्रा में भाग लेंगे पवार ने कहा, पालकी बारामती (पुणे जिले में) स्थित मेरे गांव से पंढरपुर तक जाएगी।



# महाराष्ट्र के लोनावला में एक ही परिवार के 5 लोग भुशी डैम में बहे

**पुणे /लोनावला , एजेंसी।**
महाराष्ट्र में पुणे के लोनावला में भूशी बांध के करीब एक तालाब में डूबने की एक घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें सात लोग झरने के तेज बहाव में एक दुसरे को पकड़े हुए खड़े हैं। आसपास के लोग लगातार उनकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन तेज बहाव के कारण वह उस परिवार की मदद नहीं कर पा रहे हैं। लगातार बढ़ता पानी का बहाव उनके पैर हिला देता है और पूरा का पूरा परिवार पानी के तेज बहाव में बह जाता है।

सात में से केवल दो आ पाए किनारे 5 बहे

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक उनमें से केवल दो लोग तैर कर किनारे पर आ पाए, जबकि बाकी पांच लोग पानी के तेज बहाव में बह जाते हैं। इस घटना में एक 40 वर्षीय महिला और 13 और 8 साल की दो लड़कियों की डूबने ने मौत हो गई है। वहां आसपास मौजूद लोगों के मुताबिक बारिश के मौसम में यह परिवार यहां पानी का आनंद ले रहा था तभी लगातार होती बारिश पानी का बहाव तेज हो गया और वे सभी एक चट्टान पर फंस गए लोगों ने उनकी मदद करने की बहुत कोशिश की लेकिन तेज बहाव में किसी की भी इतनी हिम्मत नहीं हुई की पानी में कूद कर उनकी जान को बचा सके।तेज बहाव में परिवार के पांच लोग बह गए जिससे उनकी मौत हो गई। लोनावला के इस झरने को रेलवे झरना कहा जाता है, यहीं से पानी भुशी बांध में जाता है।



बताया जा रहा है कि दो बच्चे अभी और लापता हैं। लापता बच्चों की उम्र करीब 6 से 9 साल के बीच है। इनकी तलाश की जा रही है। जबकि दो लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया है। लोनावला शहर पुलिस और शिव दुर्ग बचाव दल शवों की तलाश में लगा हुआ है।

**पर्यटकों की भीड़ ज्यादा सुरक्षा के इंतजाम नकाफीत्न** पुणे देहात के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने कहा कि यह घटना दोपहर के करीब डेढ़ बजे हुई, जिसके बाद तलाश एवं बचाव दलों को मौके पर भेजा गया। बारिश के मौसम में यहां पर घूमने वालों की संख्या में इजाफा हो जाता है। रविवार होने के कारण लोगों की काफी भीड़ यहां पर थी। ज्यादा संख्या में लोगों का होना और फिर ऐसे मौसम में जरा सी लापरवाही लोगों की जान की दुश्मन बन जाती है। इस मामले में भी फिलहाल अभी पूछताछ चल रही है। घटना का वीडियो सामने आ चुका है। परिवार धारा के बीच में क्या कर रहा था। इस बारे में भी पूछताछ जारी है।

देशमुख ने कहा कि सभी लोग पुणे के सैय्यद नगर के रहने वाले हैं। यह सभी एक ही परिवार के सदस्य है। मृत महिला की पहचान शहीना परवीना के रूप मे हुई है।

# महिलाओं को 50 हजार रुपये का तोहफा देगी ओडिशा सरकार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को बड़ा तोहफा देने जा रही है। खबर है कि ओडिशा में सरकार ने सुभद्रा योजना की शुरुआत का ऐलान कर दिया है। इसके तहत महिलाओं को 50 हजार रुपये का वाउचर दिया जाएगा। इस योजना में केंद्र सरकार भी ओडिशा की मदद करने जा रही है। कहा जा रहा है कि इसमें 80 हजार करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है।

ओडिशा में पहली बार सरकार बनाने वाली भाजपा ने घोषणापत्र में महिलाओं के लिए इस योजना का वादा किया था। इसके तहत हर महिला को 50 हजार रुपये का वाउचर मिलेगा, जिसका इस्तेमाल दो सालों तक किया जा सकता है। संभावनाएं जताई जा रही है कि योजना की लॉन्चिंग पर होने वाले कार्यक्रम में पीएम मोदी भी शामिल हो सकते हैं।

ओडिशा की मुख्यमंत्री मोहन माझी की अगुवाई वाली कैबिनेट की पहली बैठक में ही इस योजना पर मुहर लग गई थी। भाजपा ने कार्यालय संभालने के 100 दिन के अंदर ही योजना लागू करने का वादा किया था, जिसमें आंशिक रूप से मदद केंद्र सरकार की तरफ से भी की जाएगी। फिलहाल, इस बात पर काम जारी है कि पैसा कैसे जमा किया जाएगा, कितनी किस्तों में जाएगा और एक किस्त में कितनी राशि दी जाएगी।

भाजपा के घोषणापत्र में ओडिशा में रहने वाली सभी महिलाओं को इस योजना में शामिल किए जाने का वादा किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

**बैडमिंटन**

### अंतिम ग्रुप मैच में इंडोनेशिया ने भारत को 1-4 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के तहत रविवार को खेले गए मुकाबले में इंडोनेशिया ने भारत को 1-4 से हरा दिया। इसी के साथ भारत ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब भारत का चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मलयेशिया से होगा।

नॉकआउट चरण के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके भारत ने इंडोनेशिया के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच के लिए अपनी पूरी लाइन-अप बदल दी। उन्होंने लड़कियों के एकल में तन्वी शर्मा को आराम दिया और नए मिश्रित और पुरुष युगल को उतारा। वंश देव और श्रावणी वालेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने तौफिक अदर्या और क्लेयरिन मुलिया से पहला मैच 14-21, 16-21 से गंवा दिया।

ध्रुव नेगी एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मैच में ब्यूनो ओकटोरा से 14-21, 21-11, 11-21 से हार गए। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू को लड़कों के युगल में एंसेलमस प्रसेत्या और पुलुंग रामाधन से 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत यह मुकाबला गंवा बैठा। नव्या कांडेरी ने मुटियारा पुष्पितसारी पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की।

**अपना सिर ऊंचा रखें**

### एबी डिविलियर्स ने बढ़ाया दक्षिण अफ्रीकी टीम का हौसला



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिलाफ हार के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर प्रोटियाज टीम को सांत्वना दी। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की तिकड़ी की बेहतरीन गेंदबाजी और विराट कोहली और अक्षर पटेल की शानदार पारियों ने विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया। प्रोटियाज टीम को एक बार फिर आईसीसी खिताब जीतने में निराशा हुई है। इस बीच, भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला आईसीसी खिताब जीतकर अपने 11 साल लंबे आईसीसी ट्रॉफी सूखे को समाप्त कर दिया है। भारत पहली टीम है जिसने खिताब पर अविजित कब्जा किया है। डिविलियर्स ने एक्स पर लिखा- अपना सिर ऊंचा रखें, आप किसी भी एसए टीम से आगे निकल गए। आप सभी हीरो हैं। सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। भारत को बधाई।

# भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को टेस्ट मैच में दस विकेट से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जा रहा टेस्ट मैच अब खत्म हो गया है। चार दिन तक चले इस मुकाबले को टीम इंडिया ने 10 विकेट से अपने नाम कर लिया है। टीम इंडिया को दूसरी पारी में महज 37 रन की जरूरत थी, जो उसने बिना किसी विकेट नुकसान के हासिल कर लिया। भारत ने इस टारगेट को 10वें ओवर में ही हासिल कर लिया और सीरीज भी अपने नाम कर ली। वैसे तो इस मैच में भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया, लेकिन इस बीच गेंदबाज स्नेह राणा ने जिस तरह का खेल दिखाया है, वो काबिलेतारीफ रहा। उन्हें मैच के दौरान 10 विकेट लेकर कीर्तिमान रच दिया।



### दूसरी पारी में भी स्नेह राणा ने लिए दो विकेट

दूसरी पारी में स्नेह राणा ने 40 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 12 मेडल डालकर कुल 111 रन दिए और दो विकेट अपनी झोली में डाले। इसके साथ ही उनके 10 विकेट पूरे हो गए। दूसरी पारी में स्नेह राणा के दो विकेट के अलावा दीप्ति शर्मा, राजेश्वरी गायकवाड ने भी दो दो विकेट लिए। वहीं पूजा वस्त्रकार, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी एक एक विकेट अपने नाम किया। स्नेह राणा के अलावा भारत की केवल झूलन गोस्वामी ही ऐसी गेंदबाज रही हैं, जिन्होंने एक टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने का काम किया है।

मैच की बात करें तो भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 603 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसमें शेफाली वर्मा का दोहरा शतक और स्मृति मंधाना की शतकीय पारी शामिल रही। वहीं जेमिमा रॉड्रिक्स, हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष का अर्धशतक शामिल रहा।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 266 रन पर ही सिमट गई, इसलिए उन्हें फालोआन का सामना करना पड़ा। इसके बाद साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 373 रन बनाए थे। यानी भारत को केवल 37 रनों का टारगेट मिला, जिसे उसने बिना किसी विकेट के नुकसान के हासिल कर मुकाबले को दस विकेट से अपने नाम कर लिया।

### स्नेह राणा ने मुकाबले में चटकाए कुल 10 विकेट

मैच की पहली पारी में स्नेह राणा के सामने साउथ अफ्रीका की बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाईं। राणा ने 25.3 ओवर की गेंदबाजी में 77 रन देकर 8 विकेट हासिल किए। उन्होंने चार ओवर तो ऐसे फेंके जहां कोई भी रन नहीं गया। जब उन्होंने पहली ही पारी में आठ विकेट चटका दिए थे, तभी करीब करीब तय हो गया था कि वे कम से कम दस विकेट मैच में पूरे कर सकती हैं। साथ ही साउथ अफ्रीका को फालोआन भी मिल गया, इससे उन्हें तुरंत ही फिर से बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा।



# टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने के पीछे देश की दुआएं और अपनों का प्यार: मोहम्मद शमी

**अमरोहा, एजेंसी।** भारत के आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के बाद से देश में खुशी का माहौल है। टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इसे अभूतपूर्व क्षण बताया है। उन्होंने टीम इंडिया और देशवासियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि 13 साल के इंतजार के बाद भारतीय टीम ने विश्वकप का कोई खिताब अपने नाम किया है।

यह सब देश की दुआओं और टीम की मेहनत से हुआ है। यह टीम इंडिया के लिए अभूतपूर्व क्षण है। एक समय ऐसा लगा था कि भारतीय टीम के हाथ से टॉफी फिसल जाएगी। लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने न केवल मैच में वापसी की बल्कि टी-20 का विश्व चैंपियन भी बने। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा एक खिलाड़ी के लिए बहुत भावुक पल होता है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। सभी खिलाड़ियों ने क्रिकेट और देश के लिए बड़ा योगदान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी चुनाव में अमरोहा आए थे। उन्होंने मेरा नाम लिया, यह मेरे और मेरे गांव के लिए बड़ी बात है। दरअसल मोहम्मद शमी अमरोहा के गांव सहसपुर अलीनगर के रहने वाले हैं। टीम इंडिया की जीत के बाद उनके गांव में भी खुशी का माहौल है।

# कौन होगा भारत का अगला टी-20 कप्तान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता...चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी रहे। अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा...क्या वह फाइनल चेंजिंग कैच पकड़ने वाले सूर्यकुमार यादव होंगे। खतरनाक साबित हो रहे क्लासन और मिलर को पवेलियन भेजने वाले हार्दिक पंड्या होंगे, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह या फिर मौत को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले मिरेकल मैन ऋषभ पंत होंगे।

# आईपीएल को भी बाय-बाय कहेंगे रोहित शर्मा?

**टी-20 फॉर्मेट से संन्यास के बाद तोड़ी चुप्पी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियनन बनने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए रोहित से आईपीएल में उनके भविष्य के बारे में पूछा गया. इस पर उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि वह फिलहाल आईपीएल में अभी खेलना जारी रखेंगे. रोहित ने मीडिया से बात करते हुए कहा- मैंने इस समय टी-20 से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन जिस तरह की स्थिति आ गई है, मुझे लगा कि मेरे लिए टी-20 को अलविदा कहने के लिए यह बिल्कुल सही सिचुएशन है और हां, मैं 100 फीसदी आईपीएल खेलूंगा.

रोहित शर्मा ने भारत को 2024 का टी20 वर्ल्ड कप खिताब दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था. रोहित से पहले मैच के तुरंत बाद विराट कोहली ने संन्यास लिया था, बाद में इस फॉर्मेट से संन्यास लेने वालों की लिस्ट



में रवींद्र जडेजा भी शमिल हुए थे. 2007 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित को अब तक आयोजित हर टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर होने का अनूठा गौरव प्राप्त है. रोहित ने हाल में हुए टी20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खिलाड़ी के लिहाज से सबसे ज्यादा रहे.

### रोहित कप्तानी से हटे तो पंड्या हुए ट्रोल

रोहित शर्मा आईपीएल में 5 बार मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बना चुके हैं. इस बार यानी आईपीएल 2024 में रोहित हार्दिक पंड्या के अंडर खेलते हुए नजर आए थे. जिसके बाद हार्दिक को सोशल मीडिया से लेकर मैदान तक काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी. मुंबई का प्रदर्शन भी हार्दिक की कप्तानी में फुस्स था.

**खिलाड़ियों की रवानगी से पहले विदाई समारोह में मांडविया बोले-**

# भारत की पदक तालिका में होगा सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होगी।

इससे पहले रविवार को पेरिस जाने वाले एथलीटों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आगामी टूर्नामेंट में भारतीय दल द्वारा नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद जताई गई। इस बात पर जोर दिया गया कि हाल के वर्षों में सरकार के लिए खेल प्राथमिकता रहे हैं। इस विदाई समारोह में एथलीटों, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में खेलों से पहले एथलीटों के समर्थन में सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के बारे में बताया गया।

मांडविया ने पेरिस जाने वाले एथलीटों की औपचारिक विदाई और किट के अनावरण के दौरान कहा, मुझे विश्वास है कि यह दल खेलों में भारत के विकास को बनाए रखेगा। हमने 2016 रियो में दो पदकों से बढ़कर तोक्यो में सात पदक हासिल किए। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक से भारत तालिका में 67वें से 48वें (स्थान) पर पहुंच गया। मुझे उम्मीद है कि हमारे



एथलीट हमें इस बार पदक तालिका में और भी ऊपर ले जाएंगे। पेरिस जाने वाले भारतीय दल की तीन किट (औपचारिक पोशाक, खेल पोशाक, और यात्रा पोशाक) का अनावरण किया गया। मांडविया ने आगे कहा, यह कार्यक्रम सिर्फ किट और औपचारिक पोशाक के अनावरण के बारे में नहीं है, बल्कि उन अरबों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक है जो एथलीटों के पीछे एकजुट हैं।

आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि पेरिस में एथलीटों को सर्वश्रेष्ठ सहायता प्रणाली प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, हमने डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में एक मजबूत टीम इकट्ठी की है। इसमें खेल चिकित्सा विशेषज्ञ, कल्याण विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक नींद वैज्ञानिक शामिल हैं।

भारतीय दल में करीब 120 एथलीट शामिल हैं, जिनमें भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम और रिकॉर्ड 21 निशानेबाज शामिल हैं। उषा ने आगे कहा, पहली बार, आईओए एथलीटों और कोचिंग और सहयोगी स्टाफ को भागीदारी भत्ता भी देगा। मुझे विश्वास है कि भारत किसी भी ओलंपिक के मुकाबले पेरिस में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस आएगा।

# दिनेश कार्तिक की आईपीएल में फिर वापसी?

**● संन्यास लेने के 30 दिन बाद मिलप्पी बड़ी जिम्मेदारी...**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुने अपना बैटिंग कोच और मेंटर नियुक्त किया है। इस बारे में एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरसीबी की ओर से जानकारी दी गई। कार्तिक ने क्रिकेट के हर फॉर्मेट के साथ इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने का आधिकारिक ऐलान इसी साल 1 जून को किया था।



आरसीबी ने अपने पोस्ट में लिखा, हमारे कीपर का हर मायने में स्वागत है, दिनेश कार्तिक, एक नए अवतार में आरसीबी में वापस। DK आरसीबी मेंस टीम के बैटिंग कोच और मेंटर होंगे। आप क्रिकेट से इस शख्स निकाल सकते हैं, लेकिन शख्स से क्रिकेट को नहीं। उन्हें ढेर सारा प्यार दें, 12वें मैन आर्मी। दिनेश कार्तिक भारत के साथ 2 आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके है। इसमें 2007 टी-20 वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है। कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं।

कार्तिक ने आईसीसी ट्रॉफी के साथ ही साल 2010 और 2018 में भारत के साथ एशिया कप भी जीता है। कार्तिक ने साल 2022 में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला खेला था।

### कार्तिक ने एक आईपीएल ट्रॉफी जीती

कार्तिक अब तक सभी आईपीएल सीजन खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों में शामिल है। उन्होंने इस लीग में 257 मैच खेले और 26.32 की औसत से 4,842 रन बनाए।

# जो हो गया उसे छोड़ो, गलतियों से सीखो, मजबूत होकर वापसी करो- सिंधु का ओलंपिक मंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है, इसलिए उम्मीदें अपने चरम पर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु इस चतुष्कोणीय ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक पूरी करेंगी। लेकिन, सिंधु की पेरिस यात्रा कठिन रही है क्योंकि चोट के कारण लंबी छुट्टी से वापस आने के बाद वह पिछले साल कोई भी खिताब जीतने में असफल रहीं।

इस बीच, उन्होंने अपने दक्षिण कोरियाई कोच पार्क ताए-सांग से नाता तोड़ लिया और मलेशिया के हाफ़िज़ हाशिम को नियुक्त किया, लेकिन वांछित परिणाम प्राप्त करने में विफल रहने के कारण छह महीने बाद ही वह अलग हो गईं। निराशाजनक नतीजों की श्रृंखला के कारण सिंधु विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से भी बाहर हो गईं। उन्होंने धीरे-धीरे गति पकड़ी और रेस टू पेरिस रैंकिंग सूची में 12वें स्थान पर रहने के बाद लगातार तीसरे ओलंपिक के लिए स्थान पक्का कर लिया। पेरिस गेम्स के लिए टिकट हासिल करने के बाद, सिंधु ने लगभग एक साल में अपना पहला फाइनल खेला जब वह पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स के शिखर मुकाबले में पहुंची जहां वह चीन की वांग झी यी से खिताब हार गईं।भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एक मीडिया बातचीत में, जब सिंधु से पूछा गया कि जब वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थीं, तब उन्होंने उस चुनौतीपूर्ण चरण का सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि गलतियों से सीखना, जो हुआ उसे छोड़ना और



मजबूत होकर वापस आना महत्वपूर्ण है। देखिए, आप जानते हैं, मुझे लगता है कि ऐसे मैच होते हैं जहां कभी-कभी आप आगे रह सकते हैं और कभी-कभी आप हार भी सकते हैं। मलेशियाई मास्टर्स में मेरे साथ ऐसा हुआ था। ऐसा नहीं है कि मैं अच्छी स्थिति में नहीं थी, लेकिन मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ खेला और कभी-कभी आप नेतृत्व कर रहे होते हैं और ऐसा होता है और यह ठीक है, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

सिंधु ने एक सवाल के जवाब में कहा, मेरे लिए जब मैं कोई मैच हार जाती हूं या जब आपके सामने कोई और प्रतियोगिता आने वाली होती है, तो मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी गलतियों से सीखें और मजबूत होकर वापस आएं और जो हो गया उसे छोड़ दें और सिर्फ अगले टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करें। मेरा मतलब है, हर कोई एक-दूसरे के खेल को जानता है। बात सिर्फ इतनी है कि उस दिन, जो अच्छा खेलता है और सर्वश्रेष्ठ देता है वह विजेता होता है। इसलिए, मलेशिया मास्टर्स में जो हुआ है, मुझे पता है कि यह थोड़ा दुखद है कि मैं वह जीत हासिल कर सकती थी।

मैं 11-3 से आगे थी, यह सिर्फ उन 11 अंकों की बात है और मैं चैंपियनशिप जीत सकती थी लेकिन मुझे लगा कि यह मेरा दिन नहीं था क्योंकि मैंने सब कुछ किया और यह काम नहीं आया, लेकिन, यह ठीक है, मैंने जीत हासिल की, कुछ गलतियों से बहुत कुछ सीखा..।

## एक नजर

### शराब के विरुद्ध नइकी गांव में छापेमारी

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने शराब के विरुद्ध नईकी गांव में इंदल चौधरी उर्फ लोथा चौधरी के घर छापामारी कर 22 लीटर महुआ देशी शराब बरामद किया। साथ ही घर के आगे गड़ा हुआ करीब 150 लीटर जावा महुआ विनष्ट किया गया। वहीं इसी गांव संजय चौधरी एवं बुट्टा चौधरी के सामने से क्रमशः करीब 200 लीटर एवं 150 लीटर गड़ा हुआ जावा महुआ को विनष्ट किया गया। जप्त महुआ देशी शराब थाना लाया गया और तीनों को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्रथमिकी दर्ज किया गया।प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर तीनों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इस अभियान में एसआई कुशो कुमार, वर्षा कुमारी, गीतांजलि कुमारी, ध्रुव कुमार, विनोद कुमार पुलिस बल एवं चौकीदार की टीम शामिल रहे।

### 4 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ बाइक जब्त

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने तिवारी बिगहा से 4लीटर 875 एमएल अंग्रेजी शराब बाइक संख्या बीआर 26/8535 के डिक्की से बरामद किया।साथ ही बाइक को जप्त कर थाना लाया।एसआई वर्षा कुमारी के बयान पर बाइक मालिक को आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि सूचना मिली कि बाइक से तिवारी विगहा में शराब की सप्लाई करने के लिए ला रहा है।त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई वर्षा कुमारी के नेतृत्व में टीम गठित कर तिवारी बिगहा में चेकिंग शुरू कर दिया गया। इसी बीच एक बाइक सवार चेकिंग देखकर अपना मोटरसाइकिल वापस पीछे की ओर घूमाने लगा। जिसे सिपाही द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो वह भागने लगा। पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर पकड़ने का प्रयास किया गया किंतु बाइक छोड़कर फरार हो गया। बाइक का टिक्की जब चेक किया गया तो 375 एमएल का 11 एवं 750 एमएल का एक बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पुराने कानून के 40 हजार से अधिक केस लंबित

**औरंगाबाद ( नि.सं.)।** औरंगाबाद में 40 हजार से अधिक केस, पुराने कानून में लम्बित है, जिनकी सुनवाई नये कानून से प्रभावित नहीं होंगे। आज से दर्ज प्राथमिकी और अभियोग में नया कानून लागू हो रही है।

### आपदा से बचाव के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** एक स्वयंसेवी संस्था द्वारा आपदा से बचाव के लिए सोमवार को हसपुरा क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला आपदा प्रबंधन शाखा के सौजन्य से किया गया। नदियों व आहरों आदि में डूबने से हो रही मृत्यु की रोकथाम को लेकर आयोजित नुक्कड़ के तहत कला जत्था के कलाक़ारों ने प्रखंड के महुआड़, अहियापुर व हसपुरा के बस स्टैंड के पास नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। फिरोज अहमद के निर्देशन में आयोजित नाटक के बीच-बीच में गीत संगीत भी प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकार योगेंद्र सिंह, रामजीत सिंह, रवीन्द्र कुमार, स्वेता कुमारी, संजू कुमारी, अनिता कुमारी ने गीत संगीत से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अभिनय से नदी, तालाब, आहर, पोखर, नाला में डूबने से बचाव के उपाय की जानकारी दी। तालिब अहमद, ललन यादव, देवेंद्र कुमार, छोटू कुमार, खुशबू कुमारी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।मधुर गीतों से पानी में मुसीबत में फंसे व्यक्ति को बचाने के लिए बेहतरीन तरीके बताए। कहा कि जब कोई व्यक्ति नदियों, नहरों में डूबते हुए नजर आए तो सावधानी से अपनी भूमिका निभाएं।

तीन नए आपराधिक कानून लागू होने पर विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन, एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कहा :

# पुलिसिंग का हो रहा आधुनिकीकरण, लोगों को होगी सहूलियत



सोन वर्षा वाणी संवाददाता

**औरंगाबाद।** तीन नए आपराधिक कानून के सोमवार से लागू होने को लेकर विभिन्न जगहों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। औरंगाबाद नगर थाना में आयोजित संगोष्ठी में औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम शामिल हुई। उन्होंने यहां मौजूद जनप्रतिनिधियों, आम लोगों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसपी ने कहा कि नए कानून सौ साल पूर्व बने कानून की जगह लेंगे। इसमें कई नई चीजें जोड़ी गई हैं जिससे लोगों को सहूलियत होगी। अनुसंधान को तकनीक से जोड़ा गया है साथ ही पुलिस को आधुनिकीकरण की ओर ले जाया जा रहा है। नए कानून में डिजिटल तौर पर प्राथमिकी दर्ज करने की व्यवस्था है। नोटिस, सम्मन, ट्रायल, रिकॉर्ड, फॉरेंसिक, केस डायरी और बयान आदि को संग्रहित किया जाएगा। तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी होगी। अनुसंधानकर्ता को लैपटॉप और मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक थाना में नए उपकरण के साथ आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है। प्रत्येक थाना में पुलिस कर्मियों के लिए वर्क स्टेशन होगा। डाटा सेंटर बनेगा। अनुसंधान हॉल, रिकॉर्ड रूम और पूछताछ कक्ष का निर्माण होगा।

### व्यक्तिगत और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी

एसपी ने कहा कि बढ़ते हुए साइबर अपराध पर नियंत्रण एवं डिजिटल सबूत का प्रबंध, अनुसंधान एवं साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पटना में विधि विज्ञान प्रयोगशाला के अलावा बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में भी क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला में साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला की एक-एक इकाई स्थापित की जा रही है। तीनों नए आपराधिक कानून व्यक्तिगत और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति घटना घटित होने पर घटनास्थल या उससे कहीं अन्य जगह से भी प्राथमिकी दर्ज कर सकता है। हालांकि उन्हें तीन दिनों के भीतर संबंधित थाना में जाकर भौतिक रूप से हस्ताक्षर करना होगा। पीड़ित एफआईआर की एक निशुल्क प्रति प्राप्त करने के हकदार होंगे। पीड़ित को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति के बारे में सूचित करना अनिवार्य होगा। महिलाओं से संबंधित अपराध होने की स्थिति में 24 घंटे के अंदर पीड़िता की सहमति से उसकी मेडिकल जांच की जाएगी। सात दिनों के अंदर डॉक्टर उसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे। अभियोजन पक्ष की मदद के लिए नागरिकों को खुद का कानूनी प्रतिनिधित्व करने का अधिकार है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 396 और 397 में पीड़ित को मुआवजा और मुफ्त इलाज का अधिकार दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 398 के तहत गवाह संरक्षण योजना का भी प्रावधान है।

### 37 धाराएं किये गए शामिल

उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायतकर्ता केस को वापस लेना चाहता है तो न्यायालय में पीड़ित की बात सुनने का अधिकार दिया गया है। न्यायालय में आवेदन करने पर पीड़ितों को ऑर्डर की निशुल्क कॉपी भी प्राप्त करने का अधिकार मिला है। कानूनी जांच, पूछताछ और मुकदमे की कार्रवाई को इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित करने का प्रावधान है। महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निपटने के लिए तीन नए कानूनों में 37 धाराओं को शामिल किया गया है। 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार करने पर दोषी को आजीवन कारावास या मौत की सजा मिलेगी। झूठे वादे या नकली पहचान के आधार पर यौन शोषण करने पर उसे आपराधिक कृत्य माना जाएगा। डॉक्टर के लिए सात दिनों के अंदर बलात्कार पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट जांच अधिकारी के पास भेजना अनिवार्य है। अपराध और दंड को नए तरीके से परिभाषित किया गया है। स्नैचिंग की घटना को गैर जमानतीय अपराध माना गया है। पूर्व में चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं के लिए अलग से धाराएं नहीं थी। राजद्रोह की जगह देशद्रोह शब्द का इस्तेमाल किया जाएगा। मॉब लिंचिंग करने पर दोषियों को मृत्यु दंड तक की सजा मिलेगी। नए कानून में संगठित अपराध को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। तय समय सीमा के अंदर न्याय दिलाने के लिए भारतीय न्याय संहिता में 45 धाराओं को जोड़ा गया है। किसी भी मामले पर पहली सुनवाई शुरू होने के 60 दिनों के अंदर आरोप तय किए जाएंगे। आरोप तय होने के 90 दिन के बाद घोषित अपराधियों की अनुपस्थिति में भी कार्रवाई अभियोजन की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। पूर्व में गिरफ्तारी के बिना यह प्रक्रिया बाधित होती थी। अभियोजन के लिए मंजूरी, दस्तावेजों की आपूर्ति, कार्यवाही, डिस्चार्ज याचिका को दाखिल करना, आरोप तय करना, निर्णय की घोषणा और दया याचिका को दाखिल करना निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना होगा। आपराधिक कार्यवाही में कोर्ट को दो से अधिक बार स्थगन देने की अनुमति नहीं है। सम्मन जारी करने और उसका तामिला करने तथा न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी गिरफ्तारी, ऐसे अपराध के मामले में जो तीन साल से कम के कारावास या दंडनीय है और ऐसा व्यक्ति जो गंभीर बीमारी से पीड़ित है या 60 साल से अधिक की आयु का है, पूर्व अनुमति के बिना गिरफ्तारी नहीं होगी। संज्ञेय मामलों में दैनिक डायरी रिपोर्ट मजिस्ट्रेट को 15 दिनों के अंतराल पर भेजी जाएगी। नए कानून में निष्पक्षता और समानता पर बल दिया गया है।

- **एसपी ने कहा कि ई एफआईआर की सुविधा उपलब्ध होगी। सभी थाना की ई मेल आईडी बनी है जिस पर पीड़ित आवेदन भेज कर प्राथमिकी दर्ज करा सकेगा। जीरो एफआईआर का प्रावधान हो गया है। नोटिस, सम्मन, ट्रायल, रिकॉर्ड, केस डायरी, बयान डिजिटल रूप में होगा। अनुसंधानकर्ता को एक स्मार्टफोन और एक लैपटॉप मिलेगा जिससे कि वह डायरी ऑनलाइन लिख पाएंगे। पुलिस को न्यायालय से जोड़ा जाएगा जिससे कि डायरी लिखने के साथ ही वह न्यायालय को समर्पित हो जाएगी।**

### सचिव ने दी तीन नये कानूनों की जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम ने सोमवार को प्राधिकार के सभागार में डीएलएसए के सूचीबद्ध पारा विधिक स्वयंसेवको के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने पारा विधिक स्वयंसेवकों की तीन नये कानूनों को लेकर प्रशिक्षण भी दिया। कार्यक्रम में सचिव के ने पारा विधिक स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उनकी भूमिका तथा गांव से लेकर पंचायत तक उनकी पहुंच की विस्तार से चर्चा करते हुए उनसे पूर्ण सहयोग के लिए आह्वान किया। उन्होंने तीन नये आपराधिक कानूनों-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की मूलभूत बातों पर विस्तार से चर्चा की। सचिव ने प्राधिकार द्वारा संचालित कई योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया।

### फोरेंसिक एक्सपर्ट की हुई पदस्थापना

औरंगाबाद की एसपी ने बताया कि प्रत्येक जिले में एक फोरेंसिक एक्सपर्ट को नामित किया गया है। उन्हें एक गाड़ी दी गई है और जरूरी किट उपलब्ध कराया गया है। औरंगाबाद जिले में भी एक फोरेंसिक एक्सपर्ट ने योगदान दे दिया है। वर्तमान में फोरेंसिक एक्सपर्ट नहीं थे जिसके कारण गया और पटना से टीम को बुलाना पड़ता था। अब ऐसा नहीं होगा और तीन घंटे के भीतर फोरेंसिक एक्सपर्ट घटनास्थल पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद सबूत को एकत्रित किया जा सकेगा। औरंगाबाद जिले में छह सौ पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है जो अनुसंधानकर्ता के रूप में काम करेंगे। फिंगर प्रिंट एकत्रित करने, सबूत को एकत्रित करने, तकनीक का इस्तेमाल करने के बारे में जानकारी दी गई है।

**मिशन लाइफ :** अनुग्रह स्कूल के बच्चों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की ली शपथ

## पर्यावरण संरक्षण हेतु बच्चों ने किया पौधारोपण

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने सरकार द्वारा आरंभ की गई समर कैंप के अंतर्गत सात दिवसीय मिशन लाइफ का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सातों दिन अलग अलग थीम पर बच्चे गतिविधियों को संपादित करेंगे एवं जीवन के वास्तविक मूल्यों को अपने अंदर अभिवर्धित करेंगे। मिशन लाइफ के पहले दिन बच्चों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ ली।

शपथ दिलाने के उपरांत हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बच्चों को जंक फूड लेने से बचने को कहा, बेहतर स्वास्थ्य हेतु नियमित खेलने, योग एवं व्यायाम करने, अच्छे दोस्तों से संगत रखने, बिजली एवं पानी का सदुपयोग करने, नशा को बिलकुल ना कहने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु घर घर में वृक्षारोपण के अभियान चलाने के लिए जागरूकता फैलाने आदि की नसीहत दी। बच्चों ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह, इको क्लब के प्रभारी शिक्षक योगेंद्र पाल, कंप्यूटर शिक्षक अर्जुन सिंह एवं एमटीएस अमेंद्र पाल के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में पौधारोपण किए।

## नया कानून लागू होने के पहले दिन परिवाद दायर

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सोमवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में नयी भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक परिवाद दायर किया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि परिवादी अम्बा निवासी रविरंजन सिंह ने अपने अधिवक्ता विरेंद्र कुमार के माध्यम से हरेन्द्र सिंह, रामचन्द्र सिंह, और सुबोध सिंह कनोदा अम्बा के खिलाफ यह परिवाद दायर किया है। इस मामले की सुनवाई आज न्यायालय में होगी। अधिवक्ता ने बताया कि परिवाद में 25 जून की शाम की घटना का उल्लेख किया गया है, जिसमें अभियुक्तों ने बीच सड़क पर रोक कर परिवादी के जेब से रुपये निकाल लिए, सोने की चेन छीन ली, और विरोध करने पर हवाई फायरिंग की। कुछ लोगों के आते देख अभियुक्त बाईक से भाग गए। इस अपराध के लिए अभियोग में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 126, 127, 303, 352 और आर्म्स एक्ट का उल्लेख किया गया है। इन अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 341, 342, 379 और 504 भी शामिल हैं। अधिवक्ता ने आगे कहा कि नए कानून में अभियोग दायर और प्राथमिकी दर्ज करने में 'सुने जाने का अधिकार' को विशेष महत्व दिया गया है, जिसमें बचाव पक्ष का पक्ष

## बंदेया थानाध्यक्ष को शोकोज नोटिस




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सोमवार को किशोर न्याय परिषद, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने बंदेया थाना कांड संख्या-20/17 और जेजेबी केस नम्बर-635/18 की सुनवाई के दौरान बंदेया थानाध्यक्ष को शोकोज नोटिस जारी किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि मामला सात साल पुराना है, लेकिन बार-बार पत्रचार करने के बावजूद अब तक आरोप पत्र किशोर न्याय परिषद में दाखिल नहीं किया गया है। यह किशोर न्याय अधिनियम के उद्देश्यों के खिलाफ है और बोर्ड के आदेश की अवहेलना भी है। इसलिये बंदेया थानाध्यक्ष को दस दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है, अन्यथा बोर्ड उनके वेतन को रोकने का आदेश जारी कर सकता है।

## डॉक्टर्स डे पर भाजपा नेताओं ने किया चिकित्सकों का सम्मान



निज संवाददाता

**देव(औरंगाबाद)।** चिकित्सक दिवस पर देव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष सह विधान परिषद के सभापति प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेता चंदन कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह एवं अन्य के साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. हर्षदेव गुप्ता, डॉ. अविनाश कुमार, आयुष चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार मिश्रा को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। इस मौके पर आलोक कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सक धरती पर भगवान की अवधारणा की प्रतिमूर्ति है। लोगो की जिंदगी बचाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये वें दिन रात मेहनत करते है। चिकिसक का कार्य सच में दुष्कर होता है, जो 24 घंटे अपनी सेवा से समाज को जीवन प्रदान करते है। अच्छा चिकित्सक वही होता है जो लोगो के दिलो पर अपनी कार्यकुशलता से अमिट छाप बनाते है। कहा कि पिछले दिनों वैश्विक महामारी कोरोना काल मे चिकित्सको ने मानवीय संवेदना का अनूठा परिचय दिया था। जब परिजन भय से भाग खड़े हो रहे थे, उस वक्त डॉक्टर्स अपनी जान पर खेल कर देशवासियों के जीवन रक्षा में खुद को समाहित किया था। ऐसे सभी श्रेष्ठ चिकित्सको के जज्बे को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने सभी चिकित्सको को चिकित्सक दिवस पर सम्मानित कर उत्साहवर्द्धन का संकल्प लिया है।

## औरंगाबाद जिले का नाम देव करने के लिए निकलेगा जागरूकता रथ



निज संवाददाता

**देव(औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले का नाम देव करने को लेकर गठित जिला देव संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को एक आवश्यक बैठक श्री किंकर नाट्य कला मंच दुर्गा मंदिर में आयोजित की गयी। बैठक में सदस्यों नें कहा कि भगवान सूर्य का आर्शीवाद हमलोगों क़ो मिलता है। इसलिए उनकी महत्ता क़ो देखते हुए जिले का नाम देव करने की मांग जायज है। कहा कि आदिम काल में इस नगरी क़ो पूरे विश्व में देवारण्य, देवार्क और देवमूंगा के नाम से जाना जाता था। राजतंत्र में इसे देव एस्टेट कहा गया और लोकतंत्र के समय इस सूर्यनगरी क़ो देव विधानसभा की मान्यता मिली थी लेकिन फ़िर देव का नाम धीरे धीरे हटता गया जिससे यहां की जनता में आक्रोश है।कहा कि जिले का नाम देव करने के लिए विभिन्न संगठनों के माध्यम से आवाज़ उठती रही लेकिन नेताओं के वोट बैंक की राजनीति के कारण इस मुद्दे क़ो ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब जिले का नाम सूर्य नगरी देव के नाम पर करने के लिए एक जागरूकता रथ पूरे जिले में निकालने पर विचार किया गया है। जरुरत पड़ने पर संघर्ष का रास्ता भी अख्तियार किया जाएगा। जो जनप्रतिनिधि इस मुद्दे क़ो विधानसभा और लोकसभा तक पहुंचाने का काम करेंगे उन्ही लोगों क़ो अब जनता का आशीर्वाद मिलेगा अन्यथा विपरीत परिणाम मिलेगा। बैठक में इस मुद्दे क़ो सर्वप्रथम देव नगर पंचायत से पारित कर मुख्यमंत्री सचिवालय और पीएमओ तक पहुंचाने का कार्य करने का निर्णय लिया गया।

## एसपी ने आम जनता की समस्याओं को सुना

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सोमवार को औरंगाबाद एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने अपने कार्यालय कक्ष में आम जनता और परिवादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने इन समस्याओं को त्वरित निराकरण हेतु संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। श्री मेश्राम ने इस मौके पर कहा, 'हमें आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनकी सहायता करने का पूरा संकल्प है। जनता की समस्याओं को सुलझाने में हमारा समर्थन सदैव रहेगा।' उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग उनके हर समस्या का निराकरण करने के लिए समर्पित है।

## एकल अभियान के निमित राम कथा एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन



**औरंगाबाद (नि.सं.)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में एकल अभियान कार्यक्रम के निमित आचार्यो का मासिक अभ्यास वर्ग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर औरंगाबाद के अंचल अध्यक्ष अवकाशप्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर जम्होर के सचिव प्रेम कुमार सिंह उर्फ बादशाह बाबू,प्रधानाचार्य परशुराम ओझा,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,संच अध्यक्ष अशोक कुमार शौंडिक,गायत्री शक्तिपीठ जम्होर के संस्थापक ब्रजकिशोर प्रसाद सहित अन्य लोगों ने किया।कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र राम ने किया।कार्यक्रम के प्रथम सत्र के संबोधन के क्रम में प्रेम कुमार सिंह ने कहा कि सनातनी परंपरा को मजबूत करने के लिए हमें संस्कार परक शिक्षा को बढ़ावा देनी चाहिए। प्राचार्य परशुराम ओझा ने कहा कि जीवन में उत्थान के लिए शिक्षा बहुमूल्य घटक है। सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण में एकल विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डॉ रामाधार सिंह ने कहा कि अभ्यास वर्ग के माध्यम से आचार्यों को सीखने सिखाने का मौका मिलता है साथ ही साथ आत्मावलोकन एवं स्वाध्याय के बारे में भी जानकारी मिलती है। गायत्री मंत्र की महिमा को भी बताया।साथ ही साथ पर्यावरण को बढ़ावा देने की भी बात कही।

## जलनिकासी के अभाव में में मुख्य पथ पर जमा है पानी

निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत मुख्यालय के मुख्य पथ पर जलजमाव व अतिक्रमण को लेकर लोग नाराज है।ग्रामीण रामनरेश सिंह, देवरुल पासवान, सोनू चंद्रवंशी, उमाकांत वर्मा, उपेंद्र चंद्रवंशी, मनोहर साव का कहना है कि दशकों बीत जाने के बाद भुरकुंडा गांव के मुख्य सड़क पर जलजमाव व कीचड़ की समस्या का समाधान नही हुआ। खासकर बरसात के दिनों में हल्की बारिश हो जाने के बाद मुख्य सड़क पर लगभग ढाई फुट पानी जमा हो जाता है। गांव के लोगो को बाइक से जाना मुश्किल हो जाता है। इस जलजमाव में बाइक से गिरकर कई महिलाओं व बच्चे दुर्घटना ग्रस्त हो गए है।वही गांव के दूसरी समस्या देवी मंदिर है।जहां आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगो के द्वारा पशु बांधकर व गोबर रखकर मंदिर की चारो तरफ अतिक्रमण किया गया है। मना करने पर भी लोग नाही माने औऱ आज भी मंदिर परिसर अतिक्रमण करियो के चपेट में है।गांव की तीसरी समस्या कृष्णा पासवान के घर से श्यामबहाल पासवान के घर तक इस मुहल्ले में बुनियादी सुविधाएं का अभाव है।चौथी समस्या गांव में नाथुन यादव के घर से बृज बर्मा के घर तक मुहल्ले में जलजमाव व कीचड़ से लोग परेशान है। आक्रोशित लोगों का कहना है कि जब जब चुनाव का समय आता है तो प्रत्यासी गोल मटोल लुभावने बाते कर वोट ले लेते है,चुनाव जीतने के बाद कभी भी गांव की तरफ ध्यान नही देते।जिसके कारण आज तक गांव की समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई हैं।माले नेता देवरुल पासवान ने कहा कि अगर यह प्रदर्शन के बाद जनप्रतिनिधि अधिकारी संज्ञान नही लेंगे तो हमलोग सैकड़ों ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय का घेराव करेंगे।

औरंगाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## दो अवैध हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। करीब एक साल से हथियार तस्करी के धंधे में लिप्त दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रविवार को रफीगंज थानध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर को गुप्त सूचना मिली कि एक लाल-काले रंग की बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति रफीगंज ब्लॉक के पास रेलवे गुमटी नम्बर एक के उत्तर तरफ खड़े हैं जो किसी घटना को अंजाम देने अथवा हथियार की तस्करी करने के फिराक में हैं। थानाध्यक्ष ने फ़ौरन प्राप्त सूचना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु रफीगंज के थानाध्यक्ष सहित रफीगंज थाना के पुलिसकर्मी, एसटीएफ एवं एआरजी टीम औरंगाबाद के साथ टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उपरोक्त स्थल से बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी उपरांत दोनों ने अपना नाम व पता बताया। गिरफ्तारियों में से एक नगर थाना अंतर्गत बैजनाथ बिगहा निवासी अरविन्द कुमार तथा दूसरा रफीगंज थाना अंतर्गत नईकी निवासी राहुल कुमार है। पकडे जाने के बाद दोनों कि विधिवत तलाशी ली गयी जिस दौरान दोनों के कमर में खोसा हुआ लोडेड एक-एक अवैध हथियार बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों द्वारा करीब एक वर्ष से हथियार तस्करी के कारोबार में संलिप्त होने की बात को भी बताया गया। इस संबंध में रफीगंज थाना कांड संख्या-278/24, आर्म्स एक्ट प्रतिवेदित कर अग्रतर कारवाई प्रारंभ किया गया। आगे बताया गया कि पुलिस ने उक्त कार्यवाही के दौरान एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक ज़िंदा कारतूस, बगैर नंबर कीबुलेट मोटरसाईकिल एवं तीन मोबाइल बरामद किये हैं।

ऑक्सीजन ट्रामा एवं मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल
कुम्हरार ब्रिज से उत्तर, बिस्कोमान गोलम्बर -800 007
गांधी सेतु के पास, पटना
मो0 : 7667868801
आयुष्मान कार्ड के द्वारा ईलाज जारी
'ओजोन थेरापी' से बिहार में पहली बार घुटनों के दर्द से राहत पायें। ऑपरेशन से बचाया जा सकता है।
- हड्डी का फ्रैक्चर की प्लेटिंग
- इन्टर लॉकिंग नेलिंग
- घुटना का TKR 1
- कुल्हा का THR
(जिनको काफी दर्द या घुटना और कुल्हा टेढ़ा है)
- Bipolar Prosthesis
- गॉल ब्लॉडर पथरी का ऑपरेशन
- जेनरल सर्जरी, हाइड्रोसिल
- हर्निया, एपेंडिक्स, पाईल्स
- स्त्री रोग का ईलाज
कोई खर्च नहीं
यदि आप के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, तो रू0 2.5 लाख से कम वार्षिक आय का प्रमाण पत्र लेकर आऐं।
C.M. Relief Fund से आपकी निःशुल्क इलाज की जाएगी।